CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 | वर्ष – 35 | अंक –158 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु.





कफ सिरप से मासूमों की मौत भयावह त्रासदी : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल
■ उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने — पृष्ठ 4

■ गाजा में युद्धविराम कराने की दिशा में ट्रंप की पहल प्रशंसनीय : अब्देल
■ फ्रांस में प्रधानमंत्री सेबास्टियन ने मात्र 27 दिनों बाद दिया इस्तीफा — पृष्ठ 9

कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी : हरमनप्रीत कौर — पृष्ठ 10

# 15 नवंबर से होगी धान खरीदी

## 16 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

## प्रति क्विंटल 31 सौ का होगा भुगतान

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नई धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली है। यह नीति जल्द ही राज्य की कैबिनेट बैठक में मंजूरी के लिए पेश की जाएगी। खरीफ सीजन में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने की संभावना है। इस बार प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए पहले कैबिनेट की बैठक में धान उपार्जन नीति को मंजूरी मिलेगी। वहीं एग्रीस्टेक, एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों का पंजीयन भी शुरू हो गया है। पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।



**प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान**

धान बेचने वाले किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान होगा। मामले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नवंबर माह से धान खरीदी होगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करेंगे। प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है। इसके बाद भी धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग नीति बनकर तैयार है। बताया गया है कि नीति के प्रारूप को इसी महीने दीपावली के पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह नीति लागू होगी।

खास बात ये है कि इस बार धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को सरकार कुछ राहत दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग नीति को राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। समिति ने इसे अपने स्तर पर मंजूरी दे दी है, लेकिन दोनों नीतियों को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी अनिवार्य है।

**किसानों को ऑनलाइन टोकन**

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा।

# बिहार में 6 और 11 नवम्बर को मतदान

## 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव, 14 को परिणाम

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों- छह और 11 नवंबर को कराया जाएगा तथा मतगणना 14 नवम्बर को होगी। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 17 अक्टूबर तक कराए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

**आठ लाख से अधिक कर्मियों की व्यवस्था**

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी। इस चुनाव में राज्य के कुल 7.42 करोड़ मतदाता 90712 मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आयोग ने चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए साढे आठ लाख कर्मियों की व्यवस्था की है। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता



सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के लावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**14 लाख फर्स्ट टाइम वोटर करेंगे मतदान**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। उन्होंने बताया कि फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं। राज्य में 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है।

**8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान**

चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का भी घोषणा की है. इन चुनावों के मतदान 11 नवंबर, 2025 को डाले जाएंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें राजस्थान की अंटा, जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नागरोटा, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, मिजोरम की डांपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर भी चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को ही आएंगे।

### चुनाव के ऐलान से पहले दौड़ी पटना मेट्रो

**पटना।** बिहार में चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले पटना मेट्रो का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन कर दिया। नीतीश मेट्रो ट्रेन से डिपो से भूतनाथ स्टेशन तक गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो यार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल एवं सुगम यातायात व्यवस्था को विकसित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कस्टम मिलिंग स्कैम प्रकरण में ईओडब्ल्यू ने किया टुटेजा एवं अनवर ढेबर के विरूद्ध चालान पेश

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्टम मिलिंग स्कैम प्रकरण अपराध क्रमांक-01/2024 में आजआरोपी-अनिल टुटेजा एवं अनवर ढेबर के विरूद्ध भा.द.वि. की धारा 120बी, 384 एवं 409 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018) की धारा 11, 13(1)(क), 13(2) के अंतर्गत विशेष न्यायालय रायपुर में 1,500 पेज का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। दोनों आरोपी केन्द्रीय जेल रायपुर में निरूद्ध हैं।



पूर्व में फरवरी 2025 में रोशन चन्द्राकर एवं मनोज सोनी के खिलाफ ईओडब्ल्यू के द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में प्रथम चालान प्रस्तुत किया गया था।

अनिल टुटेजा द्वारा छ.ग. प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ प्रारंभ से आपराधिक षडयंत्रपूर्वक कस्टम मिलिंग स्कैम में राईस मिलरों से अवैध वसूली की गई है एवं इस अवैध वसूली से असम्यक लाभ कम से कम 20 करोड़ रूपये भी प्राप्त किया गया है। राईस मिलरों से अवैध वसूली करने हेतु मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों पर दबाव बनाकर राईस मिलरों का बिल लंबित रखा जाता था, जिससे कि राईस मिलर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### सोनम वांगचुक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी किया। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन को सोनम वांगचुक की कथित रूप से गैर-कानूनी हिरासत के खिलाफ दाखिल याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### उप्र के रायबरेली में दलित की हत्या से आक्रोश

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित व्यक्ति को चोर समझकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे राज्य में आक्रोश और राजनीतिक बवाल मच गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की पहचान हरिओम के रूप में हुई है और स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

### मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में 222-23 के लिए 'माई भारत - राष्ट्रीय सेवा योजना' पुरस्कार प्रदान किए। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 1993-94 में स्थापित यह पुरस्कार, समाज सेवा, सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले देश के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

### भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस एंड्रोथ

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने सोमवार को अपने बेड़े में आईएनएस एंड्रोथ को औपचारिक रूप से शामिल कर लिया। यह भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है, जिसे एक नेवल डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में कमीशन किया गया है। नौसेना का कहना है कि आईएनएस एंड्रोथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक शानदार प्रतीक है।

### हिमाचल की लाहौल घाटी में शून्य से नीचे पहुंचा पारा

**लाहौल-स्पीति।** हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सीजन की पहली बर्फबारी ने पूरे इलाके को बर्फ की सफेद चादर से ढक दिया है। अचानक आई इस बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोग अपने घरों के भीतर दुबककर बैठने को मजबूर हो गए हैं।

# दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाएगी खांसी की सिरप

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप या सर्दी-जुकाम की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही, यह दवाएं सामान्यत: पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भी अनुशंसित नहीं हैं। यह कदम शिशुओं को संभावित दुष्प्रभावों से बचाने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।



राज्य सरकार ने जारी किया एडवाइजरी

एडवाइजरी जारी होते ही छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जनों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि भारत सरकार की इस गाइडलाइन का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

साथ ही आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इस संबंध में एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सभी जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि खांसी या सर्दी की दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सकीय परामर्श पर आधारित होना चाहिए, तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में बच्चों में खांसी-जुकाम जैसी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सोने-चांदी के दाम एक बार फिर ऊंचे आसमान पर

## सोना 1,23,2 व चांदी 1,53,9 रुपए

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोने-चांदी के दाम आज यानी 6 अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। पहली बार सोना प्रति दस ग्राम 1,23,200 व चांदी प्रति किलो 1,53,900 रुपए को छूते हुए पुराने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। यदि यही हाल रहा तो कोई बड़ी बात नहीं जब दीवाली आते-आते सोना 1,30,000 के स्तर को छू जाए। समर्थन में चांदी की चमक तो बढ़ ही रही है। हालांकि बढ़े दाम पर बाजार में थोड़ी असमंजस देखी जा रही है,लेकिन कारोबारियों का दावा है कि दीवाली की बाजार फीकी नहीं पड़ेगी और लोग करवां चौथ,धनतेरस व लक्ष्मी पूजा पर जमकर खरीदी करेंगे। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी प्रशासन में गतिरोध, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में और कटौती करने के अनुमान और बढ़ते व्यापार एवं भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की तलाश में सोने की खरीदारी बढ़ गई है। इसके अलावा, मुद्रास्फीति के कारण वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने कई निवेशकों को सोने को एक सुरक्षित आश्रय संपत्ति के रूप में निर्भर बना दिया। सोमवार को रायपुर सराफा में बंद भाव क्रमश: 1,23,200(24 कैरेट),1,13,350(22 कैरेट) व 1,03,500(20 कैरेट)रुपए रहे।

# जयपुर के अस्पताल में आग लगने से 8 मरीजों की मौत

**जयपुर**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा आईसीयू में रविवार देर रात आग लगने से 8 मरीजों की मौत हो गई और पांच की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे थे।



अस्पताल के इंचार्ज जगदीश मोदी ने आईएएनएस को बताया कि यह मालूम चला है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। अचानक से लगी आग ने एक से दो मिनट में पूरे आईसीयू वार्ड को चपेट में ले लिया था। इससे दूसरे वार्डों में भी भगदड़ मच गई थी। बाहर निकलकर आए मरीजों को फिर से उन्हें सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि इस घटना में अब तक 6 मरीजों की मौत हो चुकी है, जिसमें 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि आग पर काबू किया जा चुका है, लेकिन आईसीयू वार्ड पूरी तरह जलकर राख है। आग बुझाने में दमकलकर्मियों को मुश्किल का सामना करना पड़ा। आग लगने के बाद अस्पताल स्टाफ ने मरीजों की मदद की और उन्हें जल्दी से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया। पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने कहा कि अभी आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। हालांकि, उन्होंने भी शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका व्यक्त की।

# पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे 1 नवंबर को नए विधानसभा भवन का लोकार्पण

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दो सौ तिहत्तर करोड़ की लागत से 52 एकड़ के विशाल क्षेत्र में निर्मित छत्तीसगढ़ के नये विधानसभा भवन का निर्माण पूरा हो गया है। समझा जा रहा है कि संभवत: 10 तारीख को लोक निर्माण विभाग विधिवत विधानसभा सचिवालय को आधिपत्य सौंपें देगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवंबर को नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। नए विधानसभा भवन का लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद, विधायक, और पंचायत-नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 5 हजार लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने की बात सामने आ रही है।

नए विधानसभा भवन में तीन प्रमुख विंग हैं। इनमें विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन, और सेंट्रल हॉल परिसर हैं। नये विधानसभा में 200 विधायकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 500 दर्शकों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम भी है। विधानसभा परिसर में 700 वाहनों की पार्किंग सुविधा होगी। डेढ़ डेढ़ एकड़ के क्षेत्र में दो सरोवर का निर्माण भी किया गया है। बहरहाल छत्तीसगढ़ की जनता, कर्मचारियों अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को नए विधानसभा भवन लोकार्पण की प्रतीक्षा है।

# तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**गरियाबंद**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की गरियाबंद पुलिस की अपील और शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के डीजीएन डिवीजन के तीन माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों में नागेश उर्फ रामा कवासी, जैनी उर्फ देवे मडकम और मनीला उर्फ सुंदरी कवासी शामिल हैं, जिन पर कुल 3 लाख रुपये का इनाम घोषित था। गरियाबंद पुलिस ने माओवादियों से आत्मसमर्पण की अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी थाना, चौकी या कैंप में समर्पण कर सकते हैं।

# सीबीआई ने समाज कल्याण विभाग पर मारा छापा, अहम दस्तावेज जब्त

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कथित आईएएस-एनजीओ घोटाले की जाँच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने आज रायपुर के माना स्थित समाज कल्याण विभाग के दफ़्तर पर छापा मारा। भोपाल से पहुँची चार सदस्यीय सीबीआई टीम ने विभाग से घोटाले से जुड़े कई अहम दस्तावेज़ जब्त किए और पूछताछ के बाद टीम रवाना हो गई।

**दो घंटे तक चली जाँच, उप संचालक से मुलाकात-** सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीम सुबह समाज कल्याण विभाग के कार्यालय पहुँची और लगभग दो घंटे तक गहन तलाशी और फ़ाइलों की जाँच की। चूंकि विभाग की संचालक (डायरेक्टर) उपस्थित नहीं थीं, इसलिए सीबीआई अधिकारियों ने विभाग के उप संचालक से विस्तृत मुलाकात की और घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। जाँच पूरी होने के बाद, सीबीआई टीम घोटाले से जुड़े कई बंडल दस्तावेज़ जब्त कर अपने साथ ले गई।

**करोड़ों के घोटाले में आईएएस अधिकारियों पर है आरोप-** यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के बड़े आईएएस एनजीओ घोटाले से जुड़ी है, जिसे कथित तौर पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक का बताया जा रहा है। आरोप है कि राज्य के कुछ वर्तमान और सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएसअधिकारियों ने दिव्यांगों के कल्याण ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल का ऐलान

# मैरी ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल व शिमोन सकागुची को पुरस्कार

**स्टॉकहोम**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ष 2025 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार विजेताओं को नाम का ऐलान किया है। इस साल तीन वैज्ञानिकों- मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार शरीर की रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को बेहतर समझने की खोज- पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस के लिए मिला है। इन खोजों ने अनुसंधान की नई राह खोल दी है। इससे कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है। ब्रुनको सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं।



## पर्यटन — घास के मैदानों में बिछी बर्फ की मनमोहक सफेद चादर

# गुलमर्ग में मौसम की पहली बर्फबारी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में सोमवार को मौसम की हुई पहली बर्फबारी ने पर्यटकों की मौज कर दी, जिन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वे इतनी जल्दी बर्फबारी का आनंद उठा पाएंगे।**

*बर्फबारी ने कंगमडोर के मनोरम घास के मैदान को एक मनमोहक सफेद चादर में भी बदल दिया। सुबह-सुबह शुरू हुई हल्की से मध्यम बर्फबारी ने इस क्षेत्र में सर्दियों की आधिकारिक शुरुआत का संकेत दिया। गुलमर्ग के चीड़ के जंगलों, छतों और हरी-भरी ढलानों पर बर्फ की चादर बिछी हुई थी, जिससे एक मनमोहक परिदृश्य बना जिसने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बाहर आने के लिए आकर्षित किया। घाटी के शीतकालीन वंडरलैंड में तब्दील होते ही पर्यटक तस्वीरें खींचते, बर्फ के आदमी बनाते और गर्म चाय और नाश्ते का आनंद लेते देखे गए।*

*लोकप्रिय कोलाहोई पैनोरमा कैफे और रेस्टोरेंट, जो आनलाइन साझा की गई तस्वीरों में प्रमुखता से दिखाई दे रहा है, बर्फ से ढके दृश्यों में भीगते हुए गर्मी और ताज़गी की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा जगह बन गया। कैफे के ऊंचे स्थान से आगंतुकों को बर्फ से ढके राजसी पहाड़ों का मनोरम दृश्य देखने को मिला। देश-विदेश से आए पर्यटकों ने गुलमर्ग में पहली बर्फबारी देखकर खुशी जताई। एक उत्साहित पर्यटक ने कहा कि पहली बार बर्फ देखना किसी सपने के सच होने जैसा है। गुलमर्ग जादुई लग रहा है। स्थानीय गाइड, होटल व्यवसायी और टट्टू मालिकों ने भी बर्फबारी का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सर्दियों के जल्दी आने से ज्यादा पर्यटक आएंगे और स्की सीजन से पहले स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। एशिया की सबसे ऊंची केबल कार में से एक, गुलमर्ग गोंडोला, जो कंगमडोर और अफरावत चोटियों को जोड़ती है, मुख्य आकर्षण रही, जहां से बर्फ से ढकी घाटी के मनमोहक हवाई दृश्य दिखाई देते हैं। गुरेज घाटी का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले राजदान दर्रे में सोमवार को फिर से बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में अचानक गिरावट आई।*

# टाटा मैजिक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## वाहन सहित 2.80 लाख का माल बरामद



**मुंगेली**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में थाना सरगांव पुलिस को टाटा मैजिक चोरी के मामले में सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के वाहन सहित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। थाना सरगांव पुलिस के अनुसार प्रार्थी नंदू साहू पिता सगुन साहू उम्र 32 वर्ष निवासी सांवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 04 अक्टूबर को वह रोज की तरह गैस डिलीवरी कर टाटा मैजिक गोल्ड वाहन (क्रमांक CG-12-BD-8335) को गोदाम के भीतर खड़ा कर घर चला गया था। रात लगभग 12.30 बजे जब वह पास के नाले से लौट रहा था, तो देखा कि गोदाम का मेन गेट खुला हुआ था और वाहन गायब था। मामले में थाना सरगांव में 5 धारा 305(ए), 332 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी नवनीत पाटिल के मार्गदर्शन में सरगांव पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बैतलपुर अंडर ब्रिज के पास एक व्यक्ति टाटा मैजिक वाहन और मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संजय पटेल पिता स्व. ईतवारी (उम्र 43 वर्ष), निवासी बिरकोना थाना कोनी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने टाटा मैजिक (CG-12-BD-8335) को सरगांव से और होंडा साइन मोटरसाइकिल (CG-07-AE-3321) को भिलाई से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दोनों वाहन—टाटा मैजिक कीमती 2.50 लाख रुपये और होंडा साइन मोटरसाइकिल कीमती 30,000 रुपये — कुल 2.80 लाख रुपये का माल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सरगांव उपनिरीक्षक संतोष शर्मा, प्रधान आरक्षक अशोक कौशिक, नरेश यादव, आरक्षक भेषज पाण्डेकर एवं सुरज धुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दुर्गोत्सव में गीत संगीत की प्रस्तुति को नागरिकों ने सराहा

**करगी रोड कोटा** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के उभरते हुए प्रतिभावान गायकों ने आदिशक्ति दुर्गोत्सव समिति के बैनर तले प्रस्तुति देकर शमा बांध दिया। आम दर्शकों ने संगीत का भरपूर आनंद लेते हुए हमारे कोटा नगर के उभरते हुए गायको का भरपूर उत्साहवर्धन किया।

छत्तीसगढ़ी जसजीत में कोटा के ही रोहित ठाकुर, राजा साहू, उत्तम सरकार ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूहों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया वही बॉलीवुड म्यूजिकल हिंदी गानों में बी-जॉन, मोहम्मद जावेद खान के गीतों से उपस्थित जनसमूह अपने आपको थिरकने से रोक नहीं पाए। इस बीच गेस्ट सिंगर के रूप में गुड़ी पांडेय, जग्गा पांडेय, राकेश त्रिवेदी (अन्ना), रज्जब खान ने भी अपनी प्रस्तुति देकर शमा बांधा। छत्तीसगढ़ी देशभक्ति हिंदी बॉलीवुड सॉन्ग के तड़के ने पूरा माहौल संगीतमय कर दिया। कलाकारों ने जनता से अपील की हर वर्ष कोटा नगर के अधिकांश दुर्गाउत्सव समिति द्वारा लाखों रुपए खर्च करके बाहर के कलाकारों को आमजनो के मनोरंजन के लिए बुलाया जाता है। आप बिल्कुल बुलाइए आप स्वतन्त्र है पर साथ में कोटा नगर सहित कोटा से लगे आसपास के उभरते हुए प्रतिभावान युवा गायकों को भी मंच प्रदान करे बिल्कुल कम बजट मे कुछ नहीं तो खाली आप अच्छे से अच्छा साउंड सिस्टम की व्यवस्था बना दे पब्लिक की रिस्पॉन्स उनकी तालियों की गड़गड़ाहट उतना ही काफी है इन कलाकारों के लिए।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने कलेक्टर के निर्देश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने और जन समस्याओं एवं जन शिकायतों के शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा की राज्यपाल श्री रमेन डेका 7 अक्टूबर मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों की पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने कहा। कलेक्टर ने बताया कि 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णु साय का दौरा कार्यक्रम भी जिले में प्रस्तावित है। साथ ही 12 अक्टूबर को कलेक्टर कॉन्फ्रेंस भी होना है। इन सभी कार्यक्रमों के लिए जिला अधिकारियों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास जनदर्शन, मुख्यमंत्री जन शिकायत, पीएमओ पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सभी प्रकरणों का निराकरण दो दिन के भीतर कर ले तथा निराकृत प्रकरणों को पोर्टल से विलोपित कराएं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान लोकार्पण, भूमि पूजन और हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्री एवं चेक वितरण की जानकारी जिला पंचायत सीईओ को तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने पीएम जनमन योजना, आकांक्षी ब्लॉक और आदि कर्म योगी अभियान के तहत सभी विभागों की योजनाओं से हितग्राहियों को संतृप्त करने कहा।

कलेक्टर ने ग्राम जोहार अभियान के तहत पीपर खूंटी पंचायत के बानघाट और कटरा पंचायत के ढपनी पानी में आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा की गई विभिन्न मांगो एवं शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की तथा सड़क संपर्क, विद्युतीकरण, पाइप लाइन विस्तार, हैंडपंप सुधार, ट्रांसफॉर्मर, बकाया, मजदूरी भुगतान आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि खरीफ वर्ष 202-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन से पूर्व एग्रीटेक पोर्टल में डिजिटल क्राफ्ट सर्वे एवं भुइयां सॉफ्टवेयर में किए गए धान फसल का रकबा सत्यपन के लिए जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे मोबाइल एप इंस्टॉल करके मौके पर जाकर रकबा सत्यापन करें और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं।

उन्होंने कहा कि सत्यापन में किसी तरह की तकनीकी समस्या होने पर उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं बंद हो गई है और खाता निष्क्रिय है तथा उसमें राशि शेष है, उन खातों को क्रियाशील कराकर उसमें जमा राशि को शासकीय कोष में समर्पण कराएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहीरे साहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## चंद्रगढ़ी में मिला 3 वर्षीय सिद्धेश पटेल का शव, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया



**मुंगेली** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। बगनी भंवर पेंडाराकापा में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे का अंत बेहद दुखद रहा। नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव में बहे 3 वर्षीय सिद्धेश पटेल, निवासी तिलक वार्ड मुंगेली, का शव आज सुबह चंद्रगढ़ी क्षेत्र (लगभग 12-15 किलोमीटर दूर) में बरामद किया गया। गोताखोरों की टीम कल से लगातार सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई थी। तेज बारिश और गहराई के कारण खोज कार्य में कठिनाई आई, लेकिन टीम ने अथक प्रयास जारी रखा। आज सुबह सिद्धेश का शव नदी किनारे मिला, जिसकी पहचान परिजनों ने की।प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुँची, शव को बरामद कर जिला अस्पताल मुंगेली भेजा गया, जहाँ पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाना प्रतिबंधित

**मुंगेली,** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सड़क पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि कैच व्हील का उपयोग केवल खेतों में किया जाना चाहिए। सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने से सड़कें खराब होती हैं और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। कैच व्हील ट्रैक्टरों का उपयोग खेत जोतने या निर्माण कार्यों में किया जाता है, लेकिन इनका सड़कों पर संचालन अत्यंत खतरनाक साबित हो रहा है।उन्होंने कहा कि बिना उचित ब्रेक और सुरक्षा उपकरणों के ये ट्रैक्टर सड़क पर नियंत्रण खो सकते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो सकते हैं। सड़क पर इनके चलने से न केवल अन्य वाहनों को परेशानी होती है, बल्कि पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहता है। साथ ही, कैच व्हील के कारण सड़क की सतह को नुकसान पहुँचता है, जिससे सड़कें जल्दी खराब हो जाती हैं।

## ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश तिथि 15 तक बढ़ी

**करगीरोड कोटा** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्र शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में प्रवेश की तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है यह उन छात्रों के लिए मौका है जो प्रवेश से वंचित रह गए हैं या जिनका प्रवेश नहीं हो पाया है अध्ययन केंद्र सहायक श्रीमती शीला पाठक ने बताया कि हमारे यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्र कोटा में सभी विषयों पर प्रवेश की तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है जिसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीलीव, एम ए हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, छत्तीसगढ़ी भाषा एवं शिक्षा एमएससी गणित सहित डिप्लोमा कोर्स पीजीडीसीए, डीसीए, योग साइंस, रामचरितमानस पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन में प्रवेश ले सकते हैं।

## शासकीय जमीन से कब्जा हटाने ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय जमींन पर अवैध कब्जा कर दुकान चलाने वाले संचालक से दुकान खाली कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम और थाना प्रभारी को आवेदन दिया है। एसडीएम को सौंपे आवेदन में सरपंच कुंज बिहारी ध्रुव सहित शोभित राम, गोवर्धन, रूपक, छवि राम, परमेश्वर, मुकेश, अंकुर, दुर्गेश, हीरा सिंह, सुनील, विनोद, उत्तम, जितेंद्र, संतोष, अमर नाथ, गोवर्धन, कपिल, धनीराम, परदेश, दशरथ, राजेंद्र, धर्मेंद्र, लालमणी, रामफल सहित अन्य ने शिकायत किया है कि बेलपान में अमने का निवासी दद्दु कौशिक बेजा कब्जा कर अवैध रूप से घर बनाया है और दुकान संचालित कर रहा है तथा गांव में अशांति फैला रहा है गांव के महिला के साथ छेड़छाड़ भी करता है हाल ही में एक महिला के पति ने आत्महत्या कर सोसाईट नोट में दद्दू कौशिक का नाम लिखा है इस घटना के बाद से ग्रामीण आक्रोशित है इसलिए तत्काल अवैध कब्जा में बने मकान एवं दुकान को खाली कराया जाए।

## अवैध शराब जब्त

**तखतपुर** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 34,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोढ़ निवासी दिनेश धुरी अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है सूचना पर पुलिस छापा मारकर आरोपी के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज का प्रदेश बैठक कुरूद में हुआ सम्पन्न

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय बैठक 5 अक्टुबर दिन रविवार को प्रात: 11 बजे काली मंदिर कुरूद में आयोजित किया गया जिसमे छ.ग. प्रदेश समस्त प्रदेश पदाधिकारी व समस्त जिला के जिलापदाधिकारी एवं समस्त जिला के सर्किल पदाधिकारी तथा पाली पदाधिकारियों को सादर आमंत्रित किया गया।



प्रदेश स्तरीय बैठक का आरंभ भगवान श्री कृष्ण चन्द्र की पुजा अर्चना कर किया गया। विभिन्न जिला से आये समस्त पदाधिकारियों एवं सभी समाज प्रमुखों का फुलमाला व तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। ततपश्चात प्रदेश संगठन के बैठक में विभिन्न विषयों पाठन कर विचार विमर्श कर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कराने पर सहमति बना साथ ही साथ प्रदेश कार्यक्रम कराने समस्त जिला के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के केन्द्र रायपुर में कार्यक्रम कराने को तन,मन,धन से सहभागिता प्रदान करने को संकल्पित हुए तथा बहुंत जल्द आगामी बैठक में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का दिन-तिथि व कार्यक्रम के रुप-रेखा तय करके,अपने-अपने जिला में कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजन समिति का गठन किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कस्टम मिलिंग स्कैम प्रकरण में ...**

दबाव में आकर 20 रू. प्रति चिंटल की दर से अवैध धनराशि देते थे। अनवर ढेबर वर्ष 2022-23 में राजनीतिक रूप से प्रभावशील व्यक्ति थे। आयकर विभाग के छापे के दौरान प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों से इस बात के प्रमाण मिले हैं कि वह न केवल शराब घोटाले बल्कि तत्कालीन शासन के अन्य महत्वपूर्ण विभागों जैसे-पीडब्ल्यूडी, वन विभाग पर भी गहरा एवं प्रत्यक्ष प्रभाव डालते थे। अनवर ढेबर के द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में अनिल टुटेजा के लिये राईस मिलरों से की गई अवैध वसूली का संग्रहण, व्यय, निवेश एवं उपभोग किया गया है। प्रकरण में रामगोपाल अग्रवाल एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध विवेचना जारी है।

**दो वर्ष से कम उम्र के ...**

सामान्य बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं और इसके लिए दवा देना आवश्यक नहीं होता। राज्यभर में औषध निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित निरीक्षण करने के लिए औषधि निरीक्षकों के दल गठित किए गए हैं। प्रदेश के सभी सहायक औषधि नियंत्रकों और औषधि निरीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे सभी औषधि विक्रय संस्थानों का तत्काल निरीक्षण करें, ताकि एडवाइजरी के उल्लंघन की कोई संभावना न रहे। इसके साथ ही निजी फार्मेसियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इन कार्यवाहियों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों के संदर्भ में किसी भी प्रकार की दवाओं का अनुचित या असावधानीपूर्वक उपयोग पूर्णत: बंद हो। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे बिना चिकित्सकीय परामर्श के अपने बच्चों को कोई भी दवा न दें।

**सीबीआई ने समाज कल्याण विभाग पर...**

के लिए बनाए गए एनजीओ राज्य स्त्रोत निशक्तजन संस्थान जैसे फर्जी बनाकर सरकारी फंड का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया।

दूसरी बार हुई विभाग में दबिश- सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि समाज कल्याण विभाग के दफ्तर में सीबीआई की टीम पिछले दिनों भी पहुँची थी, जो इस बात का संकेत है कि इस घोटाले की जाँच अब अंतिम चरण में है और एजेंसी सबूत जुटाने में पूरी सक्रियता दिखा रही है। इस पूरे घटनाक्रम पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मीडिया को कोई भी जानकारी देने से बच रहे हैं।

# तखतपुर भाजपा पार्षद पुत्र पास्को एक्ट के तहत भेजे गए जेल

## नाबालिक लडकी को जबरदस्ती भगाकर ले जाने एवं शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने का मामला।

**तखतपुर** 06 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर बेलसरी के एक प्रार्थी 4 अक्टूबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक लड़की को कोई व्यक्ति बहला फुसला कर भगा कर ले गया है।




पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इसांन पर से अपराध कायम कर मामले को विवेचना मे लिया गया। प्रकरण महिला संबंधी गंभीर अपराध होने के कारण मामले की जानकारी वरिष्ट अधिकारियों को दिया गया। जिस पर मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए वरिष्ठक पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के द्वारा आरोपियो को जल्द से जल्द विशेष अभियान प्रहार के तहत तत्काल गिरफ्तारी एवं कार्यवाही का निर्देश दिया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी तखतपुर विवेक पाण्डेय की टीम द्वारा सायबर सेल बिलासपुर से प्राप्त लोकेशन के आधार पर घटना के फरार आरोपी आलोक अहुजा पिता सुनील अहुजा के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। जहां जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को नाबालिक होना जानते हुए भी पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया एवं पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस उक्त मामले में आरोपी आलोक आहूजा उम्र 21 वर्ष को धारा 137(2) 87,64(2)BNS 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आज दिनांक 06.102025 को तखतपुर पुलिस द्वारा ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा दिया गया है।

HDB FINANCIAL SERVICES

पंजीकृत कार्यालय : राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात-380009
आंचलिक कार्यालय : प्रथम तल, विल्सन हाउस, ओल्ड नागरदास रोड, निकट अम्बोली सबवे, अंधेरी (ई), मुंबई-400069 और महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ में इसकी विभिन्न शाखाएं

**सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप निम्नलिखित कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा गारंटरों ने अपनी अचल सम्पत्तियां (प्रतिभूतियां) बंधक रखकर एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड शाखा से ऋण/वित्तीय सुविधा (एं) प्राप्त की हैं। आपने अपने वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया है तथा उनके प्रतिभुगतान में चूक की है। आपकी चूकों के फलस्वरूप आपका ऋण, उसको चुकाने के लिए प्रतिभूतियों के संबंध मे सृजित प्रतिभूति हित सहित, अनार्जक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। एचडीबीएफएस को अपनी बकाया राशि वसूल करने का अधिकार है, अतः अब वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी की है, जिसकी विषयवस्तु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार आपको सूचना देने के वैकल्पिक उपाय के रूप में प्रकाशित की जा रही है। कर्जदारों, सह-कर्जदारों, गारंटरों, ऋणों, प्रतिभूतियों, बकाया राशियों, धारा 13(2) के तहत मांग सूचना, सूचना में दावा की गई राशि का विवरण यहां नीचे दिया गया है :

1. कर्जदार एवं सह-कर्जदार : 1. उस्मान भाई बरतन दुकान उस्मान भाई बरतन दुकान मंडी चौक के पास तखतपुर तखतपुर पिन 495330, जिला बिलासपुर, बिलासपुर-495001 छत्तीसगढ़ अन्य पता : पार्ट सर्वे नंबर 160/1, सर्वे नंबर 160/3 मौजा-तखतपुरा पटवारी तवारी सर्कल 28, बिलासपुर 495001, 2. साहिद अबरानी उस्मान भाई बरतन दुकान ब्लॉक रोड तखतपुर वार्ड नंबर 01 तखतपुर पिन 495330, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ -495330, 3. शाइस्ता अबानी 152 ब्लॉक रोड तखतपुर मंड चौक के पास तखतपुर तखतपुर पिन 495330, जिला बिलासपुर, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495330, (2) ऋण खाता संख्या : 6487343, 16838930 विशिष्ट आईडी संख्या 64613369 द्वारा लिंक ; (3) ऋण राशि आईएनआर में : रु. ऋण खाता संख्या 6487343 द्वारा रु. 25,00,000/- (रूपये पच्चीस लाख मात्र) और ऋण खाता संख्या 16838930 द्वारा रु. 4,54,000/- (रूपये चार लाख चौवन हजार मात्र) ; (4) प्रतिभूतियों की अनुसूची । - सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सर्वेक्षण संख्या 160/1, म्यूटेशन के बाद सर्वेक्षण संख्या 160/3, क्षेत्रफज परिमाप 4796 वर्ग फीट, जिसमें एक मकान निर्मित है, जो मौजा-तखतपुर, पटवारी सर्कल नंबर 28, नगर पंचायत तखतपुर, आरआई सर्कल ब्लॉक और तहसील - तखतपुर, जिला, बिलासपुर (सीजी) की सीमा के भीतर स्थित है। चौहद्दी : उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- ज्ञान सिंह की भूमि, पूर्व- ज्ञान सिंह की भूमि, पश्चिम- इकबाल राइस मिल, 5) मांग सूचना तिथि : 27-09-2025 ; (6) बकाया राशि आईएनआर में : रू. 7,59,953.76 (रुपये सात लाख उनसठ हजार नौ सौ तिरपन और पैसे छिहत्तर मात्र) 09-09-2025 तक + वास्तविक प्राप्ति तक भावी संविदात्मक ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत और प्रभारों इत्यादि सहित।

1. कर्जदार तथा सह-कर्जदारों/गारंटरों से उपरोक्त पूरी मांग राशि उपरिवर्णित अनुसार ब्याज के साथ इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी, एचडीबीएफएस का प्राधिकृत अधिकारी, अधिनियम के तहत उपरिवर्णित प्रतिभूतियों के प्रवर्तन हेतु कार्यवाही करने को बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार
2. बंधकदाता एचडीबीएफएस की सहमति के बिना उपर्युक्त प्रत्याभूत आस्तियां बिक्री, पट्टा, अनुमति एवं लाइसेन्स अथवा अन्य प्रकार हस्तांतरित नहीं कर सकते हैं।
3. किसी पूछताछ अथवा पूर्ण एवं अंतिम निपटान के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री गुरविंदर सिंह तिमाना, सम्पर्क हेतु नंबर : 8805986282 (एरिया कलेक्शन मैनेजर) अथवा सययद हामिद अली मोबाइल नंबर 9770990614 एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड।

स्थान : बिलासपुर, तिथि : 07-10-2025

हस्ता./- वास्ते एचडीबीएफएस
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

## कार्यालय सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला- गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

**// निविदा सूचना //**

जिला चिकित्सालय गौरेला पेण्ड्रा मरवाही की ओर से अधिकृत निविदाकारों से वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु रजिस्टर्ड पोस्ट के द्वारा मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 500.00 की नगद राशि, सचिव, जीवन दीप समिति, जिला चिकित्सालय, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के नाम से भुगतान कर दिनांक 16.10.2025 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त किये जा सकते हैं।

| जिला चिकित्सालय गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु निविदा | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की तिथि | दिनांक 06.10.2025 से 16.10.2025 तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 27.10.2025 को दोपहर 03.00बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.10.2025 को सायं 04.00 बजे |

जी- 252603964/1

सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

# निधन

## ज्ञान देवांगन



**तखतपुर।** देवांगन पारा निवासी ज्ञान देवांगन उम्र 76 वर्ष 5 अक्टूबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम पवन कुमार अग्रवाल (PAWAN KUMAR AGRAWAL) पिता जगदीश प्रसाद अग्रवाल अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम पवन अग्रवाल (PAWAN AGRAWAL) पिता जगदीश प्रसाद अग्रवाल, पता- एच-2/52 नर्मदा नगर सामुदायिक भवन के पास बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम पवन अग्रवाल (PAWAN AGRAWAL) पिता जगदीश प्रसाद अग्रवाल से जाना व पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**
**पवन अग्रवाल**
(PAWAN AGRAWAL)
एच-2/52 नर्मदा नगर सामुदायिक भवन के पास बिलासपुर (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्र.14,15,16,17/ व.ले.लि./2025-26 दिनांक 03.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 24.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

01. **कार्य का नाम -** बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत लखराम एनीकट डाउन स्ट्रीम फ्लोर मरम्मत कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176898, अनुमानित लागत - रू 185.71 लाख, (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

02. **कार्य का नाम -** बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत बहतराई जलाशय का उन्नयन एवं नहर लाईनिंग कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176912, अनुमानित लागत - रू. 304.75 लाख (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

03 **कार्य का नाम -** बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत पेण्डारी जलाशय का उन्नयन एवं नहर लाईनिंग कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176917, अनुमानित लागत- रू.265.31 लाख (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

04. **कार्य का नाम -** अरपा नदी पर पचरीघाट बैराज के बांयी तट के निचले भाग के आर.डी. 300 मी. से 1050 मी. तक प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176918, अनुमानित लागत- रू. 650.16 लाख (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.10.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। 2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये **Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025)** का उपयोग अनिवार्य है।

जी- 252603944/3

**कार्यपालन अभियंता**
**खारंग जल संसाधन संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां)संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक - 1429/NIT/09/2025-2026/ व ले लि — दिनांक : 03/10/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 22-10-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 30-10-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 31-10-2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि:- 31-03-2026 वर्षाऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत - 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी - ई पंजीयन के अन्तर्गत श्रेणी ''द'' से 'अ' तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 9 T0080 | उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत रेस्ट हाउस में सबमर्सिबल पंप, एसी, गीजर, कूलर, पंखा, एग्जास्ट फैन तथा अन्य विद्युतीकरण कार्य | 3.00 | 3000.00 |
| 9 T0081 | जिला कोरबा के आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत एवं संधारण का कार्य | 3.00 | 3000.00 |
| 9 T0082 | उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत अस्पताल भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 3.00 | 3000.00 |
| 9 T0083 | जिला सक्ती के डभरा ब्लॉक में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण कार्य | 3.06 | 3060.00 |
| 9 T0084 | उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकण मरम्मत कार्य | 3.00 | 3000.00 |
| 9 T0085 | उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत गैर आवासीय भवनों जैसे सिविल कोर्ट इत्यादि का विद्युतीकरण कार्य | 3.00 | 3000.00 |
| 9 T0086 | जिला कोरबा अंतर्गत ई व्ही पी जी कॉलेज में 3 नग अतिरिक्त कक्ष का विद्युतीकरण कार्य | 5.09 | 3818.00 |
| 9 T0087 | जिला कोरबा अंतर्गत के ब्लॉक पाली में हाई स्कूल भवन मुड़ापार का विद्युतीकरण कार्य | 5.48 | 4110.00 |
| 9 T0088 | जिला रायगढ़ के अस्पताल भवन में विद्युतीकरण कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 9 T0089 | जिला रायगढ़ के अस्पताल भवन के सबस्टेशन में विद्युतीकरण कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 9 T0090 | जिला रायगढ़ के अस्पताल भवन में (एच.व्ही.ए. सी./ व्ही.आर.व्ही) सिस्टम का मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 9 T0091 | जिला रायगढ़ के सेक्शन 2 अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में मेन क्यूबिकल पैनल बोर्ड, कन्ट्रोल स्वीच गीयर एवं अन्य विद्युतीकरण कार्य | 10.00 | 7500.00 |

**नोट -**
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाए गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा-2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी.आर.) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ-पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के साथ निम्न दस्तावेजों की स्व सत्यापित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
   a) वैध ई पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति
   b) वैध बैंक साल्वेंसी
   c) विगत 03 वर्ष का आयकर रिटर्न
   d) आयकर पेन नम्बर (PAN No.) की छायाप्रति
   e) जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं 3B रिटर्न की छायाप्रति
   f) वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस
   g) कर्मचारी भविष्य निधि पंजीयन की छायाप्रति एवं पिछले 3 माह की चालान की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**निविदा संबंधी शर्तें-** विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/ pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी- 252603962/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि/ यां.)**
**संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**

# देश

उवाच

"मेरे छिंदवाड़ा परिवार के 11 मासूम बच्चों की मौत दुखद और हृदयविदारक है। पीड़ित परिवारों के साथ मैं स्वयं और पूरा कांग्रेस परिवार खड़ा है। परासिया क्षेत्र के प्रत्येक मासूम बच्चों की हत्या के जिम्मेदारों से हिसाब लिया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

-कमलनाथ, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23 | 2 |
| मुंबई | 3 | 24 |
| कोलकाता | 29 | 26 |
| चेन्नई | 27 | 26 |

# कफ सिरप से मासूमों की मौत भयावह त्रासदी : कांग्रेस

## छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

**छिंदवाड़ा,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को छिंदवाड़ा में विषाक्त कफ सिरप से प्रभावित हुए बच्चों के परिजन से मुलाकात की। पटवारी छिंदवाड़ा जिले के परासिया पहुंचे और प्रभावित परिजन से मिल कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जहरीली कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत एक हृदयविदारक और भयावह त्रासदी है। सोमवार को परासिया (छिंदवाड़ा) पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना प्रकट की। कांग्रेस पार्टी इस गहरे दुख की घड़ी में प्रत्येक शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक छिंदवाड़ा के नन्हे बच्चों को न्याय नहीं मिल जाता, जिनकी मासूम जिंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साज़िश का शिकार हो गईं।



मासूम जिंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साजिश का शिकार हो गईं : जीतू पटवारी

**स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मांग की है कि वे स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को बर्खास्त करें, तभी उनका प्रभावित परिवारों से मिलना सार्थक होगा। छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे पटवारी ने आरोप लगाया कि कफ सिरप पीकर इतने बच्चों की मौत होना बताता है कि सरकार पूरी तरह सो रही है। यह मामला सामने आने पर स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का जो बयान आया, उसमें कहा गया कि जिस तत्व से बच्चों की मौत हुई, वो तत्व इस दवा में है ही नहीं। छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत नहीं हुई, ये सरकारी हत्या हुई है।

पटवारी ने कहा कि अब जब मुख्यमंत्री डॉ.यादव परासिया आ रहे हैं, तो वे यहां की धरती पर उतरने से पहले स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें, तभी उनके आने का महत्व है। इस समूचे प्रकरण में परासिया के डॉक्टर प्रवीण सोनी के निलंबन के मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी डॉक्टर को नहीं पता होता कि दवा में क्या है। वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल ही में एक कफ सिरप से 12 बच्चों की मौतों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग के संदर्भ में, खासकर बच्चों के मामले में, नए दिशानिर्देश जारी करेगा। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि माता-पिता, फार्मासिस्टों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए यह दिशा निर्देश जल्द ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किए जाने की उम्मीद है। यह निर्णय केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कल एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद लिया गया।

इस बैठक में केंद्र और राज्य औषधि नियामक प्राधिकरणों, स्वास्थ्य विभागों और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) जैसे प्रमुख संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने हाल ही में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कफ सिरप के इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि इस समूह की अधिकांश खांसी की बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं और इनके लिए दवाओं की आवश्यकता नहीं होती है। इसी क्रम में मंत्रालय ने छह राज्यों की 19 दवा निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित निरीक्षण (आरबीआई) शुरू किया है। इन निरीक्षणों का उद्देश्य दवाओं के बनाने की प्रक्रिया में प्रणालीगत खामियों की पहचान करना और मौजूदा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को मज़बूत बनाना है।

बैठक में संशोधित अनुसूची एम-दवा निर्माताओं के लिए अद्यतन अच्छी विनिर्माण पद्धतियाँ (जीएमपी), (जीएमपी) मानदंडों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता दोहराई गई। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय की गई है जब जांच रिपोर्टों में पुष्टि हुयी कि तमिलनाडु में निर्मित कफ सिरप कोल्ड्रिफ में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) की मात्रा मानक सीमा से अधिक है।

## बच्चों का बनाया जा रहा कब्रिस्तान : उमंग सिंघार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पर कड़ी आलोचना की है। सिंघार ने कहा कि तमिलनाडु में हुई घटनाओं के बाद अब सरकार की नींद खुली है, लेकिन बच्चों के लिए उचित कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों का कब्रिस्तान बनाया जा रहा है और सरकार को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का पोस्टमार्टम तक नहीं कराया गया और अब शवों को निकाला जा रहा है। इस पूरी घटना को उन्होंने सरकार की असंवेदनशीलता बताया। सिंघार ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के अलावा कंपनी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि रीवा में सबसे ज्यादा कफ सिरप बिकता है और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को इस पर क्या प्रेम है, इसका जवाब देने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि उनके विधायक सोहन वाल्मीकि ने इस मामले को लेकर कई पत्र लिखे और धरना भी दिया, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। कांग्रेस पार्टी इस मामले में पूरी तरह सक्रिय है।

# नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे मोदी

## मुंबई का होगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा



**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अक्टूबर को स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। यह मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) और सीआईडीसीओ (महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड) के बीच एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजना है। इसमें मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की 74 प्रतिशत और सीआईडीसीओ की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नवी मुंबई हवाई अड्डा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। इस हवाई अड्डे को हाल ही में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से परिचालन शुरू करने के लिए हवाई अड्डा लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह हवाई अड्डा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सुविधाओं से लैस है। इसमें लार्ज कमर्शियल एयरक्राफ्ट को हैंडल करने के लिए 3,700 मीटर लंबा रनवे, मॉडर्न पैसेंजर टर्मिनल और एडवांस्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं। एक बार चालू होने के बाद, इसके शुरुआती चरण में प्रति वर्ष 2 करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) को संभालने और मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिमी भारत की बढ़ती हवाई यातायात मांगों को पूरा करने के साथ-साथ भारत की ग्लोबल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की उम्मीद है। यह हवाई अड्डा जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) बंदरगाह से 14 किमी, महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमआईडीसी), तलोजा इंडस्ट्रियल एरिया से 22 किमी, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के माध्यम से) से 35 किमी, ठाणे से 32 किमी और पावरलूम शहर भिवंडी से 40 किमी दूर होगा। इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाइनों ने हवाई अड्डे से परिचालन शुरू करने की योजना की घोषणा की है, जिसमें शुरुआती उड़ानें विभिन्न घरेलू शहरों को जोड़ेंगी। इस हवाई अड्डे में 5 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता के साथ एक फुली ऑटो कार्गो टर्मिनल, सेमी-ऑटो मटीरियल हैंडलिंग सिस्टम (एमएचएस), 100 प्रतिशत शिपमेंट ट्रैकिंग, ट्रक मैनेजमेंट सिस्टम, कार्गो कम्युनिटी सिस्टम और कैशलेस और पेपरलेस ऑपरेशन के लिए डिजाइन की गई कार्गो सुविधा होगी।

## सार संक्षेप

### साय ने राष्ट्रपति मुर्मु से की सौहार्द्रपूर्ण भेंट

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने मुर्मु को अवगत कराया कि वर्ष 225 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। साय ने मुर्मु को छत्तीसगढ़ आगमन के लिए भीसादर आमंत्रित किया।

### मुंबई में ड्रोन और स्काई लैंटर्न पर प्रतिबंध

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने आमजन की सुरक्षा और बचाव के मद्देनजर आगामी त्योहार के दौरान शहर में आगामी 12 अक्टूबर से 1 नंबर तक स्काई लैंटर्न की ब्रिकी, भंडारण और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्काई लैंटर्न कागज से बना एक छोटा गुब्बारा होता है, जिसके नीचे एक खुला भाग होता है जहां दिया या किसी अन्य चीज से आग जलायी जाती है, जिससे गर्म हवा पैदा होती है और इससे वह आसमान में उड़ता है। पुलिस उपायुक्त (संचालन) अकबर पठान ने आदेश जारी कर कहा कि स्काई लैंटर्न के कारण आगजनी होती है और आमजन की सुरक्षा और शांति खतरे में पड़ती है। यह प्रतिबंध दो चरणों में लागू होगा।

### कटक में सामूहिक झड़प में आठ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई सामूहिक झड़पों के बाद कई थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भुवनेश्वर-कटक शहर के पुलिस आयुक्त एस. देबदत्त सिंह ने बताया कि इस संबंध में अब तक तीन मामले दर्ज किए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों की तलाश जारी है। शहर में और तनाव नहीं बढ़ने को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने 13 थाना क्षेत्रों में 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है।

### जयपुर के अस्पताल में आग लगने की घटना दुखद : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीती रात जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर में आग लगने की घटना को दुःखद बताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन मरीजों की सुरक्षा, इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आग लगने की घटना दुःखद है।

## कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को सूत्र सम्मान 2025



**कोलकाता,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष युवा कविता के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 'सूत्र सम्मान' वर्ष 2025 के लिए कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को दिए जाने का निर्णय सूत्र समिति द्वारा लिया गया है। कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव में 25 अक्टूबर 2025 को 'सूत्र एवं ककसाड़, साहित्यिक पत्रिका' के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान-2025' प्रदान किया जाएगा। युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा, हिन्दी के संभावनाशील कवि हैं। सुनील की कविताओं में जो अनगढ़ जीवन है, वह उम्मीद की तरह है। डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम करते हुए आधुनिक तकनीक को रचना के स्तर आगे बढ़ाया है। वाणी प्रकाशन से एक कविता संग्रह के अलावा प्रौद्योगिकी पर डॉ. शर्मा के शोधपूर्ण किताबें प्रकाशित हैं। विदित हो कि ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान' वर्ष 1997 से देश के किसी एक संभावनाशील युवा कवि-लेखक को दिया जा रहा है। यह 28वां सम्मान है।

नीतीश कुमार की मुजफ्फरपुर को बड़ी सौगात

# 1333 करोड़ की 22 योजनाओं का किया उद्घाटन

**पटना,** 6 अक्टूबर (एजेंसयां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुजफ्फरपुर जिले में 1333 करोड़ रुपए की लागत से 22 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कुमार ने सोमवार को मुजफ्फरपुर जिले के सकरा वाजिद पंचायत भवन परिसर से 1333.29 करोड़ रुपए की लागत से कुल 22 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 83.32 करोड़ रुपए की लागत से छह योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ रुपए की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ शामिल है। इनमें 32.32 करोड़ रुपए की लागत से राज्य स्कीम के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण, 26 करोड़ रुपए की लागत से एमआईटी मुजफ्फपुर में छात्र एवं छात्राओं के लिए (कुल 2 अदद) 200 बेडेड वाले छात्रावास का निर्माण, 13.28 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, वाजिदपुर,



बोचहां, केरमा एवं कुढनी का निर्माण, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से बघनगरी एवं कांटी (गोंविदपुर फुल्कांहा) में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण, 4.70 करोड़ रुपए के लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पश्चिमी मुजफ्फपुर का निर्माण तथा 4.70 करोड़ रुपए की लागत से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय, मुजफ्फपुर का निर्माण कार्य के उद्घाटन के अलावा 589.05 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्च स्तरीय पीएससी बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अदद पीएससी सुपर स्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य, 199.45 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर, कांटी, पारू, साहेबगंज, सरैया, मोतिपुर, सकरा, औराई, बोचहां, मुसहरी, गायघाट, मड़वन एवं बंदरा के निर्माण कार्य, 184.32 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत राज्य स्कीम मद से डॉ. भीमराव अंबेडकर टेन प्लस टू आवासीय विद्यालय प्रखंड सह अंचल, मोतिपुर, सकरा, पारू, एवं बंदरा में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास/कार्यरंभ शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि,

### 21 लाख महिलाओं के खाते में की राशि हस्तांतरित

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में दस हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री कुमार ने सोमवार को एक , अणे मार्ग स्थित संकल्प से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ 26 सितम्बर को किया था, उस दिन मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई थी।

## शीर्ष अदालत में सीजेआई गवई पर हमले की कोशिश शर्मनाक : एम.के.स्टालिन

**चेन्नई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के अंदर मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर सोमवार को हुए हमले की कोशिश को शर्मनाक करार देते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हुए इस हमले को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि जिस तरह से मुख्य न्यायाधीश ने शालीनता, शांति और उदारता के साथ जवाब दिया, वह संस्थान की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम इस घटना को हल्के में नहीं ले सकते। हमलावर द्वारा अपने कृत्य के पीछे बताई गई वजह से पता चलता है कि समाज में दमनकारी एवं वर्गीकृत मानसिकता अभी भी कितनी गहराई तक मौजूद है। उन्होंने एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया जो देश की संस्थाओं का सम्मान एवं सुरक्षा करे, साथ ही लोगों के आचरण में परिपक्वता का प्रदर्शन करे। मुख्यमंत्री ने



इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता

एक्स पर लिखा, सर्वोच्च न्यायालय के अंदर मुख्य न्यायाधीश थिरु बी. आर. गवई के खिलाफ शर्मनाक कृत्य हमारे लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हमला है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। स्टालिन ने कहा मुख्य न्यायाधीश ने जिस तरह से शालीनता, शांति एवं उदारता के साथ जवाब दिया वह संस्थान की ताकत को दर्शाता है लेकिन इससे हम इस घटना को हल्के में नहीं ले सकते।

## जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की चेतावनी




वैष्णो देवी यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित

**जम्मू,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की चेतावनी के कारण माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी स्थगित रही। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा आज दूसरे दिन भी स्थगित रही और अब यह आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। उन्होंने आगे कहा कि यात्री आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण गत 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। बाद में 17 सितम्बर को तीर्थ यात्रा फिर से शुरू होने के बाद रियासी जिले के कटरा कस्बे में चहल-पहल लौट आई। गत 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज़्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

## रक्षा विनिर्माण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को रक्षा क्षेत्र में विर्निमाण को बढ़ावा देने से संबंधित राष्ट्रीय सम्मेलन देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के तत्वावधान में यहां आयोजित यह सम्मेलन रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय औद्योगिक नीतियों तथा बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सिंह इस कार्यक्रम के दौरान डिफेंस एक्ज़िम पोर्टल का शुभारंभ करेंगे जिसे निर्यात और आयात निर्देश जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय रक्षा उद्योगों की क्षमताओं और उत्पादों के डिजिटल संग्रह सृजन-डीईईपी पोर्टल की भी शुरुआत की जाएगी। इस सम्मेलन के दौरान दो



डिफेंस एक्ज़िम पोर्टल का भी करेंगे शुभारंभ

प्रमुख प्रकाशनों एयरोस्पेस एंड डिफेंस सेक्टर पॉलिसी कम्पेन्डीअम ऑफ स्टेट्स एंड यूनियन टेरेटरीज़ और आईडीईएक्स कॉफ़ी टेबल बुक शेयर्ड हॉरिजन्स ऑफ इनोवेशन का भी विमोचन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और देश के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है।

उम्मीद — अखिलेश का सपना, लोकसभा की तरह अयोध्या विधानसभा भी सपा जीते

# जातीय नहीं जिताऊ उम्मीदवारों को उतारेगी सपा : अवधेश प्रसाद

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी जाति की राजनीति नहीं करती है। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में पार्टी जातीय नहीं, जिताऊ नेताओं पर दांव लगाएगी। यह घोषणा सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने की है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश में वोट चोरी की सरकार है। क्या समाजवादी पार्टी यूपी में पीडीए की लाइन से इतर सवर्ण वोटों को भी रिझाना चाहती है। सपा राष्ट्रीय महासचिव के बयान से तो कम से कम यही प्रति ध्वनि निकलती है।**

प्रेस क्लब अयोध्या में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में फैजाबाद सांसद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। देशबन्धु प्रतिनिधि ने दो सवाल किए। पहला, क्या सपा आरक्षित सीटों पर पासी जाति के लोगों को ज्यादा संख्या में लड़ाएगी। दूसरा, क्या अयोध्या विधानसभा सहित अन्य सामान्य सीटों पर भी दलित प्रत्याशी उतारेगी। दोनों सवाल पर सांसद अवधेश प्रसाद ने जातिय राजनीति से इंकार किया। हालांकि जब वे लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे तो समर्थकों ने नारा लगाया था कि मथुरा ना काशी, अबकी बार



■ लोकसभा की तरह अयोध्या विधानसभा सीट पर दलित उम्मीदवार दे सकती है सपा

अवधेश पासी। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी सपा ने पासी जाति देखकर ही अवधेश प्रसाद के लड़के को टिकट दिया था। मिल्कीपुर के चुनाव परिणाम को उन्होंने वोट डकैती बताया। उत्तर प्रदेश के 2022 विधानसभा चुनाव में पासी जाति के विधायकों की संख्या 22 थी जिसमें 16 भारतीय जनता पार्टी के व छह सपा के थे। सपा के छह विधायकों में अवधेश प्रसाद खुद भी थे, सांसद चुने जाने के बाद उस सीट पर भाजपा का कब्जा हो गया। लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने रणनीति बदली तो उत्तर प्रदेश से पासी जाति के चुने गए 8 सांसदों में पांच सपा के थे। एक समय था जब जाटव वोटों के साथ पासी जाति बसपा की ताकत हुआ करता था। धीरे धीरे पासी जाति के नेताओं का मायावती से मोहभंग हुआ तो वोटरों ने पहले भाजपा व अब सपा को अपना रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में पासी जाति के मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं में लगभग चार प्रतिशत है लेकिन अवध व पूर्वांचल क्षेत्र में लगभग सोलह प्रतिशत पासी मतदाता हैं। अयोध्या, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी में तो पासी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। फैजाबाद अयोध्या जैसी सामान्य लोकसभा ाी सीट पर भी सपा की जीत का महत्वपूर्ण कारक अवधेश प्रसाद का पासी होना रहा है। फैजाबाद लोकसभा की तरह सपा मुखिया अखिलेश यादव अयोध्या विधानसभा सीट भी जीतना चाहते हैं। पिछले तीन दशक में सपा यहां से सिर्फ एक बार जीत पाई है। 22 के चुनाव में अखिलेश ने रोड शो करके माहौल बनाने की कोशिश की थी लेकिन मतदान के पूर्व की रात विपक्ष की रणनीति ने मंसूबों पर पानी फेर दिया था। फैजाबाद लोकसभा की तरह क्या अयोध्या विधानसभा पर भी सपा दलित दांव खेल सकती है। जातिय नहीं जिताऊ उम्मीदवार रहेगा, कहकर अवधेश प्रसाद ने यह जताने की कोशिश की है कि सपा पीडीए के साथ सवर्ण वोटों को रिझाने की भी रणनीति बना रही है।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 07 अक्टूबर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मुख्य न्यायाधीश पर हमला, संयोग या प्रयोग

सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना भी कभी नहीं की गई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा लगा रहा था। उसके नारे से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कट्टर दक्षिणपंथी मानसिकता का है, जिसके लिए संविधान मायने नहीं रखता, बल्कि धर्मांधता को वह तरजीह देता है। अब इस मामले की पूरी जांच होगी, तब पता चलेगा कि मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता उछालने का दुस्साहस आखिर उसने क्यों किया। हो सकता है 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्म में जस्टिस गवई की मां ने जाने से इंकार कर दिया, इस बात से आरोपी नाराज हो। कारण जो भी यह घटना आजाद भारत के इतिहास में एक बड़ा कलंक बन गई है और इसका जिम्मेदार सीधे-सीधे नरेन्द्र मोदी की सरकार को कहा जा सकता है।

भाजपा पहले भी केंद्र की सत्ता में रही है, और हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाने का काम उसने पहले भी किया है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना, गुजरात दंगे इसके उदाहरण हैं। लेकिन समाज में नफरत के इजहार को लेकर एक झिझक और संकोच था। सहिष्णुता का एक महीन सा आवरण समाज पर डला हुआ था, जो अब पूरी तरह तार-तार हो चुका है। नफरत करना और उतनी ही बेशर्मी से उसका इजहार करना अब गर्व की बात हो चुकी है। संघ से प्रेरित लोग काफी अरसे से नारा देते आए हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। पहले इस नारे को लगाने में लोग हिचकते थे। मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफरत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है।

देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफरत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। हालांकि संविधान के हिसाब से न्याय की आसंदी पर बैठे व्यक्ति की धार्मिक आस्था मायने नहीं रखती है। लेकिन जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ राम मंदिर के लिए दिए फैसले से पहले देवी के सामने बैठने की बात कहते हैं, अपने घर में गणपति पूजा के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बुलाकर उसका सार्वजनिक इजहार करते हैं, तब समाज भी इस तथ्य को मानने लगता है कि न्यायपालिका में धार्मिक आस्था के लिए जगह बन चुकी है। अगर जस्टिस गवई की जगह कोई सवर्ण हिंदू इस समय मुख्य न्यायाधीश के पद पर होता, तब शायद इस तरह जूता उछालने का दुस्साहस नहीं किया जाता। लेकिन वे दलित हैं, क्या इसलिए उन पर हमले की कोशिश की गई, यह सवाल गंभीरता से विचार की मांग करता है।

इस घटना पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि दलित और अल्पसंख्यक होना इस देश में गुनाह बना दिया गया है, उनकी इस टिप्पणी को खारिज नहीं किया जा सकता। क्योंकि दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अभी एनसीआरबी के ताजा आंकड़े भी यही बता रहे हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आई है। अभी उत्तरप्रदेश में ही मानसिक तौर पर विक्षिप्त एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। बरेली में आई लव मुहम्मद कहने पर ऐसा बवाल चल रहा है कि जुमे की नमाज के बाद लोगों से सीधे घर जाने की अपील की गई। ओडिशा में देवी विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। ये सारी घटनाएं भले छिटपुट दिखें और इनमें व्यापक तौर पर जान-माल का नुकसान न हो, लेकिन समाज को जो दीर्घकालिक नुकसान हो चुका है, अब उसकी भरपाई होनी चाहिए। इस तरह के नुकसान का सिलसिला अगर बढ़ता रहे तो फिर वाकई वैसा ही हिंदुस्तान बन जाएगा, जिसकी कोशिश में पिछले सौ सालों से संघ लगा हुआ है। मोहन भागवत हिंदू समाज की एकजुटता की बात कहें या मुसलमानों को साथ लेकर चलने की बात कहें, असल में संघ एक सवर्ण मानसिकता में पगा हुआ मनुवादी भारत बनाने की कोशिश में है। जिसमें अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ी जाति के लोग, महिलाएं सब सवर्ण पुरुषों के रहमोकरम पर रहें। अगर उन्होंने अच्छा व्यवहार किया तो इसे सौभाग्य समझें और अगर उत्पीड़न सहना पड़े तो पिछले जन्म के कर्मों का फल, इस तरह का देश बनाने की कोशिश में संघ लगा है। अब समाज को सोचना होगा कि उसे संविधान वाला देश चाहिए या फिर ऐसा देश जहां मुख्य न्यायाधीश की गरिमा भी दांव पर लगा दी गई है।

# संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल

दो दिनों में फैले आरएसएस के शताब्दी वर्ष के केंद्रीय आयोजनों ने जितने बलपूर्वक उसके बुनियादी तौर पर एक राजनीतिक संगठन और वर्तमान सत्ता की राजनीति करने वाला संगठन होने की सचाई को उजागर किया है, उतने बलपूर्वक दूसरे किसी घटनाक्रम ने नहीं किया होगा। पहले दिन, 1 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी ने, आरएसएस के वफादार स्वयंसेवक और धर्मनिरपेक्ष, जनतांत्रिक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बीच का अंतर पूरी तरह से मिटाते हुए, आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर विशेष डाक टिकट तथा सौ रु. का विशेष सिक्का जारी करने के जरिए और इस मौके पर अपने विस्तृत संबोधन से यह काम किया। और दूसरे दिन, 2 अक्टूबर को आरएसएस के सरसंघचालक, मोहन भागवत ने अपने सालाना दशहरा संबोधन में, इस समय की अपनी सबसे बड़ी चिंता को स्वर देते हुए, वही काम किया। कहने की जरूरत नहीं है कि आरएसएस के प्रचार की असली धुरी, उसका यह बड़ा झूठ रहा है कि वह तो राजनीति से निरपेक्ष रहकर, राष्ट्र की सेवा करने वाला संगठन है!

पहले दिन, प्रधानमंत्री ने आरएसएस के लिए एक विस्तृत प्रशस्तिपत्र पढ़ने के साथ, उसके 100 वर्ष होने के उत्सव के रूप में 100 रु. का विशेष सिक्का जारी किया। बेशक, यह पहली बार नहीं था जबकि इस तरह विशेष सिक्का जारी किया जा रहा था। दुर्लभ ही सही, ऐसे मौके पहले भी आए हैं, जिनके सेलिबरेशन के तौर पर विशेष सिक्के जारी किए गए हैं। फिर भी, इस सिक्के के जारी किए जाने में कुछ ऐसा था, जो पहली बार किया जा रहा था। और यह कितने सुचिंतित तरीके से किया जा रहा था, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में, इसके पहले स्वतंत्र भारत में पहली ही बार किये जाने को अलग से रेखांकित करना जरूरी समझा। और जो पहली बार किया जा रहा था, वह था सरकार द्वारा जारी इस सिक्के पर, जहां एक तरफ राष्ट्र चिन्ह, अशोक स्तंभ उकेरा गया है, वहीं दूसरी ओर, एक समानांतर राष्ट्र चिन्ह के रूप में, तथाकथित ''भारत माता'' का चित्र उकेरा गया है।

पुन: यह कथित भारत माता, हाथ में भारत के राष्ट्रध्वज के बजाए, आम तौर पर हिंदू धार्मिक परंपराओं और मंदिरों से जुड़ा हुआ, बीच में कटाववाला मुखर रूप से हिंदू-ध्वज लिए हुए है। और चित्र में आरएसएस की पहचान कराने वाली वेशभूषा में तीन स्वयंसेवक, इस हिंदू ध्वजाधारी भारत माता को आरएसएस का खास हस्त प्रणाम कर रहे हैं, जो वास्तव में विदेशी नाजी परंपराओं से आया है। यह पूरा का पूरा चित्र, स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जिस आरएसएस के 100 साल होने का उत्सव, एक सरकारी आयोजन के जरिए भारत के प्रधानमंत्री मना रहे थे, वास्तविक भारतीय राष्ट्रीय चिन्हों को नकार कर, उनकी जगह वैकल्पिक बहुसंख्यक-धार्मिक परंपरा के और वास्तव में बहिष्करणवादी चिन्हों को, राष्ट्रीय चिन्हों के रूप में स्थापित करने का एक सचेत प्रोजैक्ट है। यह दूसरी बात है कि इस सचाई को पेश करते हुए भी, इस पर राष्ट्रवाद का पर्दा डालने की कोशिश भी की जाती है और संस्कृत में कथित रूप से आरएसएस का आप्त वाक्य भी इस चित्र के साथ डाल दिया जाता है—सब राष्ट्र का, मेरा कुछ नहीं।

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी। लेकिन, अवनींद्र नाथ की कल्पना की भारत माता वास्तव में 'भारत माता ग्राम वासिनी' थी—अपने रूप, भाव और सज्जा में, देवियों की तमाम हिंदू संकल्पनाओं से बहुत भिन्न।



राजेंद्र शर्मा

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी।

इस भारत माता का वेष एक साध्वी का है, जिसके पीछे बंकिम चंद्र चैटर्जी की रचना, आनंद मठ की प्रेरणा मानी जाती है। चार हाथ वाली इस भारत माता के एक हाथ में, भारत की कृषि प्रधानता को रेखांकित करते हुए, धान का एक छोटा सा गट्ठर भी दिया गया था। शेष तीन हाथों में एक में अगर रुद्राक्ष माला है, तो एक हाथ में पोथी है और तीसरे हाथ में कपड़े का टुकड़ा है। वास्तव में यह भारत माता भी मूल रूप में 'बंग माता' थी, जिसे जन स्वीकृति ने 'भारत माता' के आसन तक पहुंचाया था। इसके बरक्स आरएसएस लंबे अर्से से, एक शेर की सवारी करने वाली देवी की, लोक जीवन से बहुत दूर की कल्पना को, 'भारत माता' की संकल्पना के रूप में स्थापित करने में लगा हुआ था। और अब स्वयंसेवक के प्रधानमंत्री होने के बल पर, कम से कम समारोही सरकारी सिक्के में तो, इसे स्थापित करने में कामयाब भी हो गया है।

और उसी वृहत्तर प्रोजैक्ट के हिस्से के तौर पर, राजसत्ता तक पहुंच हासिल होने के 100 साल के इसी हासिल के बल पर, इसी मौके पर जारी किए गए डाक टिकट के जरिए, स्वतंत्र भारत की जानी-मानी वास्तविकता से अलग, एक समानांतर इतिहास रचने का प्रयास भी किया गया है। डाक टिकट पर प्रकाशित चित्र में 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में, अपनी पहचान कराने वाली पोशाक में ही, आरएसएस के स्वयंसेवकों को परेड करते दिखाया गया है। यह चुनाव भी कितने सचेत रूप से किया गया, इसका अंदाजा भी इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में, इस चित्र की कथा की ओर विशेष रूप से ध्यान खींचा है, ताकि इस चित्र को आधिकारिक राष्ट्रीय जीवन में आरएसएस की स्वीकार्यता का अकाट्य साक्ष्य बनाया जा सके।

यह इसके बावजूद है कि इसी सिलसिले में आरएसएस द्वारा समय-समय पर किए जाते रहे दावों को चुनौती देते हुए, ये तथ्य प्रमाणों के साथ सामने आ चुके हैं कि भारत-चीन सीमा झड़प के समय आरएसएस की किसी भूमिका को देखते हुए, जवाहरहाल नेहरू द्वारा आरएसएस को 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किये जाने का दावा, कोरी गप्प है। इसके बरक्स, सचाई यह है कि 1963 की गणतंत्र दिवस परेड, एक सैनिक परेड के बजाए मूलत: एक जन परेड के रूप में आयोजित की गयी थी, जिसमें आम जनता को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था और एक लाख से ज्यादा लोग शामिल भी हुए थे। अलबत्ता इस मौके का बेनिफिट लेते हुए, आरएसएस ने संगठित तरीके से अपने कार्यकर्ताओं को अपनी खास पोशाक में इसमें हिस्सा लेने के लिए कहा था, जबकि सरकार ने भी जनता को आम नियंत्रण देने के बाद, किसी को भी रोकने की जरूरत नहीं समझी। जाहिर कि संघ की राष्ट्रीय स्वीकार्यता का यह झूठ भी, अब केंद्र में सत्ता पर नियंत्रण के जरिए, सरकारी डाक टिकट के जरिए, देश से मनवाने की कोशिश की जा रही है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन में आरएसएस का विरुद गायन करने के लिए, जिस तरह लगातार और बार-बार शुद्ध झूठ का सहारा लिया गया है, उसके ब्यौरे में जाना इस टिप्पणी में हमारे लिए संभव नहीं है। यहां इतना कहना ही काफी होगा कि उनके संघ के संबंध में झूठे दावों की सूची बनाने बैठें तो पूरा लेख उसी में खत्म हो जाएगा। यहां हम सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि 15 अगस्त के लाल किले के अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री ने, आरएसएस का सरासर झूठा महिमा मंडन करने के लिए, इतिहास को साफ तौर पर तोड़ने-मरोड़ने की जो शुरूआत की थी, उसे अब उन्होंने उत्कर्ष पर पहुंचा दिया है। यह तोड़-मरोड़ 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में आरएसएस की मौजूदगी की दुर्व्याख्या तक ही सीमित नहीं रहती है। उसमें स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की 'भूमिका' के झूठे अतिरंजित दावों से लेकर, आरएसएस के 'सामाजिक समरसता' के पाखंड को उधार की विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए, गांधी से लेकर डा. आंबेडकर तक के मुंह से आरएसएस की प्रशंसा कराने तक के झूठ शामिल हैं।

और इसमें स्वतंत्र भारत में पचहत्तर साल में आरएसएस की भूमिका को लेकर झूठ भी, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या से लेकर, बाबरी मस्जिद के ध्वंस तक, अक्षम्य करतूतों के सिलसिले में आरएसएस पर स्वतंत्र भारत में लगायी गयी पाबंदियों को उस पर 'राजनीतिक अत्याचार' बताने का महाझूठ भी। और यह सिलसिला, आरएसएस के नंबर बढ़ाने के लिए, इतने हाल के इतिहास को नंगई से झुठलाने की हद तक जाता है कि 'आज भी पंजाब में बाढ़, हिमाचल तथा उत्तराखंड में तबाही तथा केरल में वायनाड में त्रासदी जैसी आपदाओं में स्वयंसेवक सबसे पहले मदद के लिए पहुंचने वालों में थे।' लेकिन, मीडिया की खबरों के मुताबिक भी सचाई यह है कि एकदम हाल की इन आपदाओं में से किसी में भी, आरएसएस कहीं दिखाई तक नहीं दिया है। झूठे प्रचार के बल पर, झूठ को सच और सच को झूठ बनाने में संघ और उसके स्वयंसेवकों के हिटलरी भरोसे का कोई ओर-छोर ही नहीं है।

और दूसरे दिन, आरएसएस सरसंघचालक भागवत, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर समेत, हर क्षेत्र में मोदी सरकार को कामयाबी के सार्टिफिकेट देकर और युवाओं तक के मामले में उसकी कारगुजारियों पर संतोष जताकर, मोदी शासन से अपनी अभिन्नता का तथा अपनी राजनीतिक वचनबद्धता का प्रमाण देते हैं, वह श्रीलंका, बांग्लादेश तथा नेपाल के हाल के घटनाविकास से वह बहुत ही चिंतित भी नजर आते हैं। ''श्रीलंका में, बांग्लादेश में और हाल ही में नेपाल में जिस प्रकार जन-आक्रोश का हिंसक उद्रेक होकर सत्ता का परिवर्तन हुआ है, वह हमारे लिए चिंताजनक है।'' अपने स्तर पर भागवत इशारों में वर्तमान शासन को आगाह भी करते नजर आते हैं कि, ''शासन प्रशासन का समाज से टूटा हुआ संबंध, चुस्त तथा लोकाभिमुख प्रशासकीय क्रिया कलापों का अभाव, यह असंतोष के स्वाभाविक तथा तत्कालिक कारण होते हैं।'' फिर भी षडयंत्र का डर दिखाने का आसान रास्ता लेते हैं: ''अपने देश में तथा दुनिया में भी, भारतवर्ष में इस तरह के उपद्रवों को चाहने वाली शक्तियां सक्रिय हैं।'' और इसके बाद फौरन, इस तरह के संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी वैचारिक तलवार लेकर कूद पड़ते हैं: ''हिंसक उद्रेक में वांछित परिवर्तन लाने की शक्ति नहीं होती। प्रजातांत्रिक मार्गों से ही समाज ऐसे अमूलाग्र परिवर्तन ला सकता है।'' साफ है कि आरएसएस, जिसकी हमेशा से राजसत्ता पर ही नजर लगी हुई थी, सौ साल के हासिल के रूप में राजसत्ता तक अपनी पहुंच से जहां गद्गद् है, वहीं इस हासिल के हाथ से फिसल जाने के खतरे से डरा भी हुआ है। झूठ पर खड़े उसके साम्राज्य के पांव जो नहीं हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने

सांप्रदायिक हिंसा भारतीय राजनीति का अभिशाप रही है। यह एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। इस घटना के ज़्यादातर विद्वानों के अनुसार, यह हिंसा आमतौर पर सुनियोजित होती है। इस हिंसा के बाद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का उदय होता है। विद्वानों का यह भी मानना है कि 'दंगे जातीय ध्रुवीकरण पैदा करते हैं जिससे कांग्रेस की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों को फ़ायदा होता है'। उनका मानना है कि जहां हिंदू-मुस्लिम दंगे कांग्रेस के लिए चुनावी तौर पर महंगे होते हैं, वहीं ये दंगे वास्तव में 'कांग्रेस जैसी बहुजातीय पार्टियों की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों' को मज़बूत करते हैं। इस अवलोकन के अनुसार, हिंसा भड़काने और उसका चुनावी फ़ायदा उठाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा बहाने गढ़े जा रहे हैं।

इस लंबी सूची में नए बहाने जुड़ते जा रहे हैं, जैसे मस्जिद के सामने तेज़ संगीत बजाना, मंदिरों में गोमांस फेंकना और अफ़वाहें फैलाना, जो नफ़रत फैलाने की मुख्य प्रवृत्ति रही है। इसके अलावा, मुस्लिम राजाओं का दानवीकरण, उनके द्वारा मंदिरों का विध्वंस, तलवार के बल पर इस्लाम का प्रसार, उनके बड़े परिवारों के कारण इस देश में हिंदुओं के अल्पसंख्यक होने का ख़तरा, ये सब नफ़रत फैलाने के तरीक़ों में जुड़ गए हैं। पिछले कुछ दशकों में गाय, गोमांस भक्षण, लव जिहाद, और कई अन्य जिहाद भी जुड़े हैं, जिनमें सबसे प्रमुख हैं कोरोना जिहाद, ज़मीन जिहाद और सबसे नया 'पेपर लीक जिहाद'।



राम पुनियानी

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं।

यह सब याद आता है, क्योंकि इस समय देश में 'आई लव मोहम्मद' जैसे एक मामूली नारे के इर्द-गिर्द हिंसा का माहौल है। इसकी शुरुआत कानपुर से हुई, जब मिलादुन्नबी के मौके पर पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के जश्न में निकले जुलूस में कुछ लोगों के 'आई लव मोहम्मद' के बैनर पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि इससे इस धार्मिक त्योहार में एक नई परंपरा जुड़ रही है। पुलिस के एक हिस्से ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया और ऐसे पोस्टर लगाने वालों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की। यह उन मानदंडों का पूर्णत: उल्लंघन है जिनके अनुसार इस पैगम्बर के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाला एक शांतिपूर्ण जुलूस किसी भी मानदंड का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हिंसा फैल गई।

कानपुर की घटना पहली घटना थी और उत्तर प्रदेश के बरेली, बाराबंकी और मऊ जिलों में, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में और कई अन्य जगहों पर भी इसकी पुनरावृत्ति हुई।

इसके बाद पोस्टर फाड़े गए और हिंसा हुई और माहौल बिगड़ गया। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के दस्तावेज़ों के अनुसार, 'आई लव मोहम्मद' से जुड़ी 21एफ़आईआर दर्ज की गईं, जिनमें 1324 लोग प्रभावित हुए और 38गिरफ़्तारियां हुईं। बरेली में कुछ दिनों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया और एक स्थानीय मुस्लिम नेता मौलाना तौकीर रज़ा खान को एक हफ़्ते के लिए नज़रबंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमानों को बेतरतीब ढंग से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कानपुर की घटना पर एक ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया था। इसमें वे ख़ुद शामिल नहीं हुए और हंगामा मचा दिया। इस गैरज़िम्मेदाराना हरकत के कारण कई मुसलमानों को गिरफ़्तार कर लिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम ने मुसलमानों के ख़िलाफ़ अंतर्निहित नफ़रत को भी उजागर किया। जैसा कि अक्सर होता है, शीर्ष सांप्रदायिक नेता बेतुके बयान देते हैं जिससे सांप्रदायिक तत्व अपने नफ़रत भरे अभियान को तेज़ कर देते हैं और हिंसा को जन्म देते हैं। श्री मोदी बार-बार ऐसा करते रहे हैं, ज़्यादातर चुनावों के समय। इस बार उनके अभियान 'घुसपैठिए' शब्द को सामने ला रहे हैं। यह परिघटना बिहार और खासकर असम में मुसलमानों के लिए अभिशाप बन गया है। बिहार के बाद, जहां 47 लाख से ज़्यादा मतदाता मताधिकार से वंचित हैं, पूरे देश में लागू किए जाने वाले ख़तरनाक मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के औचित्य में से एक यही है।

इस बार, उत्तर प्रदेश, जहां सबसे ज़्यादा घटनाएं हुई हैं, के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे बयान दिए जो राज्य के एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देते। उन्होंने कहा कि वे 'गज़वा-ए-हिंद' का नारा लगाने का सपना देखने वालों को 'जहन्नुम के टिकट' देंगे। यह गज़वा-ए-हिंद यहां कहां से आ गया? भारतीय मुसलमानों का एक वर्ग, गज़वा नहीं, बल्कि 'आई लव मोहम्मद' का नारा लगाता रहा है... यह गज़वा का नारा तालिबानी किस्म के लोगों द्वारा इस्तेमाल किया गया है और हिंदू दक्षिणपंथी पूरे मुस्लिम समुदाय पर इसके लिए आरोप लगा रहे हैं। इसलिए, कुरान में गज़वा-ए-हिंद का कोई स्थान नहीं है। एक संदिग्ध हदीस में यह शब्द आता है, लेकिन यहां हिंद का मतलब बसरा है, भारत नहीं। पाकिस्तान में कई ऐसे कट्टरपंथी हैं जो दावा करते हैं कि हर युद्ध भारत के खिलाफ गज़वा है...।

योगी ने आगे कहा कि 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर अराजकता फैलाने के लिए लगाये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से हिंदू विरोधी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सावधान रहने को कहा... (इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई संस्करण, 29 सितंबर, पृष्ठ 6) यह भारत के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ द्वेष पैदा करने का सबसे बुरा उदाहरण है। यह नारा अराजकता कैसे पैदा कर सकता है? यह नारा राष्ट्र-विरोधी कैसे है, यह समझ से परे है। उनके बयान लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करते हैं, जो हमें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अधिकार देते हैं।

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं। क्रिकेट में पाकिस्तान पर जीत के बाद, उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर का ही विस्तार था।

ऐसी स्थिति में मुस्लिम समुदाय क्या प्रतिक्रिया देता है? तेज़ संगीत बजाते डीजे वाले रामनवमी के जुलूस और कुछ उपद्रवियों द्वारा मस्जिदों पर जबरन भगवा झंडा फहराने के विपरीत, मुसलमानों द्वारा इस तरह के शांतिपूर्ण जुलूस निकालना बिल्कुल सामान्य है! हमारे कुछ हिंदू त्योहारों को हथियार बनाया जा रहा है! इरफ़ान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े की किताब 'हिंदू त्योहारों का हथियारीकरण' में ज़मीनी स्तर पर की गई जांच से पता चलता है कि ख़ास तौर पर रामनवमी के जुलूस का इस्तेमाल मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों के आसपास उपद्रव मचाने के लिए किया जा रहा है। इसके विपरीत मुस्लिम त्योहारों को बदनाम किया जा रहा है। 'आई लव मोहम्मद' वाला मिलादुन्नबी इसका दर्दनाक उदाहरण है।

मुस्लिम त्योहारों पर इस तरह की नफ़रत भरी प्रतिक्रियाएं, जैसा कि हाल ही में देखा गया है, दिलों के विभाजन, समुदाय के ध्रुवीकरण और भारतीय संविधान के अभिन्न अंग, हमारे भाईचारे के मूल्यों को कमज़ोर करने का काम करती हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान संवैधानिक नैतिकता के बिल्कुल विपरीत हैं। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समुदाय को यथार्थवादी होना चाहिए और हिंदू सांप्रदायिक तत्वों को उन पर हमला करने या उन्हें और बदनाम करने का कोई बहाना नहीं देना चाहिए।

## आपके पत्र

### आज की शिक्षा प्रणाली में सुधार की अपेक्षा

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा ही है। शिक्षण का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव में मानवता जागृत न हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त न हों, उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। वर्तमान में जो शिक्षा-पद्धति है, वह समीचीन नहीं है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकतापूर्वक प्रयास हो।

यह कटु सत्य है कि आज की शिक्षा प्रणाली सम्यक नहीं है। कहां हमारा ज्योतिर्मय अतीत एवं कहां अंधकारमय वर्तमान? यदि यही स्थिति रही तो भविष्य को धूमिल और अंधकारमय ही समझना चाहिए। जब हम अपने अतीत की ओर दृष्टिपात करते हैं तो मन गर्व से अभिभूत हो उठता है। बड़ों के प्रति विनय रखो, छोटों को स्नेह दो, किसी का दिल मत दु:खाओ, झूठ मत बोलो, हिंसा से बचो, अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी का शोषण मत करो, जीवन की यात्रा अनुशासनबद्ध होकर करो, प्रामाणिकता को कभी भी खण्डित मत होने दो। 'मातृ देवो भव', 'पितृ देवो भव' और 'अतिथि देवो भव' के आदर्श को एक पल के लिए भी विस्मृत मत करो। कितनी उदात्त शिक्षा थी हमारे भारतवर्ष की। इस शिक्षा के आधार पर व्यक्तिव का निर्माण होता था और आज?

शिक्षा के क्षेत्र में व्यापारीकरण की ज्वाला फुट रही है। पेपरलीक जैसी घटनाएं बन रही है। इसमें अयोग्य छात्र सरकारी नौकरियों में प्रवेश कर जाते हैं जबकि होशियार छात्र की राहें कठिन हो जाती है। शिक्षकों की व्यभिचारी प्रवृत्ति समय समय पर अखबार की सुर्खियां बटोरती है। यह समाज का काला सच कड़वे घूंट के रूप में हम सबको पीना पड़ता है। स्कूल में भारी बैग का वजन ढोने वाले विद्यार्थी की दशा पर तरस आता है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल पेटपूर्ति अथवा रोजगार मात्र नहीं है। शिक्षा वही शिक्षा है जो सुधार की समग्र दिशाओं को प्रशस्त करती है। हमें वही शिक्षा आत्मसात करनी है जिसे स्व-पर हित सम्यक प्रकार से सम्पादित हो। पाश्चात्य शिक्षा का यह प्रभाव हुआ है कि न हम पूरे अंग्रेज बन पाये और न पूरे भारतीय ही रह पाये। हमारा चित्त बन गया यूरोपियन और देह रह गई भारतीय। शरीर भारतीय है, क्योंकि उसे हम गोरा नहीं बना पाये पर हां, हमारी वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन, बोल-चाल सब कुछ यूरोपियन हो चुका है। स्कूलों में अंग्रेजी को अनिवार्य करके हमारी हिंदी भाषा से मुंह मोड़ने वाले क्या जताना चाहते है?

उद्दण्डता, उच्छृंलखता, अनुशासनहीनता एवं तोड़-फोड़ किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। अनुशासनहीनता और सद्गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है। विद्यार्थियों से परिवार, समाज और राष्ट्र को कई अपेक्षाएं हैं। आप मनोयोग के साथ अध्ययन कीजिए एवं अर्जित किये गये ज्ञान को जीवन के आचरण के रूप में लाइये। आचरण से ही जीवन उत्कृष्ट बनता है। आपको सदाचार का स्वागत करना है और सच्चे अर्थों में इनसान बनना है।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### राजनीति के नए रंग

*'भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत के साथ केन्द्र में तथा आम आदमी पार्टी को अभूतपूर्व बहुमत के साथ दिल्ली में मतदाताओं ने इस भावना के साथ विजय दिलवाई थी कि ये सरकारें लोकहित में बिना किसी अनुचित दबाव के काम कर सकेंगी, किन्तु यह विश्वास बहुत जल्दी बिखरते नज़र आ रहा है। पिछले सात-आठ दिन में राजनीतिक मंच पर जो दृश्य देखने मिले हैं वे बढ़ती हुई निराशा और मोहभंग की ओर ही संकेत करते हैं। लगभग दस माह पूर्व केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और उसके बाद भी जनता ने प्रदेश विधानसभाओं के चुनावों में भाजपा को शायद यही सोचकर समर्थन दिया था कि नरेन्द्र मोदी के हाथ जितने मजबूत होंगे उतनी ही गति से देश का विकास होगा, लेकिन अब लोग अपने ही फैसले पर शंका कर रहे हैं। ऐसी ही कुछ स्थिति दिल्ली के संदर्भ में आम आदमी पार्टी की भी बन गई है।'*

**( देशबन्धु में 12 मार्च 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/03/blog-post_11.html

## पावन प्रसंग

### दुर्जनों से शालीनता से निपटा जाए

जिस समाज-समुदाय के साथ हमारा संपर्क इच्छा या अनिच्छापूर्वक बनता रहता है, उसमें भले-बुरे सभी प्रकार के लोग होते हैं। वे सभी अपने-अपने ढंग से अपना-अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसमें कुछ ग्रहण करने योग्य होते हैं, कुछ त्यागने के योग्य। सभी से पूर्णरूपेण बच सकना अथवा घनिष्ठ बन सकना संभव नहीं। बिना संपर्क के एकाकी बने रहना भी संभव नहीं। इसलिए जो अवांछनीय है, उससे बचने के लिए कोई-न-कोई ऐसा उपाय सोचना चाहिए, जिससे आत्मरक्षा बन पड़े।

सर्वथा संपर्क- विहीन जीवन मनुष्य के लिए संभव नहीं। इसलिए प्रतिकूलताओं से आत्म-रक्षा करने की व्यवस्था बनाने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं। रास्ते में बिखरे कांटों और कंकड़ों को बीनकर रास्ता साफ-सुथरा बना लेना कठिन है। ऐसी स्थिति में सरल उपाय यही है कि पैरों में जूते पहन लिए जांए तो कांटे कंकड़ों को दबाते-कुचलते हुए अपनी राह चलते रहा जा सकता है। सभी सड़कें साफ-सुथरी नहीं होतीं। उन्हें पार करने वाले अपने वाहन को इस प्रकार संभालते हैं कि रास्ते में आने वाली कठिनाइयों से निपटते हुए अपनी राह चल सकना संभव हो सके।

सज्जनों के साथ संपर्क बना रह सके, ऐसे अवसरों की तलाश करते रहने पर कभी-न-कभी वैसा सुयोग भी मिलता रहता है। ऐसे संपर्क थोड़े समय के मिलें, तो भी उसमें कुछ-न-कुछ ऐसा जाना जा सकता है, जो आगे चलकर काम आए।

सज्जनों का साथ न मिले, तो कष्ट-पीड़ितों की सहायता करने के अवसर खोजे जाएं, इसके लिए जितना समय मिले, उतने समय का सदुपयोग कर लिया जाए; इसे भी एक प्रकार का सौभाग्य ही मानना चाहिए। दुष्ट जनों का दुर्व्यवहार सहना पड़े, तो क्रोध आना और दु:ख होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए अपना मन उस चिकित्सक जैसा बना लेना चाहिए, जिसे गंदगी में सने, बेहूदी बक-झक करने वाले और अपशब्दों का प्रयोग करने वाले रोगियों से पाला पड़ता ड़ता है। वे समझते हैं कि यह उनकी विवशता है। मस्तिष्क ठीक तरह काम न करने के कारण ही उन्हें अंट-शंट बकना पड़ता है। यदि उनकी मानसिक स्थिति सही रही होती, तो वे भी सभ्य जनों जैसा व्यवहार करते। बुद्धिमान चिकित्सक रोग को भगाने और रोगी को बचाने का प्रयत्न करते हैं। विक्षिप्त रोगियों से भी उनको द्वेष नहीं होता। उलटी-दस्त कर बैठने वाले रोगी की भी वे सफाई का इंतजाम करते हैं।

अवांछनीय जहां भी दीख पड़े, वहीं लड़ाई-झगड़ा आरंभ कर दिया जाए- यह आवश्यक नहीं। असहयोग, उपेक्षा आदि के सहारे भी चला जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर बच्चे द्वारा की जाने वाली उदंडता के अवसर पर धमका देने भर से भी काम चल सकता है। उनके प्रति बहुत कठोर नहीं होना चाहिए। दंड देने की अपेक्षा प्रयत्न इतना ही पर्याप्त है कि उदंडों को डरा देने की धमकी की कुशल व्यवस्था करके ही काम चलाया जाए। ठगों के साथ स्वयं ठगी की जाए, धूर्तों के साथ स्वयं भी धूर्तता करने की योजना बनाई जाए, यह उचित नहीं। नीतिमत्ता एवं शालीनता जैसे आधार अपनाए जाने पर भी दुर्जनों से निपटा जा सकता है। सज्जनों से तो निकट रहकर ही लाभ उठाना चाहिए।

**-युग निर्माण योजना**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025

उल्टा पुल्टा

टीचर- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं.
चिंटू- मास्टर, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है.

# सड़क बनवाने ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, कई एंबुलेंस में फंसी रही मरीजों की जान

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव बहिष्कार के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क की दुर्दशा को गंभीरता से नहीं लिया जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्काजाम कर दिया । जाम में कई एंबुलेंस भी फंसी रही।

धूमा मानिकपुर ढेंका के ग्रामीणों ने सोमवार को दर्री घाट नेशनल हाइवे को जाम कर प्रदर्शन किया । लोक निर्माण विभाग के अफसर ने पूर्व सूचना के बाद भी खुद मौके पर पहुचने के बजाय अपने स्टाफ को मौके पर भेज दिया। जिससे भड़के नागरिकों ने साफ कह दिया कि आप से बात नही होगी अफसर को बुलाये,और पुलिस व प्रशासन के अफसरों को भीड़ की खरी- खोटी सुननी पड़ी। आलम ये रहा कि एक नही दो- दो एम्बुलेंस फंसी रही। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।



अनेकों बार कलेक्टर, पीडब्ल्यूडी और नेताओं से तक नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा पर सड़क नही बनी। इससे नाराज ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सड़क पर उतरकर ज्ञापन सौंपा और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया वोट तक नही डाले, एसडीएम ने आश्वासन भी ढिया पर 3 गावो को जोड़ने वाले 6 किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण 20 साल बाद भी नही हो सका।

आक्रोशित जनप्रतिनिधियों और इन 3 गावो ग्रामीणों ने 15 दिन पहले कलेक्टर एसएसपी को 15 दिन में सड़क निर्माण शुरू नही कराने पर नेशनल हाइवे में चक्काजाम करने अल्टीमेटम तक दिया था।

इसके बाद भी अफसर नही जागे, नतीजतन 15 दिन बाद सोमवार को ग्रामीणों को चक्काजाम करना पड़ा और शासन- प्रशासन के खिलाफ नारा लगाने सड़क पर उतरना पड़ा।

### नागरिक परेशान होते रहे

इस चक्काजाम आंदोलन के चलते सुबह 10 बजे से सड़क कर दोनो ओर लगभग 3-4 किलोमीटर लम्बा जाम लगा रहा, उमस भरी गर्मी में वाहन चालक सवारी आमजन सब हलाकान हो जाम खुलने का इंतजार करते रहे।

### आधा दर्जन एम्बुलेंस फंसी रही

इस चक्काजाम आंदोलन के कारण सड़क पर करीब आधा दर्जन एम्बुलेंस भी फंसी रही, नागरिकों और पुलिस ने किसी तरह एम्बुलेंस को जाम से बाहर निकलवाया।

## सिम्स में नशे की हालत में डाक्टरों के साथ गाली-गलौज, तोड़फोड़ एवं मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अस्पताल में उत्पात मचाने वाले आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि रविवार की रात लगभग 01.45 बजे सिम्स अस्पताल के ट्रायेज वार्ड में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरज़ डॉ. आशी जैन, डॉ. अविनाश कुमार और डॉ. अमन खेतान तैनात थे। उसी समय नशे की हालत में अभय सिंह ठाकुर अपने दो साथियों के साथ वार्ड में पहुँचा और बिना कारण डॉक्टरों एवं चिकित्सा स्टाफ से उन्मादी व आक्रामक व्यवहार करते हुए— गाली-गलौज कर चिकित्सा उपकरणों एवं वार्ड में रखे सामान को तोड़फोड़ किया ।



उसने डॉक्टरों को धक्का-मुक्की कर मारपीट की और वारदात की वीडियो बना रहे डॉक्टर का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया।उसने जान से मारने की धमकी देकर अस्पताल में दहशत का माहौल निर्मित किया।

पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियो. अभय सिंह ठाकुर, पिता ओम सिंह ठाकुर, उम्र 25 वर्ष, निवासी बंधवापारा, सरकण्डा, आकाश सिंह ठाकुर उर्फ प्रकाश, पिता घनश्याम सिंह ठाकुर, उम्र 28 वर्ष, निवासी तिलक नगर तथा दोनेश्वर सिंह ठाकुर उर्फ रिक्की, पिता घनश्याम सिंह ठाकुर, उम्र 31 वर्ष, निवासी तिलक नगर को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ धारा — 296, 351(2), 324(2), 3(5), 132 बीएनएस साथ ही — छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा एवं संपत्ति क्षति निवारण) संशोधन अधिनियम 2016 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया है ।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा आरोपीगण की पता तलाश कर बंधवापारा (इमलीभाठा) एवं तिलक नगर क्षेत्र से घेराबंदी कर गिरफ्तारी की गई।पूछताछ में आरोपियों ने अस्पताल में तोड़फोड़ व मारपीट की घटना स्वीकार की। सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## बिलासपुर प्रेसक्लब के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकारो और परिजनों को दी गई श्रद्धांजलि

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को बिलासपुर प्रेसक्लब परिवार के द्वारा ईदगाह ट्रस्ट भवन में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार एवं परिजनों के निधन पर श्रद्धांजलि शोक सभा का आयोजन किया गया, जहाँ प्रेस क्लब के सदस्य, नईदुनिया के संपादक सुनील गुप्ता की माताजी स्व. श्रीमती शकुंतला गुप्ता , वरिष्ठ पत्रकार स्व. प्रमोद शर्मा (नवभारत, बिलासपुर), वरिष्ठ पत्रकार विनय मिश्रा के पिताजी स्व. के.पी. मिश्रा , वरिष्ठ पत्रकार (हरिभूमि) वीरेंद्र शर्मा और प्रेसक्लब पूर्व अध्यक्ष स्व. रामगोपाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती आशा लता श्रीवास्तव ,वरिष्ठ फोटोग्राफर पवन सोनी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती रेखा सोनी के निधन पर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यगणों ने शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।



## संपादकीय

### गौरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

कृषि प्रधान राज्य होने के नाते गोधन के मामले में छत्तीसगढ़ बेहद समृद्ध है परन्तु गौवंश की जो दुर्दशा हो रही है, वह देखी नहीं जाती। प्रदेश सरकार को उनके संवर्धन और सुरक्षा के ठोस कदम उठाने चाहिये क्योंकि भूख-प्यास से अथवा सड़कों पर वाहनों से कुचलकर वे मारी जा रही हैं। ऐसे मवेशियों की संख्या थोड़ी नहीं बल्कि बड़ी तादाद में है। राज्य के किसी भी इलाके में जाने के लिये यात्रा करने पर सड़कों पर वे वाहनों की ठोकरों से मारे गये या घायल हुए मवेशी दिखते हैं। इसे लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आवाज़ उठाई है जिसे यह कहकर नज़रंदाज़ नहीं करना चाहिये कि विरोधी दलों का काम ही गलतियां बतलाना है। राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गायों-बैलों तथा मवेशियों का बेहद महत्व है क्योंकि वे विविध तरीकों से खेती-किसानी और दुग्ध उत्पादों से अतिरिक्त आय अर्जित करने में किसानों व दूध उत्पादकों की सहायता करते हैं।

कांग्रेस ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस तरफ राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गयी गोठान योजना को फिर से लागू करने की मांग की। पार्टी नेताओं का दावा था कि छग के विभिन्न क्षेत्रों से 5 लाख से ज्यादा मवेशी गायब हैं। उनके अनुसार ढाई हजार से अधिक की मौत दुर्घटनाओं और भूख से हो गयी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक गोठान प्रदेश में खोले गये थे जिनमें मवेशियों के लिये चारा-पानी तथा छांव का प्रबन्ध था। बाड़ों में घिरे इन गोठानों में गौधन पूर्णतः सुरक्षित हुआ करता था। उनकी देखरेख के लिये सरकार की ओर से राशि भी प्रदान की जाती थी। वर्तमान सरकार (भारतीय जनता पार्टी की) द्वारा गोठानों को बन्द कर दिये जाने से राज्य के गोधन में 40 प्रतिशत की कमी आने का दावा भी प्रेस कांफ्रेंस करने वाले नेताओं ने किया।

यदि यह आंकड़ा सही है, या उसके आसपास भी है तो बहुत चिंता का विषय है। सियासत को एक ओर रख दें तो भी यह बात सही है कि गोठान योजना ग्रामवासियों के लिये बेहद लाभदायक थी। मवेशी जिस प्रकार से खेतों तथा बाड़ियों में घुसकर तबाही मचाते हैं तथा वह विवाद का कारण बनता है, उसमें कमी आई थी। गायों, सांडों व बछिया-बछड़ों को खाने की तलाश में कचरे के ढेर में मुंह मारने या कूड़ा-कर्कट खाने की नौबत कम आती थी। इसी की तलाश में मवेशी रास्तों पर विचरण करते हैं या सड़कों पर बैठकर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। राज्य में कई बड़ी दुर्घटनाएं इस वजह से हो चुकी हैं जिनमें निरीह पशुओं की जान तो जाती ही है, वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं और मारे जाते हैं। सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## गुरु घासीदास विवि में मनमानी का आरोप!

### एनएसयूआई ने कुलपति को हटाने की मांग की, बोले-छात्र अधिकारों पर हो रहा कुठाराघात

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन की कथित मनमानी नीतियों और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मोर्चा खोल दिया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष सार्थक मिश्रा, छात्र नेता सुदीप शास्त्री और आदेश यादव ने संयुक्त रूप से कुलपति आलोक चक्रवाल को हटाने की मांग करते हुए विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, पक्षपात और मनमानी के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



प्रेस वार्ता के दौरान लक्की मिश्रा ने कहा कि गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। बिना किसी ठोस कारण के छात्र सुदीप शास्त्री का ट्रांसफर सर्टिफिकेट और करेक्टर सर्टिफिकेट जारी करना छात्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन एक सुनियोजित तरीके से असहमति जताने वाले छात्रों को टारगेट कर रहा है और बिना जांच या प्रक्रिया के उनका नामांकन समाप्त किया जा रहा है। ऐसा लगता है मानो विश्वविद्यालय में लोकतंत्र नहीं, अधिनायकवाद चल रहा हो।

मिश्रा ने कहा एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट कहा कि यदि सुदीप शास्त्री का टी सीऔर सीसी वापस नहीं लिया गया तो एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विश्वविद्यालय गेट से लेकर सड़क तक आंदोलन करेगी।

सार्थक मिश्रा ने कहा, यह केवल एक छात्र का मामला नहीं है, बल्कि यह विश्वविद्यालय के हर छात्र के अधिकारों की लड़ाई है। अगर प्रशासन अपनी तानाशाही रवैया नहीं छोड़ता तो एनएसयूआई प्रदेशभर में आंदोलन चलाएगी।

रंजीत सिंह ने कहा कि एनएसयूआई छात्र हितों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी, चाहे इसके लिए धरना, रैली या कुलपति आवास का घेराव क्यों न करना पड़े। केंद्र सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इस मामले की जांच कर तत्काल कुलपति आलोक चक्रवाल को हटाए, ताकि विश्वविद्यालय का माहौल शिक्षण के अनुकूल और पारदर्शी बन सके।

## पिकनिक का मज़ा बना मातम: दोस्तों के साथ चचेई डैम गया युवक नहाते वक्त डूबा

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर के चचेई डैम में पिकनिक मनाने गया एक युवक दोस्तों संग नहाते वक्त गहरे पानी में डूब गया। 23 वर्षीय आकाश पटेल अपने 8-10 दोस्तों के साथ डैम घूमने गया था। खुशियों से भरा दिन अचानक मातम में बदल गया।



जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर में सभी दोस्तों ने खाना खाने के बाद डैम के आसपास घूमना शुरू किया। शाम होते-होते वे नहाने के लिए पानी में उतरे। इसी दौरान आकाश गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। दोस्तों ने देर तक तलाश की, लेकिन जब वह नहीं मिला तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

घटना की खबर मिलते ही रतनपुर और कोटा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण रात में रेस्क्यू रोकना पड़ा।

*घर पर चल रही थी पूजा, बिना बताए दोस्तों के साथ निकला*

आकाश के बुआ के बेटे का हाल ही में सड़क हादसा हुआ था। सब कुछ ठीक होने के बाद परिवार ने घर पर पूजा रखी थी। लेकिन आकाश बिना बताए पूजा छोड़कर दोस्तों के साथ चचेई डैम चला गया। शाम करीब 6 बजे घरवालों को फोन पर सूचना मिली कि आकाश डैम में डूब गया है। खबर मिलते ही परिजन कलमीटार पहुंच गए।

*पुलिस ने डैम के गेट बंद कराए*

रतनपुर थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पानी के तेज बहाव के कारण युवक के दूर तक बहने की आशंका है। इस पर अरपा भैंसाझार और कोनी बैराज के दोनों गेट बंद कराए गए हैं ताकि रेस्क्यू में आसानी हो सके। सोमवार सुबह कोटा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों के साथ फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू करेगी।

## पं. सुंदरलाल शर्मा व शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

### शिक्षा और शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए दोनों विश्वविद्यालय साझा करेंगे संसाधन

### शिक्षा में आएगा वैश्विक बदलाव

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर व शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। यह समझौता पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में संपन्न हुआ। इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, शोधार्थी और प्राध्यापक एक-दूसरे के संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। इससे शिक्षा और शोध की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दोनों विश्वविद्यालय अपनी क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप अंतर-अनुशासनात्मक शोध परियोजनाओं पर मिलकर कार्य करेंगे।



समझौते के अनुसार, प्राध्यापक शोध और अध्यापन के लिए लघु या दीर्घ समयावधि के लिए दूसरे विश्वविद्यालय में जा सकेंगे। इससे किसी प्राध्यापक की विशेषज्ञता का लाभ दोनों विश्वविद्यालयों को मिलेगा। साथ ही दोनों विश्वविद्यालय सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेंगे। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी. के. सारस्वत और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

प्रो. सारस्वत ने विश्वास जताया कि इस समझौते का लाभ दोनों विश्वविद्यालयों के साथ-साथ समग्र क्षेत्रीय विकास को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस एमओयू से न केवल विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की मनसा अनुरूप प्रतिभावान छात्रों को रोजगारपरख पाठ्यक्रमों का भी लाभ मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं शिक्षकों को शोध-अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊँचाई देना है। उन्होंने इस साझेदारी को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बहुआयामी अधिगम, कौशल विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गति देगा।महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय कि कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के दो महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय के बीच होने वाले इस एमओयू से स्टार्टअप व इंटर्नशिप को बढ़ावा मिलेगा। जिससे छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा अनुरूप बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के छात्रों व युवाओं का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को उम्मीद है कि यह समझौता दोनों क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नवरात्रि में महामाया मंदिर में चाकू से हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। महामाया मंदिर ने नवरात्रि महोत्सव के दौरान सप्तमी के दिन चाकूबाजी की घटना हुई थी । चाकूबाजी से एक युवक घायल हो गया था । रतनपुर पुलिस ने चाकू मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी ने थाना रतनपुर मे प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया कि 30. अक्टूबर 2025 के रात्रि 12.30 बजे महामाया मंदिर कलश भवन के उपर छत में आहत ड्यूटी मे था। उसी समय एक आरोपी बिजली तार के किनारे बैठा था।जिसे वहाँ बैठने मना करने पर आरोपी द्वारा तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो बोलते हुए हत्या करने की नीयत से चाकू से कमर मे पीछे एवं नवीन गुप्ता के पेट में मार दिया।रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति्त के विरूद्ध अपराध धारा 109 भा.न्या.स का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं अपराध की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिससे हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर रितिक उर्फ रितेश सूर्यवंशी को उसके घर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर आरोपी ने आरोप स्वीकार किया।आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। उससे घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना के समय पहने कपडा को जप्त किया गया । प्रकरण में 25, 27 आर्म्स एक्ट भी जोड़ा गया है।



### सिम्स में डॉक्टर से अभद्रता पर प्रशासन सख्त

## आपात बैठक में तय हुए कड़े फैसले, ट्रॉमा वार्ड में बढ़ाई गई सुरक्षा

### पुलिस-प्रबंधन की संयुक्त निगरानी शुरू

**बिलासपुर**, 5 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में शनिवार देर रात डॉक्टर के साथ असामाजिक तत्वों की बदसलूकी ने चिकित्सा समुदाय को झकझोर दिया। यह घटना 4 और 5 अक्टूबर की मध्यरात्रि में घटी, जब कुछ बाहरी युवकों ने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार किया।

घटना की जानकारी मिलते ही सिम्स प्रशासन हरकत में आ गया और अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने देर रात ही आपात बैठक बुलाकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में यह साफ कर दिया गया कि संस्थान में अब किसी भी स्तर पर अव्यवस्था या चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नही।

*आपात बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय*

ट्रॉमा और आपात वार्ड में सुरक्षा कर्मियों की संख्या दोगुनी की गई। पुलिस प्रशासन के साथ सीधा समन्वय तंत्र तैयार किया गया — किसी भी घटना पर तुरंत सूचना दी जाएगी। संस्थान के सभी प्रमुख बिंदुओं पर नया सीसीटीवी नेटवर्क और अतिरिक्त लाइटिंग व्यवस्था लगाने के निर्देश दिए गए। सभी गार्डों को बेटन और सुरक्षा उपकरणों से लैस किया जाएगा। पार्किंग व्यवस्था में लापरवाही पर ठेकेदार को चेतावनी, गड़बड़ी मिलने पर अनुबंध समाप्त करने की चेतावनी दी गई। शराब सेवन कर आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की अल्कोहल मीटर से जांच की जाएगी। पुलिस चौकी और सिम्स प्रबंधन की संयुक्त मॉनिटरिंग समिति बनाई गई है, जो हर सप्ताह सुरक्षा रिपोर्ट तैयार करेगी।





*डॉक्टरों में रोष*

घटना के बाद सिम्स के जूनियर डॉक्टर संघ के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र साहू अपनी टीम के साथ सीएसपी गगन कुमार से मिले। उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा और बढ़ते दुर्व्यवहार के मामलों को लेकर चिंता जताई। सीएसपी गगन कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस अब से शून्य सहनशीलता नीति के तहत कार्य करेगी और अस्पताल परिसर में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई।

*सुरक्षा बढ़ाने के लिए बनाए गए नए प्रोटोकॉल*

हर ट्रॉमा कॉल के साथ सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति अनिवार्य। रात की शिफ्ट में दो पुलिसकर्मी और एक हेड कॉन्स्टेबल की ड्यूटी निश्चित। सभी प्रवेश द्वारों पर 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी। मरीज और परिजनों के लिए पहचान कार्ड प्रणाली लागू करने पर विचार। इमरजेंसी ब्लॉक में अलग गार्ड पॉइंट स्थापित करने का निर्णय। सिम्स प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी।

अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि संस्थान में आने वाले हर व्यक्ति से अनुशासन और मर्यादा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा— डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी मरीजों की सेवा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। उनके साथ किसी भी तरह का अव्यवहार गंभीर अपराध है और प्रशासन इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

सिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने भी स्पष्ट किया कि अब हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी और सुरक्षा की निगरानी प्रतिदिन रिपोर्टिंग सिस्टम के माध्यम से की जाएगी।

*बैठक में शामिल रहे अधिकारी*

डॉ. रमणेश मूर्ति — अधिष्ठाता सिम्स, डॉ. लखन सिंह — चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. नागेंद्र साहू — अध्यक्ष जूनियर डॉक्टर संघ, सीएसपी गगन कुमार, डी.आर. मरकाम—पुलिस चौकी प्रभारी सिम्स, कांस्टेबल दुबे—ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा कर्मी।

*सुरक्षा के प्रति जताई उम्मीद*

जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार नहीं, बल्कि पूरे चिकित्सा तंत्र पर हमला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब प्रशासन की सख्ती से ऐसे तत्वों को अस्पताल में घुसने से पहले ही रोक दिया जाएगा।

देशबन्धु
बिलासपुर
मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025


# गैर अपराधिक पृष्ठभूमि वालों को पद देगी कांग्रेस

## एआईसीसी सचिव खुटिया ने कहा मीडिया से



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के कुछ ही राज्यों में सत्ता पर काबिज कांग्रेस को लग रहा है कि संगठन का रिफार्म करना जरूरी हो गया है। इसलिए अब नए विकल्पों पर उसका फोकस है। छत्तीसगढ़ के प्रभारी रामचंद्र खुटिया ने कहा कि व्यवस्था के तहत कांग्रेस के प्रति समर्पित लोगों को संगठन में स्थान दिया जाएगा। किसी नेता या खुद से जुड़े व्यक्ति को महत्व नहीं मिलेगा। पद प्राप्त करने के लिए 5 वर्ष की सदस्यता आवश्यक होगी।

सोमवार को कोरबा प्रवास पर आए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी रामचंद्र खुटियाने मीडिया से बातचीत से पूर्व पार्टी पदाधिकारी की बैठक ली। गुजरात में संपन्न हुए अधिवेशन में लिए गए निर्णय की जानकारी पार्टी के नेताओं को दी गई।

प्रभारी रामचंद्र खुटिया ने बताया कि कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए अभियान चल रहा है उन्होंने बताया की जो कार्यकर्ता किसी नेता या गुट से ताल्लुक रखता है उसे पार्टी में अब महत्व नहीं मिलेगा।

रामचंद्र खुटिया ने बताया की पदाधिकारी चयन में जिन लोगों का नाम सामने लाया जाएगा उनके विरुद्ध अपराधिक मामले नहीं होने चाहिए और उनकी कांग्रेस में काम से कम 5 वर्ष की सदस्यता हो।

इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया समेत पार्टी के पदाधिकारी नत्थू सिंह यादव, मनोज चौहान, हरीश परसाई, बीएन सिंह, यूके सिंह, सत्येन्द्र वासन, सुधीर जैन, उषा तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खिड़की में मिला महिला का शव, आत्महत्या या कुछ और?

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। दर्री के पुष्पपल्लव कॉलोनी में रहने वाली कामकाजी महिला मंजू राव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर के कमरे की खिड़की में चुनरी के सहारे उसका शव लटका मिला। मंजू के परिजन चाहते हैं कि कारण की जानकारी सामने आए, इसलिए जांच होना चाहिए। पुलिस ने बीएनएस की धारा में संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया है। वह कई एंगल से जांच की बात कर रही है।

मंजू राव का विवाह 18 वर्ष पहले सुनील राव के साथ हुआ था। उनके दो बच्चे हैं। सुनील ने बताया कि रात्रि को भोजन के बाद सभी सो गए। रात्रि को पत्नी द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी हुई जिस पर उन्होंने अपने घर के लोगों और पड़ोसियों को जानकारी दी। तुरंत एक डॉक्टर को बुलाया गया, जिसने जांच की। सुनील ने पत्नी के साथ किसी भी तरह से विवाद या अन्य घटना से इनकार किया। मंजू के द्वारा उठाए गए कदम की जानकारी रात में ही उनके परिजनों को खरसिया में मिल चुकी थी जिस पर वे कोरबा पहुंचे। मंजू की मन वर्षा ने बताया कि यह सब क्यों हुआ उन्हें नहीं पता क्योंकि कभी भी मंजू ने ऐसी कोई बात नहीं बताई थी जिस किसी प्रकार का संदेह हो। इस घटना के पीछे क्या वजह रही वे जानना चाहते हैं।

## सार-संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में शर्मनाक हरकत - तबीयत पूछने के बहाने ट्रेनी डॉक्टर से छेड़छाड़

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर ने सीनियर डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोप आयुष विंग विभाग में पदस्थ सीनियर आयुर्वेदिक डॉक्टर एके मिश्रा पर लगा है। शिकायतकर्ता ट्रेनी डॉक्टर पिछले तीन माह से इसी विभाग में ट्रेनिंग ले रही है। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। घटना दो दिन पहले शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। ट्रेनी डॉक्टर किसी काम से डॉक्टर एके मिश्रा के स्टाफ रूम में गई थी। उस समय डॉक्टर एके मिश्रा और ट्रेनी डॉक्टर के अलावा एक अन्य स्टाफ भी मौजूद था। पीड़िता का आरोप है कि डॉक्टर मिश्रा ने ट्रेनी डॉक्टर को अपने पास बुलाया और कहा, तुम्हारी तबीयत ठीक नहीं लग रही है, मैं चेकअप कर देता हूं। जब ट्रेनी डॉक्टर ने मना किया और कहा कि वह ठीक है, तो उन्होंने जबरदस्ती जांच करने की कोशिश की और छेड़छाड़ की।

किसी तरह ट्रेनी डॉक्टर कमरे से बाहर आई और तुरंत इस घटना की शिकायत मेडिकल कॉलेज के डीन को लिखित में दी। इसके बाद उसने अपने परिजनों को भी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन अगली सुबह कोरबा पहुंचे और सिविल लाइन थाने में पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर धारा 354 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन के.के. सहारे ने कहा कि ट्रेनी डॉक्टर ने डॉक्टर एके मिश्रा के खिलाफ शिकायत की है। इसकी जांच आंतरिक निवारण समिति द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जलकुंभियों की आवक से पानी सप्लाई में बाधा

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है। बांगो बांध व बैराज में जल स्तर बढने पर पानी की मात्रा नदी में छोड़ी जा रही है और इसके साथ काफी मात्रा में जलकुंभियां भी आ रही है। जल आपूर्ति की व्यवस्था वाला फंक्शन जलकुंभियों के चलते प्रभावित हो रहा है।

नगर पालिका निगम के द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों को छोडक़र बाकी वार्डों में जल आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए वाटर फिल्टर प्लांट कोहडिया की जल शोधन क्षमता में विस्तार किया गया है। जबकि हसदेव नदी से पानी प्राप्त करने के लिए गिरवा घाट नए पुल के पास इंटेक्वेल तैयार किया गया है। यहां पर पानी प्राप्त करने के बाद इसे उपचारित करने के लिए आगे भिजवाया जा रहा है।

संपूर्ण प्रक्रिया के बाद पानी ओवर हेड टैंक पहुंचता है और फिर पाइपलाइन के माध्यम से घरों के नलों में इसकी पहुंच होती है। बारिश के मौसम में पानी के साथ घूलने वाली मिट्टी, पौधे बहते हुए फुटबॉल को बाधित कर देते हैं और इसके कारण कई समस्याएं सामने आ जाते हैं। वर्तमान में इस वजह से नगर निगम के कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति को लेकर मुश्किल आई हैं। कुछ वार्डों में एक ही समय पानी आने तो कुछ स्थानों पर पानी की मात्रा में कमी और कमजोर क्वालिटी से संबंधित शिकायतें आम है। नगर पालिका निगम में जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि बरसाती पानी के साथ आ रही जलकुंभियां तकनीकी संसाधनों को डिस्टर्ब कर रही हैं। इससे अगली प्रक्रिया के लिए पानी की पहुंच उतनी नहीं हो पा रही है जो अपेक्षित है। मैदानी तंत्र व्यवस्था को ठीक करने में लगा हुआ है। बरसाती पानी की आवक कम होने के साथ समस्या हल होगी।

### वंचितों के लिए शुरू किया सेवा भारती ने वस्त्रदान अभियान

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेवा भारती कोरबा इकाई वस्त्र सेवा प्रकल्प के द्वारा वस्त्र दान अभियान की शुरुआत 5 अक्टूबर को की गई। 17 अक्टूबर तक इसे संचालित किया जाना है। शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के लोग अपने ऐसे कपड़े जो बेहतर स्थिति में है लेकिन उनके उपयोग में नहीं आ रहे हैं, वे वंचित वर्ग के लिए इसे दे सकते हैं।

विवेकानंद सेवा सदन के साथ कई प्रतिनिधियों को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है। संबंधित लोग उनसे मिलकर इस अभियान में अपना सहयोग कर सकते हैं बताया गया कि अभियान के अंतर्गत प्राप्त हुए ऐसे सभी वस्त्र का वितरण कोरबा जिले के ग्रामीण अंचल में उन लोगों को किया जाएगा जिन्हें वाकई इसकी जरूरत है। सेवा भारती के विवेकानंद सदन कार्यालय सहित कमल बत्रा, रमेश श्रीवास कोरबा, देवेन्द्र द्विवेदी, मोनिका श्रीवास्तव बालकोनगर, अंजू शुक्ला कुसमुंडा, रश्मि गुप्ता जमनीपाली के पास भी लोग ऐसे कपड़े दान कर सकते है। वस्त्र दान प्रकल्प की ओर से कहा गया कि दीपावली पर वंचित वर्ग को नवीन वस्त्र उपलब्ध कराए जा सके, यह भी हमारी कोशिश है।

# डुबान क्षेत्र के स्कूल को मिला शिक्षक, मुश्किल हुई कम

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के कोदवारी गांव में प्रशासन ने शिक्षक नियुक्त कर दिया है। स्कूल से जुड़ी समस्याएं युक्तियुक्तकरण से कम की गई है। क्षेत्र के बच्चों को इससे लाभ होगा।

बताया गया कि कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कोदवारी में वर्ष 1998 से ईजीएस के रूप में शुरू हुई इस विद्यालय को 2005 में प्राथमिक शाला का दर्जा मिला। यहाँ पढाई करने वाले ज्यादातर विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति परिवार के है। ग्राम पंचायत मड़ई संकुल अंतर्गत आने वाले इस विद्यालय में कुल 45 बच्चे दर्ज है। वर्ष 2006 से विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक दिवाकर सिंह ने बताया कि एकलशिक्षकीय होने की वजह से विद्यार्थियों का पढाई में नुकसान होता था। सभी कक्षा के बच्चों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाना आसान भी नहीं है। एक कक्षा में पढ़ाने के दौरान दूसरे कक्षा के विद्यार्थी खाली रह जाते थे। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण से उनके स्कूल में नए शिक्षक के आने से विद्यार्थियों सहित उन्हें भी बहुत सहूलियत हो गई है। जरूरी कार्य से अवकाश के दौरान भी यहाँ शिक्षक रहते हैं और विद्यार्थियों को बिठाकर पढाई कराई जाती है। युक्ति



युक्तकरण से कोदवारी के प्राथमिक शाला में शिक्षक मानिक दास दीवान को नियुक्त किया गया है। अब दो शिक्षक होने से यहां की पढ़ाई पहले से बेहतर हो गई है। स्कूल में वातावरण काफी अच्छा हो गया है। नियमित कक्षाएं लगने से विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लग रहा है। यहां के छात्रों का कहना है कि पहले और अब की तस्वीर में काफी अंतर आया है। उन्होंने नई व्यवस्था किए जाने पर खुशी जताई।

# दिनदहाड़े खंभा काटकर लूटा, दो कबाड़ी पकड़ाए

## आपत्ति करने पर साइट इंचार्ज से मारपीट

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा पुलिस ने कबाड़ चोरी से जुड़े एक मामले में कासिम खान और पंकज श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने राताखार बायपास रोड में सरकारी कामकाज के लिए रखे गए लोहे के खम्भों को काटने के साथ लूट की घटना की घटना को अंजाम दिया था।

कबाड़ चोरों की ये हरकत पिछले दिनों जिस दिन प्लेटफार्म पर वायरल हुई थी। इसमें देखा गया कि कबाडियों की गैंग ने निर्माण का स्थल पर पहुंचकर वहां रखें लोहे के पोल की कटिंग की और फिर एक कर्मचारी द्वारा आपत्ति करने पर उसे मारपीट की। बाद में लोहे के पाइप को गाड़ी में लोड कर आरोपी चलते बने। सरेआम हुई इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए थे। पुलिस ने वीडियो पर संज्ञान लिया और इस बारे में आगे की जांच पड़ताल की। एडिशनल एसपी ने बताया कि कासिम खान और पंकज श्रीवास की पहचान करने के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामले में आगे की जांच की जा रही है। याद रहे कोरबा जिले में काफी समय से कबाड़ डीजल चोरी का काम बंद है इस प्रकार के दावे किए जाते रहे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से ऐसे मामले फिर सामने आने लगे हैं। इससे माना जा रहा है कि संगठित चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो रहा है।

## भ्रष्टाचार के विरूद्ध ननकीराम की लड़ाई को आप का समर्थन



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल ने सोमवार को पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर से उनके निवास पर मुलाकात की। कोरबा कलेक्टर की कार्यशैली को लेकर चल रहे विवाद पर चर्चा की। इस दौरान जायसवाल ने कंवर के दस्तावेजों का देखा और कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी ननकी राम कंवर के साथ खड़ी है। आप आदमी पार्टी का कहना है कि ननकी राम कंवर ने कांग्रेस शासनकाल में पीएससी घोटाले को सबसे पहले उजागर किया था, जिसे जनता के सामने लाने में उनका योगदान रहा। उनके प्रयासों से आज इस घोटाले की जांच चल रही है। पार्टी का कहना है कि स्थानीय कलेक्टर को सरकार संरक्षण क्यों दे रही है समझ से परे है।

# एसईसीएल कालोनी में आ रहा गंदा पानी, लोग बीमार



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की स्थानीय कालोनी में पिछले कुछ दिनों से लोगों ने गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत की। उनका कहना है कि पानी की गुणवत्ता सही नहीं होने से पेट संबंधी समस्याएं हो रही है। लोग बीमार पड़ रहे है। इसके लिए सीजीएम कोरबा क्षेत्र को जिम्मेदार बताया गया है।

कालोनीवासियों का आरोप है कि पानी शुद्धिकरण प्रक्रिया में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री प्रबंधन समय पर उपलब्ध नहीं कराता है, जिससे कॉलोनी में गंदा और अस्वच्छ पानी आ रहा है। पार्षदों की शिकायत पर अधिकारियों ने सुधार की बात कही। इस गंभीर समस्या को लेकर कॉलोनीवासियों और क्षेत्र के पार्षद सुशील गर्ग तथा शैलेंद्र सिंह ने प्रबंधन को शिकायतें सौंपी हैं। शिकायत के बाद प्रबंधन ने दो दिन में समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी पानी की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है। वार्ड पार्षद सुशील गर्ग ने बताया कि इस संबंध में एसईसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया गया, जहां काफी गंदगी और सुविधाओं का अभाव पाया गया। अधिकारियों ने जल्द सुधार करने की बात कही थी। एसईसीएल के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के स्टाफ ऑफिसर नीलगिरी पटेल ने इस मामले पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंटेकवेल पाइपलाइन बदलने की योजना चल रही है। लगातार बारिश के कारण जहां से पानी सप्लाई होता है, वहां दिक्कतें आ रही थीं। पटेल ने स्वीकार किया कि बीच में पानी की सप्लाई थोड़ी ठीक नहीं थी, लेकिन हाल ही में इसमें सुधार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी कमी है, उसे बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## लोको पायलट सूर्यवंशी बने पीएम सूर्यघर के आइकॉन



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। पॉवर हब कोरबा जिले में पीएम सूर्यघर पर तेजी से काम चल रहा है। 50 हजार से ज्यादा लोगों ने घरों की छत पर सूर्यघर लगाने का आवेदन किया है। इधर लोकोपायलट सुखलाल सूर्यवंशी ने इसका क्रियान्वयन कराया और वे आइकॉन बन गए।

कोरबा जिले के खरमोरा निवासी सुकलाल सूर्यवंशी भारतीय रेल में लोकोपायलट है। उन्होंने योजना जानी तो पीएम सूर्यघर को अपनाना तय किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत उन्हें 78,000 की केंद्रीय सब्सिडी प्राप्त हुई और उन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया। उन्होंने बताया कि अब उनका घर पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर निर्भर है। पंखे, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, वाटर पंप, कूलर सभी उपकरण सौर ऊर्जा से सहज रूप से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरे घर की छत ही मेरी ऊर्जा का स्रोत बन गई है। सूरज की किरणों से मिलने वाली यह स्वच्छ ऊर्जा न केवल बचत का माध्यम है, बल्कि आत्मनिर्भरता और गर्व का प्रतीक भी है।

## सीपीआई को आरएसएस के सिक्के से परेशानी



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीपीआई को इस बात से दिक्कत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरएसएस के स्थापना शताब्दी के मौके पर भारतीय सिक्का क्यों जारी किया। यह स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। उनका कहना है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भी 100 वर्ष पूरे हुए हैं। भाकपा हमेशा से किसान, मजदूर एवं मेहनतकश लोगों के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ती रही है। उसका गौरवशाली इतिहास रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन के लाखों क्रांतिकारियों के बलिदानों की शताब्दी है, जिन्होंने एक समतावादी और सच्चे लोकतांत्रिक समाज के स्वप्न के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मोदी सरकार को निष्पक्ष होकर कम्युनिस्ट पार्टी के 100 वर्ष पूरे होने पर भी हसुआ और बाली का सिक्का जारी करना चाहिए, तभी संविधान के प्रति गहरी आस्था एवं विश्वास बनी रहेगी।

## गुजराती समाज का शरद पूर्णिमा उत्सव आज

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री गुजराती समाज कोरबा द्वारा शरदपूर्णिमा उत्सव 7 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से गुजराती समाज भवन में मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा उत्सव रात्रि 9 बजे से आरंभ होगा, प्रथम आरती के बाद रास-गरबा का आयोजन किया जावेगा। इसके पश्चात रात्रि 12 बजे आरती उपरांत स्वल्पाहार एवं खीर प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जावेगा। श्री गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

## रेडक्रॉस की उप समिति गठित



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा कार्यालय में चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल के नेतृत्व में जूनियर यूथ रेड क्रॉस समिति गठन की कार्रवाई की गई। उक्त समिति में प्रबंध समिति जिला शाखा कोरबा के द्वारा सक्रिय सामाजिक रेड क्रॉस कार्यकर्ता राहुल मोदी चेंबर उपाध्यक्ष/संगठन मंत्री, जफर अली (समाज वैज्ञानिक) आजीवन सदस्य, अजय श्रीवास्तव प्राध्यापक को सम्मिलित किया गया है। बताया गया कि उप समिति में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य, सीएमएचओ और समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि के अलावा शिक्षा विभाग से एक सदस्य बनाए जाने है। उक्तानुसार उप समिति रेडक्रॉस के साथ मिलकर काम करेगी।

## किशन, अभिसार व श्रेया को एक्सीलेंस अवार्ड

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई में चल रहे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा फेस्टिवल में इन कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कोरबा व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। जूनियर कैटेगरी तबले में मास्टर किशन पटेल ने प्रथम स्थान एवं मास्टर अभिसार ठाकुर ने एक्सीलेंस अवार्ड हासिल किया है।

इसी विधा के सीनियर ग्रुप में मास्टर शौर्य चौहान को प्रथम पुरस्कार, प्रयत पांडे को आउटस्टैंडिंग एवं एक्सीलेंस अवार्ड के साथ जयपदमा उपाधि के लिए भी चुना गया।

# किशन, अभिसार व श्रेया को एक्सीलेंस अवार्ड



कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई में चल रहे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा फेस्टिवल में इन कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कोरबा व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। जूनियर कैटेगरी तबले में मास्टर किशन पटेल ने प्रथम स्थान एवं मास्टर अभिसार ठाकुर ने एक्सीलेंस अवार्ड हासिल किया है।

इसी विधा के सीनियर ग्रुप में मास्टर शौर्य चौहान को प्रथम पुरस्कार, प्रयत पांडे को आउटस्टैंडिंग एवं एक्सीलेंस अवार्ड के साथ जयपदमा उपाधि के लिए भी चुना गया। इसी क्रम में कथक नृत्य में कुमारी रिश्विका पांडे को सब जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान, सीनियर ग्रुप में कुमारी श्रेया ठाकुर प्रथम स्थान मिला है। कुमारी प्राजंलि गौतम तृतीय स्थान एवं कुमारी नंदिनी पटेल प्रथम स्थान के साथ एक्सीलेंस अवार्ड मिला। साथ ही उन्हें भी 12 अक्टूबर को होने वाले श्री श्री जयपदमा सम्मान के लिए भी चुना गया। बताया गया कि इन बच्चों को जयपद्म पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया है।

## सार-संक्षेप

# गाँव की तस्वीर बदली, कौशल्या की तकदीर सँवरी

### जल जीवन मिशन से मिला घर-घर नल का तोहफ़ा, महिलाओं के संघर्ष भरे जीवन में लौटी मुस्कान



**एमसीबी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पेंड्री की कौशल्या बाई का जीवन कभी पानी की तलाश में बीतता था। हर सुबह और शाम उन्हें कई किलोमीटर दूर स्थित तालाब या हैंडपंप तक जाना पड़ता, जिससे उनका आधा दिन निकल जाता और परिवार की रोजमर्रा की गतिविधियाँ प्रभावित होती थीं। गर्मी के मौसम में पानी की कमी से बीमारियाँ और थकान भी बढ़ जाती थीं। बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों पर भी इसका सीधा असर पड़ता था।

लेकिन अब जल जीवन मिशन ने कौशल्या और उनके परिवार की तकदीर बदल दी है। मिशन के तहत ग्राम में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर में नल से शुद्ध पानी उपलब्ध कराया गया है। कौशल्या अब पानी भरने के लिए घंटों इंतजार या लंबी दूरी तय नहीं करतीं। उनके जीवन में सहजता, स्वच्छता और समय की बचत हुई है।

कौशल्या बताती हैं, अब मुझे पानी भरने में समय नहीं गंवाना पड़ता। बच्चों को पढ़ाई के लिए समय मिलता है और घर का काम भी आसानी से निपट जाता है। सबसे बड़ी खुशी यह है कि हमें स्वच्छ पानी मिलता है और बीमारियों का डर कम हो गया है।

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कौशल्या स्वयं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकों में शामिल होकर योजना के सही क्रियान्वयन और पानी की गुणवत्ता की निगरानी करती हैं। इसने उन्हें आत्मनिर्भरता और नेतृत्व का अनुभव भी दिया है।

जिला प्रशासन का कहना है कि यह मिशन केवल पानी उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी पहल है। स्वच्छ जल उपलब्ध होने से स्वास्थ्य में सुधार, समय की बचत और परिवारों की खुशहाली सुनिश्चित हो रही है। आज कौशल्या का जीवन संघर्ष से निकलकर आत्मविश्वास और सहजता से भरे भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उनका अनुभव यह दर्शाता है कि जब योजनाएँ पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ लागू होती हैं, तो उनका प्रभाव सीधे आमजन के जीवन में दिखाई देता है। जल जीवन मिशन ने कौशल्या और उनके गाँव के लिए न केवल पानी की सुविधा प्रदान की है, बल्कि यह उनके जीवन में आशा, सुरक्षा और सशक्तिकरण की नई धारा लेकर आया है। यह बदलाव पूरे ग्राम के लिए प्रेरणा बन गया है।

# आदिकर्म योगी अभियान अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन

### ग्राम पेंड्री में अनुमोदित हुआ विलेज एक्शन प्लान 2030



**एमसीबी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अक्टूबर को ग्राम पेंड्री में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विलेज एक्शन प्लान 2030 पर विस्तृत चर्चा की गई और ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से इसे अनुमोदित किया गया। यह आयोजन स्थानीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ।

ग्राम सभा में जिला नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त सुश्री अंकिता मरकाम, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्राम सभा की कार्यवाही का अवलोकन करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और सामुदायिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आदि कर्म योगी अभियान के माध्यम से ग्राम स्तर पर सहभागी शासन व्यवस्था स्थापित होगी, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामवासियों ने भी पूरे उत्साह के साथ बैठक में भाग लिया और अपने क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकताओं पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, आजीविका, महिला सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इन सुझावों को में प्राथमिकता दी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि 2030 के माध्यम से ग्रामों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। यह योजना न केवल विकास की रूपरेखा तैयार करती है बल्कि प्रत्येक ग्राम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस मार्ग भी प्रशस्त करती है।

# राज्यपाल रमेन डेका आज आकांक्षी ब्लॉक सहित जिला अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

**कोरिया,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका 7 अक्टूबर को आकांक्षी ब्लॉक सहित जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका 6 अक्टूबर, सोमवार को बैकुंठपुर स्थित विश्राम गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन मंगलवार, 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आकांक्षी ब्लॉक बैकुंठपुर से संबंधित योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात वे जिले के अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे।

# कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला कोषालय का रिकॉर्ड चेक किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के प्रशासनिक जिलाध्यक्ष डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ के तहसील कार्यालय परिसर स्थित जिला कोषालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ के दृढ़कक्ष का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया।

छ.ग. कोषालय संहिता भाग-एक के सहायक नियम-39 के अनुसार यह निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन 30 सितम्बर की स्थिति में किया, जिसमें स्टाम्प टिकट, रेवेन्यू टिकट, कोर्ट टिकट, आदि स्टाम्प तथा बहुमुल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया गया और लगभग 18 वित्तीय रजिस्टर में कलेक्टर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी, कोषालय अधिकारी, सहायक कोषालय अधिकारी, सहायक ग्रेड 1, खजाना प्रभारी उपस्थित थे।

# कागज पर स्वच्छ भारत हकीकत में गंदगी और लाचारी

### भ्रष्टाचार का प्रतीक 3-4 साल से रुका है शौचालय निर्माण कार्य








**खरसिया,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक मंचों से स्वच्छ भारत मिशन की सफलता के दावे गूंजते हैं। सरकारी फाइलों और रिपोर्टों में लाखों-करोड़ों की राशि खर्च दिखा दी जाती है। लेकिन ज़मीनी हकीकत इतनी शर्मनाक है कि योजनाएं केवल कागज़ पर ही चमकती हैं और जनता आज भी अपनी सबसे बुनियादी ज़रूरतों के लिए तरस रही है। इसका ताज़ा उदाहरण है खरसिया तहसील प्रांगण, जहां रोज़ाना 81 पंचायतों के लोग आते हैं लेकिन उन्हें शौच की सुविधा तक नसीब नहीं है।

ग्रामीण पुरुष और बच्चे तो किसी तरह खुले मैदानों में जाकर काम चला लेते हैं, लेकिन दूर-दराज़ गांवों से आने वाली महिलाएं किस हाल से गुज़रती होंगी, इसकी कल्पना ही रोंगटे खड़े कर देती है। सुबह से शाम तक तहसील परिसर में खड़े रहना और अपनी प्राकृतिक ज़रूरत को दबाए रखना ङ्क यह न केवल अमानवीय है, बल्कि महिलाओं की गरिमा पर सीधा हमला है।

### 3.50 लाख का अधूरा सामुदायिक शौचालय ङ्क भ्रष्टाचार का स्मारक

तहसील प्रांगण में ग्राम मदनपुर का सामुदायिक शौचालय लगभग 3.50 लाख की लागत से स्वीकृत हुआ। राशि मनरेगा, 15वें वित्त आयोग और स्वच्छ भारत मिशन से दी गई।

निर्माण शुरू हुआ, लेकिन आज वह शौचालय अधूरा खड़ा है ङ्क न पानी, न टंकी। अभी ठीक से चालू ही नही हुआ और सभी तरफ गन्दगी का आलम है। यह सिर्फ अधूरा ढांचा नहीं, बल्कि जनता के पैसों की लूट का गंदा पोस्टर है। ग्रामीण सवाल कर रहे हैं ङ्क आखिर यह पैसा कहां गया? किसने खाया? किसके संरक्षण में यह धांधली सालों से चल रही है?

### अधिकारी मूकदर्शक या मिलीभगत में भागीदार?

सबसे शर्मनाक बात यह है कि तहसील परिसर में रोज़ाना एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, मनरेगा सीओ। और कई आला अधिकारी मौजूद रहते हैं। उनकी आंखों के सामने अधूरा शौचालय खड़ा है। जनता परेशान होकर खुली जगहों में जाने को मजबूर है, लेकिन अधिकारियों की संवेदना मर चुकी है।अगर अधिकारी यह सब देखकर भी चुप हैं, तो साफ है ङ्क या तो वे इस भ्रष्टाचार की हिस्सेदारी में शामिल हैं, या फिर जनता के दर्द से उन्हें कोई मतलब ही नहीं।

ग्रामीणों की आवाज़ अब गुस्से में बदल चुकी है। हर कोई यही पूछ रहा है- जब 3.50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी तो फिर शौचालय अधूरा क्यों पड़ा है? 3-4 साल से यह निर्माण किसकी छत्रछाया में रुका हुआ है?

# दशगात्र में शामिल होने गए किसान के सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

### लाखों के गहने किया पार




रायगढ़ 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशगात्र में शामिल होनें गए किसान के सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशान बनाते हुए लाखों रूपये सोने चांदी के जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार बाघाडोला निवासी नरेन्द्र देहरी ने पुसौर थाना में रिर्पोट लिखाते हुए बताया कि 03 अक्टूबर की सुबह दस बजे वह घर में ताला लगाकर अपनी भांजी के सुसर के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होनें हमीरपुर गया हुआ था। जहां से दोपहर करीब साढ़े बजे वह अपने घर पहुंचा तो देखा कि महराजा गेट में लगा ताले का कुंडी टूटा हुआ था। अनहोनी घटना की आशंका को देखते हुए जब वह अंदर घुसा तो सामने का नजारा देखकर वह चकित हो गया। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था।

पीड़ित ने बताया कि घर के सामान को चेक करने पर उसे पता चला कि आलमारी में रखे सोने का हार, सोने का झुमका 2 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी के पायल को मिलाकर अज्ञात चोरों ने कुल 1 लाख 35 हजार के सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा ग्रामीण बैंक का एटीएम कार्ड तक चोर लेकर फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि काफी पतासाजी करने के बावजूद चोरी गए सामानों का पता नही चलने के बाद आखिरकार ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कराया है जिसके आधार पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 (ए) 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो लोगों को मारी टक्कर

### पुरुष चालक की मौत, महिला अस्पताल में भर्ती



रायगढ़ 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियो के बताये अनुसार कापू धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित मिरीगुड़ा गांव के पास आज दोपहर एक सवारी से भरी हर्ष वासुदेव बस ने तेज रफ्तार में जा रही बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाईक बस के अंदर समा गई टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक सवार महिला और पुरुष दोनों बस कि चपेट मे आ गए। हादसे के बाद लोगों कि भीड़ जमा हो गई। हादसे में पुरुष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही महिला को धरमजयगढ़ हॉस्पिटल ले जाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की गति इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल बस के अंदर समा गई और मोटरसाइकिल सवार पुरुष के शव के चीथड़े सड़क पर बिखर गए। वही बस के टक्कर से महिला दूर फेका गई जिसके कारण महिला को भी चोट आई है. सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को धरमजयगढ़ हॉस्पिटल पंहुचा दिया गया है वही मृतक पुरुष के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार धरमजयगढ़ हॉस्पिटल मे बाइक सवार महिला भी जिंदगी और मौत कि लड़ाई लड़ रही है। उचित उपचार के लिए रायगढ़ रिफर करने कि बात सामने आ रही है।

# जिंदल सीमेंट प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

### नाला बंद किए जाने पर जताया विरोध

### बारिश में फसलों के डूबने की आशंका से ग्रामीणों में रोष

### प्रबंधन ने पानी निकासी की समस्या के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन



रायगढ़ 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में जिंदल सीमेंट प्लांट द्वारा नाला बंद किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि नाले के अवरुद्ध होने से पानी की निकासी पूरी तरह रुक गई है, जिससे भारी बारिश की स्थिति में खेतों और फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

स्थानीय पार्षद विष्णुचरण पटेल ने बताया कि यह नाला बरमुड़ा, कलमी, सराईपाली, कोसमपाली, गोरखा और बाबा धाम समेत करीब 10 गांवों की जल निकासी का प्रमुख मार्ग है। उन्होंने कहा कि यह इलाका पूरी तरह इसी नाले पर निर्भर है, और इसके बंद होने से आसपास के खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है। पार्षद ने बताया कि शनिवार को भी ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन को इस समस्या से अवगत कराया था। तब कंपनी ने अस्थायी रूप से एक छोटा पाइप लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की थी, लेकिन वह अपर्याप्त साबित हुआ। नतीजतन, रविवार को ग्रामीणों को फिर से प्रदर्शन करना पड़ा।

विरोध की जानकारी मिलते ही जिंदल सीमेंट प्लांट के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्लांट के पीआरओ एवं महाप्रबंधक हेमंत वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जा रही है। नाले को पोकलेन मशीन से साफ कर व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि कंपनी की प्राथमिकता स्थानीय लोगों की सुविधा और सुरक्षा है।

# जनपद उपाध्यक्ष के मांग पत्र पर जल्द कारवाई होगी

**कोरिया,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के विकास को रफ्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कैबिनेट मंत्रि श्याम बिहारी जायसवाल ने कोरिया जनपद के उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू द्वारा सौंपे गए विकास कार्यों के प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई की बात कही है।

कोरिया बैकुंठपुर जनपद उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू ने हाल ही में प्रदेश के कद्दावर मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर अपने क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक निर्माण कार्यों की सूची सौंपी। उन्होंने मंत्री महोदय को इन कार्यों की महत्ता और क्षेत्रवासियों के लिए इनकी आवश्यकता से अवगत कराया। उपाध्यक्ष साहू ने विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर बजट में शामिल कर जल्द से जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया है। जायसवाल ने जनपद उपाध्यक्ष की मांगों पर गंभीरता और संवेदनशीलता दिखाते हुए, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन सभी प्रस्तावित निर्माण कार्यों का प्राक्कलन तुरंत तैयार करें, और उन्हें जल्द से जल्द बजट में भिजवाने की व्यवस्था करें। श्री जायसवाल का जनपद उपाध्यक्ष साहू ने क्षेत्रवासियों की तरफ से आभार जताया।

## जूटमिल थाना में कोटवारों की बैठक व सम्मान समारोह

रायगढ़ 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन पर थाना जूटमिल में आज ग्राम कोटवारों के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव की बैठक एवं स्थानीय नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

नवरात्र और दशहरा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों के योगदान की सराहना करते हुए थाना प्रभारी ने उनके उत्साहवर्धन हेतु उन्हें सम्मानित किया और गांवों की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित कोटवारों से कहा कि वे गांव में होने वाली किसी भी अनैतिक या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को दें तथा अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर जिले में गूंजा पोषण माह का संदेश

**एमसीबी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर जिले भर में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रमों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पोषण के महत्व को लेकर नई चेतना का संचार हुआ है। इस अभियान के तहत जिले की चार एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के माध्यम से मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और खडगवां में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य जन-जन तक सही पोषण, देश रोशन का संदेश पहुँचाना है। अभियान में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, शिशुओं और बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ परिवार और समुदाय में पोषण के प्रति व्यवहार परिवर्तन लाने पर जोर दिया गया।

विगत 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत दुबछोला, झगराखांड, चैनपुर और खोंगापानी में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं को संतुलित आहार, मोटापे के दुष्प्रभाव, पोषण की आवश्यकता और उसके वैज्ञानिक कारणों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, संवाद सत्र और व्याख्यान आयोजित कर प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

# पति पत्नी के विवाद में ऐसा भी हुआ!

### ननद से विवाद के बीच बनी अप्रिय स्थिति

### घायल को डॉक्टरों ने लगाए 9 टांके



रायगढ़ 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला में ये एक पहला मामला सामने आया है जिसमें पत्नी ने अपने पति के गुप्तांग को दांतो से काट लिया है, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,घटना के बाद मामले की सूचना पर पुलिस आरोपी महिला को थाना लाकर आगे की कार्रवाई में जूट गई।

दरअसल लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बनेकेला में रहने वाला 33 साल का युवक अनिल राठिया राजमिस्त्री का काम करता था,उसकी शादी करीब 13 साल पहले हुई थी और उसके 3 बच्चे हैं,जहां दोपहर तकरीबन 1 बजे उसकी पत्नी बिमला राठिया अपनी ननंद से घरेलू बात को लेकर विवाद कर रही थी, दोनों के बीच झगड़ा बढ़ते देख उसने बीच-बचाव किया।

उस वक्त युवक शराब के नशे में धुत्त था तभी उसकी पत्नी अपने पति के साथ झगड़ने लगी और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दिया, इसके बाद गुस्से में आकर पत्नी ने दांतो से अपने पति के प्रायवेट पार्ट को काट दिया,इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद घर के अन्य सदस्य उसे लैलूंगा अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसका ईलाज शुरू किया,इससे उसके प्रायवेट पार्ट में 9 टांके लगे, ईलाज के बाद पीड़ित लैलूंगा थाना पहुंचा और मामले की शिकायत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया।

इस मामले की पुष्टि करते हुए लैलूंगा एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है, और आरोपी महिला के खिलाफ 296 बीएनस, 115 (2) बीएनएस, 118 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नए जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने किया पदभार ग्रहण






रायगढ़, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के नए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

बता दें कि श्री अभिजीत बबन पठारे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2022 बैच के अधिकारी हैं। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे दुर्ग जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे।

कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात श्री पठारे ने जिला पंचायत के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें समर्पण, पारदर्शिता एवं टीम भावना के साथ जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, जिससे विकास के लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुँच सकें।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने दिलाई अधिकारियों एवं कर्मचारियों को "पोषण संकल्प" की शपथ



जांजगीर, 06 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को "पोषण संकल्प" की शपथ दिलाई। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने अपने दैनिक जीवन में सही पोषण को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान ने मोटापे के दुष्परिणाम, मोटापे का समाधान, चीनी और तेल की खपत कम करना,स्थानीयता को बढ़ावा देना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई)/पोषण भी पढ़ाई भी शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। पौष्टिक आहार को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि पोषण आहार युक्त भोजन से दीर्घकाल तक स्वास्थ्य रहने में मदद करता है एवं रोगों से मुक्त करता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने "वोकल फॉर लोकल" की अवधारणा पर जोर देते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग की अपील की। आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के संदेश को पहुँचाना तथा सामूहिक प्रयासों से एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण करना है।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए



जांजगीर, 06 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। थाना चांपा पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 65 पाव देशी शराब और 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है। दोनों आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी नारायण धीवर, पिता महेश धीवर, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम सिवनी, थाना चांपा तथा अजय कुमार बरेठ, पिता संत राम, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम सिवनी, थाना चांपा है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में अवैध नशे के कारोबार पर लगाम कसने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना चांपा पुलिस की एक टीम ने त्वरित कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम सिवनी के सारथी मोहल्ला एवं ग्राम कुरदा के नाउन मोहल्ला में दबिश दी, जहाँ अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 6,200 रु आंकी गई है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, उपनिरीक्षक बेलसज्जर लकड़ा, प्रधान आरक्षक वेंकट रमन पाटले, आरक्षक शंकर राजपूत, आकाश कलोसिया, वीरेश सिंह एवं जय उरांव का योगदान रहा।

### जिला चिकित्सालय में निःशुल्क डायलिसिस सेवा प्रारंभ

सारंगढ़, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत् जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है। क्रोनिक किडनी के मरीजों में खून की कमी, मूत्र में रक्त आना, पैरो में सूजन आना, चेहरों में सूजन आना, थकान, उक्त रक्तचाप, अनिद्रा, भूख में कमी, त्वचा में खुजली, रात्रि में जल्दी जल्दी पेशाब आना, मांसपेशियों में झनझनाहट होना, सांस लेने में तकलीफ होना, मूत्र में प्रोटिन आना, शरीर के वजन में अचानक बदलाव आना, सिर दर्द होना आदि प्रकार के लक्षण होते है। इस प्रकार के लक्षण होने पर प्रतिदिवस जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आकर जांच एवं उपचार हेतु चिकित्सकीय सलाह ले सकते है। मरीजों द्वारा ऐसे लक्षण होने पर नजर अंदाज करने पर विभिन्न प्रकार के जटिलताएँ हो सकती है एवं गुर्दे की विफलता की संभावना बढ़ जाती है जिसकी वजह से बहुत प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसमें खून की कमी, केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र का नष्ट होना, त्वचा का रंग परिवर्तित होना, रक्त में पोटेशियम का स्तर बढ़ जाना जिससे हृदय को नुकसान होता है। अनिद्रा, पेरीकार्डिटिस, पेट में अलसर होना, प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाना इस प्रकार की जटिलताएँ होती है। इसी प्रकार के मरीजों को हिमो डायलिसिस कराने की संभावना बढ़ जाती है। उल्लेखनीय है कि कोई भी मरीज जिनका डायलिसिस उच्च संस्था या किसी भी निजी संस्था में हो रही है, ऐसे मरीज जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के डायलिसिस कक्ष में अपना आधार कार्ड लेकर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) के तहत् जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा का लाभ मो नंबर 6267317316, 9329205242 पर प्राप्त कर सकते है।

### पुल बनाया पर भूल गए एप्रोच रोड, वाहनों को नाले का सहारा

#### परेशानी के बीच हो रही आवाजाही

कोरबा, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा से होकर जवाली को जोड़ने वाले रास्ते पर जवाली नाला पर पुल जरूर बना दिया गया है लेकिन एप्रोच रोड नहीं बनने से छोटी बड़ी गाडियों को नाला पार करना पड़ रहा है। एप्रोच रोड कब बनेगी इसका अता-पता नहीं है।



सेतु निगम ने लगभग 3 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर जवाली नाला में पुल का निर्माण कर दिया है। लेकिन मुख्य मार्ग से पॉल को कनेक्ट करने के लिए एप्रोच रोड नहीं बनाई गई है। वर्तमान में भी छोटी बड़ी गाड़ियों को आसान तरीके से पल के जरिए पार करने का सपना पूरा नहीं हो सका। गर्मी से लेकर बारिश के मौसम में सभी प्रकार के वहां ऊपर खबर रास्ते और नाला को पर करने के लिए मजबूर है। जरूरत इस बात की है कि प्राथमिकता के साथ पुल को उपयोगी बनाने के लिए एप्रोच रोड का निर्माण कराया जाए और अगर ऐसा नहीं हो सकता है तो वैकल्पिक रास्ते को इस लायक बना दिया जाए ताकि गाडियां बिना किसी आशंका के वहां से गुजर सकें।

# जांजगीर में डकैती की बड़ी साजिश नाकाम

### पिस्टल, कारतूस और हथियारों सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

### एनएसयूआई नेता भी शामिल, रात्रि गश्त के दौरान पुलिस की त्वरित कार्रवाई



जांजगीर, 06 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर पुलिस ने डकैती की एक बड़ी साजिश को समय रहते नाकाम करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, कारतूस, चाकू, मोबाइल, सब्बल, नकाब और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में एनएसयूआई का नगर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर भी शामिल है, जिस पर पूर्व में एक कॉलेज प्राचार्य को धमकी देने का आरोप लग चुका है।

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि 5 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे श्याम सुपर मार्केट, पेंड्री रोड निवासी राहुल अग्रवाल ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ नकाबपोश लोग उसकी दुकान का शटर तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। आवाज सुनकर वह अपने पिता के साथ बाहर निकले, जिसे देखकर आरोपी भाग निकले। रात्रि गश्त कर रही पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने तत्काल इलाके को घेराबंदी की और तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष कुमार बनवा (26), निवासी ग्राम अफरीद, हाल मुकाम लक्की डेयरी के पीछे जांजगीर,चैतन्य उर्फ चमन दिनकर (19) निवासी ग्राम तागा थाना मुलमुला, हितेश दिनकर (21) निवासी ग्राम तागा थाना मुलमुला, जितेंद्र दिनकर (26) निवासी पूटपुरा थाना जांजगीर,तरुण सूर्यवंशी (22) निवासी भाटापारा थाना जांजगीर शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए), 310(4), 3(5), 312, 296, 351 बीएनएस एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक मणिकांत पांडे, उप निरीक्षक भवानी सिंह चौहान, सत्यम चौहान, रात्रि गश्त के प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, आरक्षक गोविंदा बंजारे और सुनील सूर्यवंशी का योगदान रहा।

#### आरोपियों से बरामद सामग्री

01 नग देशी पिस्टल,05 नग जिंदा कारतूस,01 नग चाकू,02 नग सब्बल,02 नग नकाब,01 मोबाइल,घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई।

#### साजिश का खुलासा

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी और डकैती की नीयत से रात में घूम रहे थे। हथियारों की आपूर्ति साथी आरोपियों जितेंद्र और तरुण से की गई थी। सभी ने घटना में शामिल होने और हथियार रखने की बात स्वीकार की है।

## विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा,गांव से लेकर शहर तक होगा को लेकर होगा सांसद खेल महोत्सव

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जांजगीर, 06 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के विकास कार्यों और शासन की प्राथमिकता वाले योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिले में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में तीन स्तर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संकुल स्तर पर 6 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक एवं विधानसभा/ विकासखंड स्तर पर 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक एवं जिला स्तर पर नवम्बर में आयोजित होने वाले खेल महोत्सव के आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि इस खेल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देना है।



कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों में वार्डवार शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया आगामी 9 अक्टूबर से प्रारंभ होगी, इसलिए किसानों को समय जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए नामांतरण, बटांकन, खसरा, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



### आज जनदर्शन में कुल 48 आवेदन हुए प्राप्त

जांजगीर, 06 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशील पूर्वक सुनी। कलेक्टर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज जनदर्शन में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनदर्शन में आज तहसील बलौदा के ग्राम पंतोरा निवासी गोविंद राम देवांगन मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम नवापारा निवासी विकास कुमार पटेल पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने, तहसील जांजगीर के ग्राम मेंहदा निवासी संदीप तिवारी द्वारा बेजा कब्जा हटवाने, ग्राम नवापारा निवासी बलराम कश्यप द्वारा पीएम सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम पंचायत बिरकोनी निवासी प्रकाश पाटले व ग्राम पंचायत पीपर सत्ती निवासी श्रीमती द्रोपती बाई प्रोत्साहन राशि दिलाने, श्रीमती भानमती बंजारे प्रधानमंत्री आवास योजना व पेंशन योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### हरि लीला ट्रस्ट की पहल

### 106 स्कूलों के 301 प्रतिभागियों ने दिखाया ज्ञान का दम



जांजगीर, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। हरि लीला ट्रस्ट बनारी के तत्वावधान में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर नैला में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 106 विद्यालयों से चयनित 301 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरि लीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल ज्ञान परीक्षण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा देने और उनमें सकारात्मक सोच विकसित करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश शर्मा और आभार प्रदर्शन जितेंद्र खांडे व हितेश यादव ने किया। स्पर्धाओं के विजेताओं को 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाले भव्य समारोह में आकर्षक नगद पुरस्कार, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय 11,000, तृतीय 5,100 और सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रत्येक प्रतिभागी को 2,100 रुपए दिए जाएंगे। फाइनल परीक्षा में प्रतिभागियों ने इतिहास, भूगोल, विज्ञान, राजनीति, अर्थशास्त्र और खेल जैसे विविध विषयों पर आधारित प्रश्नों के उत्साहपूर्वक उत्तर दिये। परीक्षा का माहौल अनुशासित, प्रेरणादायक और आत्मविश्वास से भरपूर रहा।

### एक और लापता युवक आशीष भोई का शव मिला

### देवरी पिकनिक हादसा



जांजगीर, 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। हसदेव नदी में हुए देवरी पिकनिक हादसे के तीसरे दिन सोमवार सुबह एक और लापता युवक आशीष भोई का शव महुदा गांव के पास नदी में फंसा हुआ मिला। शव कुदरी बैराज से करीब 1.5 किलोमीटर पहले एक टापूनुमा स्थान पर अटका हुआ था।

नगर सेना और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। इस दर्दनाक हादसे में अब तक दो युवकों की मौत हो चुकी है, जबकि स्वर्णरेखा ठाकुर नामक युवती अब भी लापता है। एसडीआरएफ और नगर सेना की टीम उसकी तलाश में युद्धस्तर पर जुटी हुई है। शनिवार शाम को पांच दोस्त देवरी गांव के पास हसदेव नदी के किनारे पिकनिक मनाने पहुंचे थे। नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और सभी गहराई में समा गए। स्थानीय लोगों की मदद से मोनिका सिन्हा और लक्ष्मी शंकर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि अंकुर कुशवाहा, आशीष भोई, और स्वर्णरेखा ठाकुर लापता हो गए थे। रविवार को अंकुर कुशवाहा का शव कुदरी बैराज के पास बहते हुए मिला था, और अब सोमवार को आशीष का शव महुदा गांव के पास बरामद किया गया।

### कलेक्टर ने कई कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया

### किसान और वकीलों से बातचीत कर जाना तहसील का हाल

सारंगढ़, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय में विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीयक तहसील कार्यालय, जिला कोषालय कक्ष, तहसील न्यायालय, वसूल बकाया नवीस शाखा, नायब तहसीलदार न्यायालय कक्ष, मॉर्डन रिकॉर्ड रूम, सहायक खाद्य शाखा, आवक-जावक शाखा तथा कानूनगो शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील न्यायालय में केस कब-कब लगते हैं, इसकी जानकारी ली और स्पष्ट समय व तिथि का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में मौजूद किसानों से चर्चा कर उनके कार्यों की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने वसूली बकाया शाखा का निरीक्षण कर बकाया वसूली की प्रगति जानी। वहीं नोटरी अधिवक्ताओं से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालयों में पारदर्शिता, समयबद्धता और व्यवस्थित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।



# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### 6 से 9 अक्टूबर तक जांजगीर में आयोजित होगी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता





जांजगीर, 06 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। हाईस्कूल मैदान जांजगीर में सोमवार 6 अक्टूबर को 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। चार दिनों तक चलने वाली यह प्रतियोगिता प्रदेश के खिलाड़ियों की प्रतिभा और परिश्रम का साक्षी बनेगी, जहाँ विजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य का खेल ध्वज फहराकर किया।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, हितेश यादव, इंजी. रवि पांडेय तथा पार्षदगण पंकज कहरा, अजीत गढ़वाल, रघु कश्यप, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और उमेश राठौर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

डीएसओ प्रेमलाल पांडेय ने बताया कि प्रदेश के पाँच जोन बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा से आए लगभग 400 खिलाड़ी एवं 100 अधिकारी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें प्रदेशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में कुश्ती फ्री स्टाइल (बालक) 14, 17, 19 वर्ष, कुश्ती फ्री स्टाइल (बालिका) 14, 17, 19 वर्ष एवं कुश्ती ग्रीको रोमन (बालक) 17, 19 वर्ष वर्गों में मुकाबले होंगे। जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा आप सब छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें, मन लगाकर खेलें और जीत की नहीं, खेल की भावना से भाग लें। अनुशासन और परिश्रम से ही सफलता मिलती है। पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीत से अभिमान नहीं करना चाहिए, हार से हम सीखते हैं और खुद को बेहतर बनाते हैं। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, उपाध्यक्ष मोहन यादव ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को सर्वोपरि बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, व्यायाम शिक्षकगण रमेश तिवारी, प्रमोद तिवारी,धीरमन आदित्य, गजेंद्र चौहान, विष्णु यादव, निलेश यादव, संजय यादव, रामकृष्ण परमहंस, अशोक साहू, धनमत महंत, तथा जोन प्रबंधकगण मगनराम गोपेश्वर कहरा, राजेश राठौर, और राकेश गढ़ेवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपक यादव ने किया।

#### आकर्षक मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में सभी जोनों के खिलाड़ियों ने अनुशासित और जोशपूर्ण मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसका नेतृत्व मास्टर ऑफ सेरेमनी रमेश तिवारी ने किया। खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी और अर्धचंद्राकार में सुव्यवस्थित हुए। राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कु. वर्षा बिंद (बिलासपुर जोन) ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शासकीय कन्या उमावि जांजगीर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरगाँव की छात्राओं ने दी।

#### 14 वर्षीय बालक वर्ग में दुर्ग जोन का दबदबा, बालिका वर्ग में बिलासपुर जोन रही अव्वल

25वीं राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में सोमवार को हुए 14 वर्षीय वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बालक वर्ग में दुर्ग जोन के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रायपुर जोन के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन जौहर दिखाते हुए द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। इसी प्रकार 14 वर्षीय बालिका वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में बिलासपुर जोन की पहलवानों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दबदबा बनाए रखा और प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायपुर, बस्तर जोन की बालिकाओं ने भी कड़ी टक्कर दी और द्वितीय स्थान पर रहीं।

# देश विदेश

## चीन के युन्नान में बाढ़ को लेकर अलर्ट, इमरजेंसी सेवा एक्टिव

**बीजिंग।** चीन के राज्य बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी युन्नान में बाढ़ नियंत्रण के लिए स्तर-4 इमरजेंसी रिस्पांस को एक्टिव कर दिया। चीनी मुख्यालय ने बाढ़ की स्थिति देखने और उससे प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक टीम तैयार की है। मौसम विभाग की ओर से साझा जानकारी के अनुसार मत्मो की वजह से आने वाले दिनों में युन्नान में भारी बारिश की संभावना है। वहीं कुछ क्षेत्रों में 190 एमएम की बारिश हो सकती है। चीन के इमरजेंसी रिस्पांस के चार स्तर हैं। इसका पहला स्तर सबसे ज्यादा गंभीर माना जाता है। ऐसे में अभी लेवल-4 के इमरजेंसी रिस्पांस को एक्टिव किया गया है।

# गाजा में युद्धविराम कराने की दिशा में ट्रंप की पहल प्रशंसनीय : अब्देल


**काहिरा, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने डोनाल्ड ट्रंप के 20 प्वाइंट गाजा प्लान की प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह क्षेत्र में स्थिरता की दिशा में एक नई शुरुआत साबित हो सकता है। सीसी ने सोमवार को अपने विचार मिस्र के 'ग्लोरियस विक्ट्री दिवस' कार्यक्रम के दौरान रखे। इजरायल और मिस्र के बीच 1973 के युद्ध की 52वीं वर्षगांठ के समारोह में वो बोल रहे थे। अपने संबोधन में, सीसी ने कहा



कि मैं दो साल के युद्ध, नरसंहार, हत्या और विनाश के बाद गाजा में युद्धविराम की दिशा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल की केवल प्रशंसा और सराहना ही कर सकता हूं। उन्होंने फिलिस्तीन को मान्यता का जिक्र करते हुए आगे कहा कि युद्धविराम, कैदियों और बंदियों की वापसी, गाजा का पुनर्निर्माण और एक शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया की शुरुआत, जो फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना और मान्यता की ओर ले जाती है, इसका मतलब है कि हम स्थायी शांति और स्थिरता के सही रास्ते पर हैं। बता दें, गाजा युद्ध को समाप्त करने के लिए ट्रंप के अल्टीमेटम को स्वीकार करने के लिए हमास को मनाने की कोशिश मिस्र और कतर कर रहे हैं।

## ट्रम्प ने कहा कि गाजा योजना से जुड़ा पहला चरण एक सप्ताह में होगा पूरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष सुलझाने तथा हमास बंधकों को मुक्त करने की उनकी योजना का पहला चरण एक सप्ताह में पूरा हो जायेगा। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि तकनीकी दल सोमवार को मिस्र में फिर से मिलेंगे, जो सभी अंतिम फैसलों पर काम करेंगे। मुझे बताया गया कि पहला चरण इस सप्ताह पूरा हो जाएगा और मैं सभी से इसे जल्दी करने को कह रहा हूं। मैं दशकों पुराने इस संघर्ष पर लगातार नजर बनाये रखूंगा।



## हमास ने कैदी विनिमय के लिए शांति वार्ता की शर्तें रखीं

**बीजिंग।** फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने इजरायली बंदियों और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई से जुड़े अपने '20-सूत्रीय योजना' के क्रियान्वयन के लिए कड़े शर्तें रखीं हैं। इनमें पूर्ण युद्धविराम, गाजा पट्टी के घनी आबादी वाले इलाकों से इजरायली सेना की वापसी और अन्य सुरक्षा संबंधी मांगें शामिल हैं। 6 अक्टूबर को मिस्र में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित इस '20-सूत्रीय योजना' के तहत हमास और इजरायल के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता प्रारंभ होने जा रही है, जिसमें युद्ध विराम, कैदियों की रिहाई, और इजरायली सैनिकों की प्रारंभिक वापसी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होगी। हमास के सूत्रों के अनुसार, कैदी विनिमय के लिए वे प्रमुख शर्तें रख रहे हैं, जिनमें पूर्ण युद्धविराम का कड़ाई से पालन होना, जनवरी में हुए पिछले युद्धविराम समझौते के दौरान इजरायली सेना का अपने पूर्व ठिकानों पर वापस लौटना, और इजरायली वायुसेना द्वारा प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे तक लड़ाकू विमानों व ड्रोन की उड़ानें रोकना शामिल है।

## फ्रांस में प्रधानमंत्री सेबास्टियन ने मात्र 27 दिनों बाद दिया इस्तीफा

■ **लेकोर्नु इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बने**



**नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)।** फ्रांस के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार की सुबह इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। श्री लेकोर्नु ने अपनी नयी सरकार के गठन के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफ़ा देकर देश को एक बार फिर से राजनीतिक अनिश्चितता में धकेल दिया। इस तरह 27 दिनों के कार्यकाल के बाद श्री लेकोर्नु फ्रांसीसी संसदीय इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गये हैं। उग्र-वामपंथी ला फ्रांस इनसोमिसे (एलएफआई) पार्टी के नेता जीन-ल्यूक मेलेंचन ने राष्ट्रपति मैक्रों को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की मांग की। एलएफआई की एक प्रमुख सदस्य मथिल्डे पैनोट ने श्री लेकोर्नु के इस्तीफे के बाद श्री मैक्रों के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उलटी गिनती शुरू हो गई है। मैक्रों को जाना ही होगा। सितंबर की शुरुआत में श्री मैक्रों ने गहराते राजनीतिक संकट को कम करने के प्रयास में 39 वर्षीय लेकोर्नु को अपने कार्यकाल का सातवां प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। फ्रांसीसी राजनीति तब से उथल-पुथल में है जब से श्री मैक्रों ने अपनी सत्ता मजबूत करने की उम्मीद में पिछली गर्मियों में अचानक चुनाव कराने का दांव खेला था। यह कदम उल्टा पड़ गया, जिससे संसद तीन प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित हो गई। रविवार शाम को श्री लेकोर्नु ने राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा अपनी नियुक्ति के लगभग चार हफ्ते बाद अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के नामों घोषणा की।

## सुडोकू 7056


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7056



**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र(उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत(उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब(उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा.
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. डरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगों द्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुनः आना
१२. बंधक, रेहन(उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन करने का काल
१५. इमारत, पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया(उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठ व्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

### वर्ग पहेली-7055



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 7056 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 7 अक्टूबर, 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश में ध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भागीदारी से लाभ होगा।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन एवं यूएवी मार गिराए

■ **इनमें से 40 क्रीमिया गणराज्य में मार गिराए**

**मॉस्को, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)।** रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन और यूएवी को नष्ट किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। बयान में कहा गया कि रविवार की रात से अब तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 251 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित



हवाई वाहनों और ड्रोन को रोका और नष्ट किया। इनमें से 40 सिर्फ क्रीमिया गणराज्य में मार गिराये गये। बयान में कहा गया कि कुर्स्क के हवाई क्षेत्र में 34, बेलगोरोद क्षेत्र में 30, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में 20, वोरोनिश क्षेत्र में 17, क्रास्नोडार क्षेत्र में 11, ब्रांस्क और तुला में आठ-आठ यूएवी और ड्रोन मार गिराये गये। इसके अलावा चार यूएवी को रियाज़ान क्षेत्र में, दो को व्लादिमीर, इवानोवो, कलुगा, तांबोव और ओरयोल क्षेत्रों में मार गिराया गया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर भी 62 और आजोव सागर के ऊपर पांच यूएवी नष्ट कर दिए गए।

## यहूदी धार्मिक स्थलों पर आतंकवादी हमलों को रोका : रूसी सुरक्षा एजेंसी

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार कहा कि उसने क्रास्नोयार्स्क और स्टावरोपोल क्षेत्रों में यहूदी धार्मिक स्थलों पर आतंकवादी हमलों को रोका है। एफएसबी ने अपने बयान में कहा कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने क्रास्नोयार्स्क और स्टावरोपोल क्षेत्रों में यहूदी धार्मिक स्थलों पर आतंकी हमलों को रोक दिया गया है जिसकी योजना रूस में प्रतिबंधित एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन के समर्थकों ने बनायी थी। बयान में कहा गया है कि क्रास्नोयार्स्क में उठाये गये कदमों के मद्देनजर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें से एक मध्य एशिया के देशों का रहने वाला है। वे शहर के प्रार्थनास्थल के क्षेत्र में एक विस्फोटक उपकरण से धमाका करने की तैयारी कर रहे थे। एफएसबी ने कहा कि एक रूसी नागरिक को भी प्यातिगोर्स्क शहर में यहूदी धार्मिक समुदाय की इमारत में मोलोटोव कॉकटेल का इस्तेमाल करके आग लगाने की योजना बनाने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। उसके पास से दो चाकू और टेलीग्राम मैसेंजर पर आपराधिक गतिविधि के एक विदेशी समन्वयक के साथ बात करने वाले संचार उपकरण भी जब्त किये गये हैं।

## मोटेगी को जापान का अगला विदेश मंत्री नियुक्त कर सकती हैं ताकाइची

**टोक्यो, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)।** जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की नेता चुनी गईं पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची जल्द ही प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकती हैं। संभावना जताई जा रही है कि वो एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोटेगी को विदेश मंत्री के तौर पर नियुक्त कर सकती हैं। क्योडो न्यूज ने सोमवार को बताया कि ताकाइची पूर्व रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा को मुख्य कैबिनेट सचिव नियुक्त कर सकती हैं। प्रमुख समाचार एजेंसी ने कहा कि मोटेगी भी ताकाइची के साथ अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल थे। ताकाइची अपने अन्य प्रतिद्वंदियों को भी कैबिनेट या पार्टी की नई कार्यकारिणी में शामिल कर सकती हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मोटेगी 69 वर्षीय वरिष्ठ प्रतिनिधि सभा सदस्य हैं, जिन्होंने 2019 से 2021 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया है और उद्योग मंत्री का पद भी संभाला है।

## माउंट एवरेस्ट की पूर्वी ढलान पर हिमपात में फंसे 350 पर्यटक सुरक्षित नीचे उतरे

**बीजिंग, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)** माउंट एवरेस्ट की पूर्वी ढलान पर हिमपात में फंसे 350 पर्यटकों का एक समूह सुरक्षित रूप से पहाड़ से नीचे उतर आया है। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, शिगात्से प्रान्त में टिंगरी काउंटी मीडिया सेंटर ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीडिया सेंटर ने वीचैट पर कहा कि हिमपात से प्रभावित 350 पैदल यात्री सुरक्षित रूप से क्यूडांग बस्ती में एकत्रित हुए हैं और उनकी शारीरिक स्थिति अच्छी है। बचाव दल ने 200 से अधिक अन्य पैदल यात्रियों से भी संपर्क स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है और वे बचाव दलों के मार्गदर्शन में धीरे-धीरे एकत्रित होने वाले स्थल पर पहुंचेंगे। चीनी अखबार सानशियांग दुशीबाओ ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था कि हिमपात के कारण तिब्बत में माउंट एवरेस्ट की पूर्वी ढलान पर लगभग 1,000 पर्यटक फंसे हुए हैं। उन्हें कथित रूप से 4,900 मीटर (16,000 फीट) की ऊंचाई पर तंबुओं में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## भारत के खिलाफ बांग्लादेश में एक्टिव हुई आईएसआई, भारतीय एजेंसियां अलर्ट

**नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच वहां की सेना और आईएसआई की नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। इसके बाद भारतीय एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समय भारत और बांग्लादेश के बीच काफी तनाव देखने को मिला था। शेख हसीना के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी अच्छे थे और पाकिस्तान के साथ दूरी बनी हुई थी, लेकिन अब वहां के हालात बदल चुके हैं।

हाल ही में आईएसआई के कई अधिकारियों ने बांग्लादेश के कई दौरे किए। इस दौरान आईएसआई की ओर से आतंकी मॉड्यूल को अपनी संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया। आईएसआई ने भारत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई आतंकवादी समूहों को अपना समर्थन देने की बात कही। बांग्लादेशी आतंकियों को ट्रेनिंग देने के लिए पाकिस्तान से लोगों को यहां भेजा जाएगा। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद इन आतंकवादियों की मदद से ही भारत पर हमले कराने की साजिश रची जा रही है। बांग्लादेश में अस्थिरता का असर भारत पर भी पड़ने की आशंका बनी हुई है। दरअसल, शेख हसीना की सरकार गिरने के दौरान बांग्लादेश में जिस तरह की स्थिति थी, उस समय में बांग्लादेशी सेना ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत शांति बहाली की मांग की थी। ऐसे में बांग्लादेश और भारत के संबंधों में सुधार की एक गुंजाइश दिख रही थी।



■ **शेख हसीना के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी अच्छे थे**

## आज का इतिहास

1586 - मुग़ल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया।
1737 - बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत।
1840 - विलेम द्वितीय नीदरलैंड का राजा बना।
1868 - अमेरिका में कोर्नोल विश्वविद्यालय खुला। इसमें 412 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जो उस समय की सबसे बड़ी संख्या थी।
1919 - गांधीजी की 'नवजीवन' पत्रिका प्रकाशित।
1942 - अमेरिका और ब्रिटिश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की घोषणा की।
1950 - मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की थी।
1952 - चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी बनी।
1959 - सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।
1977 - सोवियत संघ ने चौथे संविधान को अंगीकार किया।
1992 - भारत में त्वरित कार्यवाइ बल का गठन किया गया था। इसका गठन विशेष रूप से सांप्रदायिक दंगों से सहानुभूति पूर्वक और विशेषज्ञतापूर्वक निबटने के लिए हुआ था। प्रकृतिक आपदाओं से निबटने में भी यह बल नागरिक प्रशासन की मदद करता है। रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना की गई।
1997 - सूर्य बहादुर थापा द्वारा नेपाल के नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण, भारत और रूस सुरक्षा सहयोग 2010 तक बढ़ाने के लिए सहमत।

**अलर्ट** *एआईसी सर्वेक्षण में भाग लेने वाले लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के शिकार हुए*

## ऑस्ट्रेलिया : एक साल में 40 फीसदी लोग साइबर अपराध के हुए शिकार

**कैनबरा, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)।** ऑस्ट्रेलिया में साइबर अपराध को लेकर एक सरकारी रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में 40 प्रतिशत से अधिक लोग एक साल में कई अलग-अलग साइबर अपराध के शिकार हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई अपराध विज्ञान संस्थान (एआईसी) की तरफ से सोमवार को 'ऑस्ट्रेलिया में साइबर अपराध 2024' रिपोर्ट प्रकाशित की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार सभी पीड़ितों में से 42.1 प्रतिशत लोग एक ही साल में कई प्रकार के साइबर अपराधों के शिकार हुए। रिपोर्ट में साइबर अपराध के चार प्रमुख प्रकारों के बारे में बताया गया है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

■ **सभी पीड़ितों में से 6.6 प्रतिशत लोग सभी चार प्रकार के साइबर अपराधों के शिकार हुए**

इसके अनुसार ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न, मैलवेयर, पहचान संबंधी अपराध और दुरुपयोग, धोखाधड़ी एवं घोटाले पर ज्यादा फोकस रखा गया। रिपोर्ट के अनुसार 47.4 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने 2024 में किसी न किसी साइबर अपराध का शिकार होने की सूचना दी। एआईसी सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 10,335 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में से 26.8 प्रतिशत लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न (साइबर अपराध) के शिकार हुए, इसके बाद पहचान संबंधी अपराध और दुरुपयोग के शिकार हुए। सभी



पीड़ितों में से 6.6 प्रतिशत लोग सभी चार प्रकार के साइबर अपराधों के शिकार हुए।

ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) के साइबर कमांडर ग्रीम मार्शल ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि साइबर अपराध की रोकथाम ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एक बार के प्रयास के बजाय एक दैनिक आदत होनी चाहिए। रिपोर्ट को लेकर उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी एक हमले के बाद यूं ही आगे नहीं बढ़ जाते। अगर उन्हें कोई कमजोरी नजर आती है, चाहे वह कमजोर पासवर्ड हो, पुराना सॉफ्टवेयर हो या कोई हैक किया गया ईमेल हो, तो वे बार-बार अलग-अलग तरीकों से ऐसा करने की कोशिश करेंगे। सर्वे में शामिल लोगों में 9.5 फीसदी लोग ऐसे थे जो धोखाधड़ी और घोटाले जैसे साइबर अपराध के शिकार हुए, लेकिन सभी पीड़ित इसे लेकर सबसे ज्यादा संवेदनशील थे।

## दुनिया को जानें

### चीनी वैज्ञानिकों ने चांद के पिछले भाग के लूनर मैंटल की ठंडक का रहस्य खोला

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्राधिकरण और चीनी परमाणु ऊर्जा प्राधिकरण ने 6 अक्टूबर को घोषणा की कि उन्होंने चंद्रयान छांग'अ-6 से प्राप्त चाँद के पिछले भाग के नमूनों के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है। इस अध्ययन में पहली बार यह पता चला है कि चाँद के पिछले भाग का लूनर मेंटल (चंद्रीय अंतर्भाग) चाँद के सामने के भाग की तुलना में अधिक ठंडा है। यह खोज चाँद के चंद्रीय द्विभाजन के ज्ञान को गहरा करती है और चंद्रमा के विकास तथा इसकी भूगर्भीय संरचना की समझ के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े प्रदान करती है। विशेष रूप से, छांग'अ-6 द्वारा एकत्र किए गए बेसाल्टिक चट्टान के नमूने का क्रिस्टलीकरण तापमान 1100 डिग्री सेल्सियस पाया गया, जो चाँद के सामने के भाग के समान नमूनों की तुलना में लगभग 100 डिग्री सेल्सियस कम है। शोधकर्ताओं ने यह भी ज्ञात किया कि चाँद के पिछले भाग का मैंटल पोटेंशियल तापमान सामने के भाग के मुकाबले कम है। यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल 'नेचर जियोसाइंस' की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है, जो चाँद के भौतिक और भूगर्भीय विशेषताओं के अध्ययन में एक नई दिशा प्रदान करता है।

# खेल जगत

## चोटिल मोहम्मद सलीम बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ग्रोइन (एडक्टर) की चोट के कारण अबू धाबी में बंगलादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सलीम पुनर्वास के लिए एसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में रिपोर्ट करेंगे। सलीम की जगह दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज बिलाल सामी को बंगलादेश के खिलाफ होने वाले एकदिवसीय मैचों के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। तेईस वर्षीय सलीम ने अब तक दो एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने ये दोनों मैच जुलाई 2023 में बंगलादेश के खिलाफ खेले थे। उन्होंने आखिरी बार अफगानिस्तान के लिए अपना एकमात्र टेस्ट मैच फरवरी 2024 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।



# कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी : हरमनप्रीत कौर

## भारत की बेटियों ने पाकिस्तान से अपना लगातार 12 वां अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच जीत फिर अपना डंका बजाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने वुमैन ऑफ द' मैच नौजवान तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा द्वारा स्पिन का जाल बुन चटकाए तीन तीन विकेट की बदौलत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को कोलंबो (श्रीलंका) के प्रेमदासा स्टेडियम में आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप के दूसरे मैच में रविवार रात 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज कर उसके खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखा। भारत की अब तक हुए महिला वनडे विश्व कप मे पाकिस्तान पर यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत की बेटियों ने पाकिस्तान से अपना लगातार 12 वां अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच जीत फिर अपना डंका बजाया।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप में लगातार अपनी टीम की लगातार दूसरी जीत पर कहा, ' सच कहूं कि कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। हम ज्यादा से ज्यादा वक्त क्रीज पर बिता कर यह देखना



चाहते थे कि हम इस पर कितने रन बना सकते हैं। हमारी टीम जब मई में कोलंबो में त्रिकोणीय वनडे खेले थे तब पिचें अलग थीं। पिछले दो दिन से हुई बारिश के कारण पिच पर गेंद कुछ रुक कर आ रही थी । हमारे लिए अहम था आखिर तक

■ **हमारी गेंदबाजों, खासतौर पर क्रांति ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की**

विकेट बचाए रखना, जिससे कि हम अपनी योजना को अमली जामा पहना सके। हमारी गेंदबाजों ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की। खासतौर पर तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने वाकई धारदार गेंदबाजी कर पाकिस्तान की बल्लेबाजों को परेशान किया। अनुभवी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने दूसरे छोर से दबाव बना कर क्रांति को विकेट चटकाने में मदद की। हमने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कई कैच टपकाए पर अंत में जब आप मैच जीतते हैं तो बढ़िया महसूस होता है। निचले क्रम में ऋचा घोष ने 30 रन से ज्यादा की अहम पारी खेली।' भारत को अपने अगले दो मैच दक्षिण अफ्रीका (9 अक्टूबर) और ऑस्ट्रेलिया को विशाखापट्टनम में खेलते हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत चाहती हैं कि भारतीय टीम जीत का लुत्फ उठाए और फिर अपना ध्यान आगे के मैचों पर लगाने के साथ सकारात्मक ढंग से सोचे।

## पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच में क्रांति ने रचा इतिहास



**कोलंबो।** महिला विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर शिकस्त दी। कोलंबो में रविवार को खेले गए मुकाबले में क्रांति गौड़ मैच की 'नायिका' रहीं। उन्होंने 3 विकेट लेने के अलावा बल्ले से 8 रन का योगदान दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में क्रांति गौड़ ने 10 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 47 डॉट बॉल फेंकी। यह 2020 के बाद से महिला वनडे मैच में किसी भारतीय तेज गेंदबाज की ओर से फेंकी गई सबसे ज्यादा डॉट बॉल रहीं। उनके अलावा, रेणुका सिंह ने 45 डॉट गेंदें डालीं। रेणुका ने इस मैच में 10 ओवर फेंके, जिसमें 29 रन दिए। हालांकि, वह कोई विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इन दोनों ही गेंदबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज मैच में मिलकर 92 डॉट बॉल फेंकी।

## आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा अमीन को लगी फटकार

**कोलंबो।** पाकिस्तान की बल्लेबाज सिदरा अमीन को रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके लिए उन्हें औपचारिक रूप से फटकार लगाई है और उनके नाम एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।अमीन इस मैच में पाकिस्तान के लिए 106 गेंदों में 81 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं थी। अमीन ने आउट होने के बाद अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा था। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो कि अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है।इस लेवल 1 के अपराध में खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं। अमीन ने अंपायरों द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद मैच रेफरी शैंड्रे फ्रिट्ज द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान को इस मैच में भारत से 88 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। उसे टूर्नामेंट में अभी तक जीत हासिल नहीं हुई है, इससे पहले वह बंगलदेश से हार गया था और अब उसका अगला मुकाबला आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल

# प्रमोद भगत ने भारत को जिताए 3 गोल्ड

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 में भारत के शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत ने अपना दबदबा दिखाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में देश को 3 गोल्ड मेडल दिलाए हैं।

प्रमोद भगत ने हमवतन मंटू कुमार को एक खिताबी मुकाबले में 21-7, 9-21, 21-9 से शिकस्त देकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल में पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लॉस्टौनौल और डायना रोजास गोलाक को सीधे सेटों में 21-13, 21-17 से शिकस्त देकर एक और गोल्ड अपने नाम किया। प्रमोद भगत ने मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीता। यहां उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर रोमांचक फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।

भारत के लिए तीन गोल्ड जीतने के बाद भगत ने कहा कि हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत का नाम रोशन



तीन गोल्ड जीतने के बाद भगत ने कहा कि हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है : प्रमोद भगत

करना हमेशा खास होता है। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों पर गर्व है। डबल्स में भगत के साथी सुकांत कदम ने भी उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ और मजबूत होती गई है। यह जीत हमें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बहुत आत्मविश्वास देती है। भगत और कदम के शानदार प्रदर्शन के अलावा, कई भारतीय शटलर ने विभिन्न श्रेणियों में प्रभावित किया। रणजीत सिंह ने तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते। उनके अलावा, नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में सिल्वर जीता, जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में सिल्वर अपने नाम किया।

आरती पाटिल और उमा सरकार की जोड़ी ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। भारत के शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत का यह शानदार प्रदर्शन और भारत के पदकों की संख्या पैरा बैडमिंटन में देश के बढ़ते प्रभुत्व को दर्शाती है, जिससे आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए आत्मविश्वास से भरा एक शानदार माहौल तैयार होता है।

# विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड

**विशाखापत्तनम,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एसीए-वीडीसीए विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम में दो स्टैंड का नाम भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर 'मिताली राज' और 'रवि कल्पना' के नाम पर रखा जाएगा। इन स्टैंड के उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 अक्टूबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वर्ल्ड कप मैच के साथ किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश के साथ अगस्त 2025 में 'ब्रेकिंग बाउंड्रीज' कार्यक्रम में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया है। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि स्मृति मंधाना की अपील पर अमल करते हुए, मंत्री नारा लोकेश ने तुरंत आंध्र क्रिकेट संघ से परामर्श किया, जिसके परिणामस्वरूप विशाखापत्तनम स्टेडियम में महिला क्रिकेट की महान हस्तियों के नाम पर स्टैंड का नामकरण करके उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है। इस विचार को तत्काल अमल में लाना लैंगिक समानता और महिला क्रिकेट के अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण को दर्शाता है। आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच से



स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है : नारा लोकेश

पहले 12 अक्टूबर को 'मिताली राज स्टैंड' और 'रवि कल्पना स्टैंड' का उद्घाटन करेगा। स्टैंड का नाम बदलने से महिला क्रिकेटर्स को सम्मानित करने के साथ खेल में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इससे देश की बच्चियों को महिला क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने अपने करियर में 12 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 1 शतक और 4 अर्द्धशतकों के साथ 699 रन बनाए। दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश में जन्मीं रवि कल्पना ने बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज राज्य स्तर पर अपनी चमक बिखेरी। उन्होंने भारत की तरफ से 7 वनडे मैच भी खेले।

## श्रीयांशी ने अपना पहला बीडब्ल्युएफ सुपर 100 खिताब जीता

**अबू धाबी,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन तस्नीम मीर को हराकर अल ऐन मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने रविवार को खलीफा बिन जायद स्टेडियम में 49 मिनट तक चले फाइनल में तस्नीम मीर को 15-21, 22-20, 21-7 से हरा कर खिताब जीता। यह श्रीयांशी की 20 वर्षीय पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी पर तीन मुकाबलों में पहली जीत और बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला सुपर 100 खिताब है। बाद में, भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया के पाचवीं वरीयता प्राप्त रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में, तस्नीम ने तुर्किये की नेस्लिहान एरिन को 9-21, 21-17, 21-10 से तथा श्रीयांशी ने इंडोनेशिया की चियारा मारवेला हांडोयो को 21-11, 21-12 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी।

## 1 दिसम्बर से लंका प्रीमियर लीग की शुरुआत, भारतीय खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का छठा संस्करण 1 से 23 दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ी भी हिस्सा लेने जा रहे हैं। ऐसे में फैंस इस टी20 लीग से जबरदस्त रोमांच की उम्मीद कर रहे हैं। पहली बार लंका प्रीमियर लीग में भारतीय क्रिकेटर हिस्सा लेंगे, जिनके नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। माना जा रहा है कि भारतीय खिलाड़ियों के जुड़ने से इस लीग की लोकप्रियता में इजाफा होगा। लंका प्रीमियर लीग के इस संस्करण में कुल 24 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान 20 लीग मैच और 4 नॉकआउट मुकाबले होंगे। यह सभी मुकाबले कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने हैं। इस टूर्नामेंट में पांच फ्रेंचाइजी हिस्सा लेने जा रही हैं। लीग चरण के दौरान सभी फ्रेंचाइजी दो बार आमने-सामने होंगी। राउंड-रॉबिन चरण के बाद, शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। पहला प्लेऑफ मैच यानी क्वालीफायर 1 शीर्ष दो टीमों के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मुकाबले में भिड़ेंगी। एलिमिनेटर मैच की विजेता टीम क्वालीफायर 1 में हारने वाली टीम से क्वालीफायर 2 में भिड़ेगी। क्वालीफायर 2 जीतने वाली टीम फाइनल में अपना स्थान बनाएगी, जहां उसका सामना क्वालीफायर 1 की विजेता टीम से होगा। लंका प्रीमियर लीग की टूर्नामेंट निदेशक सामंथा डोडनवेला ने कहा कि इस संस्करण का समय सावधानीपूर्वक चुना गया है, ताकि खिलाड़ियों को वैश्विक क्रिकेट वर्ष की शुरुआत में अधिकतम अनुभव और उच्च-गुणवत्ता वाला मैच अभ्यास मिल सके।



# लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में करेंगे भारत का नेतृत्व

■ **श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से फिनलैंड के वंता में शुरु हो रहे आर्कटिक ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करेंगे।

वंता स्थित एनर्जिया एरिना में आज से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ में सेन के साथ श्रीकांत सहित पांच अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी शामिल हैं। पेरिस 2024 के



सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन में 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के अपने पहले फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन चाइना मास्टर्स में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें साल में नौवीं बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी। जून में यूएस ओपन जीतने वाले और इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी भी वंता में खेलेंगे। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपने पहले मुकाबले में पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुणालवुत वितिदसर्न से भिड़ेगा। एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुरुआत में प्रवेश सूची में थे, लेकिन अब टूर्नामेंट से हट गए हैं। वहीं महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में उभरते सितारे तान्या हेमंत और अनमोल खरब भारत का नेतृत्व करेंगी।

## एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम अलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शामिल भारतीय टीम का मुकाबला 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। दोनों मैच डोलेन मुर्जाकोव स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप विजेता टीमें अगले साल चीन में होने वाले 12 टीमों के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।



अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने गोवा में स्थानांतरित होने से पहले बेंगलुरु में अपना प्रशिक्षण शिविर जारी रखा। वे पहले मैच से छह दिन पहले मंगलवार को बिश्केक पहुचेंगे, ताकि किर्गिजस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल खुद को ढाल सकें।

एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है।

■ **क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा**

**गोलकीपर :** मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, थमीना फातिमा।

**डिफेंडर :** एलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइड्रोम, रितु बदाइक, तानिया देवी टोनम्बम।

**मिडफील्डर :** अभिस्ता बसनेट, अनीता डुंगडुंग, बोनिफिलिया शुलाई, जुलान नोंगमाईथेम, प्रीतिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मैच से पहले ही बिके सभी पब्लिक टिकट

■ **भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी**

**मेलबर्न,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 31 अक्टूबर को मेलबर्न में आयोजित होगा, जिससे पहले ही इस मैच की सभी पब्लिक टिकट बिक चुकी हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया है कि



31 अक्टूबर को होने वाले मैच से करीब तीन हफ्ते पहले ही, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दोनों देशों के बीच होने वाले टी20 मुकाबले के लिए पब्लिक टिकटों का आवंटन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, एमसीजी में खेले जाने वाले इस टी20 मैच के लिए एएफएल सदस्य टिकट सोमवार से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, जबकि एमसीसी सदस्य टिकट मंगलवार से उपलब्ध होंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इसके बाद कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन में टी20 सीरीज के पांच मैच आयोजित होंगे।

सीए के मुताबिक, मेलबर्न टी20 मैच के लिए टिकटों की जबरदस्त मांग भारत के सीमित ओवरों के दौरे को लेकर बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। दोनों देशों के बीच आठ मैचों के लिए अब तक 1,75,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। सिडनी और मनुका ओवल मैचों के लिए सार्वजनिक आवंटन पहले ही समाप्त हो चुके हैं।

## बांग्लादेश के खिलाफ पूरी ताकत से उतरेगी इंग्लैंड की महिला टीम

**गुवाहाटी,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां) अपने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 100 रनों के अंतर से मिली जीत उत्साहित इंग्लैंड की टीम मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के आठवें मैच में बांग्लादेश की महिलाओं के खिलाफ बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को पूरी ताकत के साथ उतरेगी। गुवाहाटी में होने वाला यह मुकाबला रोमांचक होने वाला है क्योंकि दोनों टीमें अपने शुरुआती मुकाबलों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में वर्चस्व की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड की महिलाओं का पहला मैच संतुलन और नियंत्रण का एक उत्कृष्ट उदाहरण था - टैमी ब्यूमोंट और एमी जोन्स ने आक्रामक लेकिन सोचे-समझे स्ट्रोक प्ले से एक बेहतरीन नींव रखी, जबकि स्पिनरों, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसे स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी क्रम को सटीकता से ध्वस्त कर दिया। कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी टीम का शानदार नेतृत्व किया और सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड का दबदबा कभी संदेह में न रहे। इस मुकाबले में कमजोर दिख रही बंगलादेश की महिला टीम, पाकिस्तान की महिलाओं को 113 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज है। रुबिया हैदर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली, जबकि शोरना अख्तर, मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर ने मिलकर पाकिस्तान को काबू में रखा और दिखाया कि इस बंगलादेशी टीम को कम नहीं आका जा सकता।

**आईसीसी महिला विश्व कप 2025**

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जूलियन का निधन

**केपटाउन।** वेस्टइंडीज की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का उत्तरी त्रिनिदाद के वाल्सेन शहर में शनिवार को निधन हो गया।

वह 75 वर्ष के थे। वह वेस्टइंडीज की 1975 की विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा थे और उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 24 टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच खेले। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बर्नार्ड जूलियन के परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज इस दुःख की घड़ी में आपके साथ है, और हम आशा करते हैं कि बर्नार्ड को यह एहसास था कि जिस क्रिकेट परिवार को उन्होंने आकार देने में मदद की, वह उन्हें महत्व देता था और प्यार करता था, और उन्हें यह जानकर शांति मिली होगी कि उनका योगदान हमेशा अमर रहेगा। आज से 5 साल पहले, पहले एकदिवसीय विश्व कप में, जूलियन ने ग्रुप चरण में श्रीलंका के खिलाफ 2 रन देकर 4 विकेट लिए थे और इसके बाद सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट लिए थे और फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली थी।

### जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स 225 के तीसरे दौर से बाहर

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स 225 के तीसरे दौर के मैच में नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ गंभीर ऐंठन के कारण चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

इटली के स्टार जैनिक सिनर कल शंघाई मास्टर्स 225 में डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ कड़े मुकाबले में गंभीर ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। जिस समय सिनर चोटिल होकर मुकाबले से हटे उस समय ग्रीक्सपूर 6-7 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे।

शुरुआती सेट बराबरी का था, जहां ग्रीक्सपूर की तेज सर्विस ने इतालवी खिलाड़ी के लिए हर तरह की मुश्किलें खड़ी कर दीं। कोई भी ब्रेक पॉइंट हासिल नहीं कर सका, जिससे पहला सेट टाईब्रेकर में चला गया और सिनर ने बढ़त हासिल कर ली और गर्मी और उमस भरे मौसम में 1-0 की बढ़त बना ली।

### द्वितीय फ्रेंड्स कप गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट 225 का भव्य शुभारंभ

**नई दिल्ली।** द्वितीय फ्रेंड्स कप गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट 225 का शुभारंभ आज यहां अंबेडकर स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा किया गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर की एनजीओ और वंचित वर्ग की 16 बालिका टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के माध्यम से सशक्तिकरण, समानता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन से पहले दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों स्वर्गीय भाटिया जी और स्वर्गीय रईस जी को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया और दिल्ली में फुटबॉल के विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया।

# [ अर्थ जगत ]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 2.96 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.62 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.61 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.01 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.98 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.88 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.23 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 1.07 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.97 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 0.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,16,954 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,47,176 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7906.25 |
| मसूर काली | 8172.79 |
| उड़द दाल | 10501.61 |
| मूंग दाल | 10155.41 |
| अरहर दाल | 10574.97 |

# वैश्विक अस्थिरता के बीच सरकारी क्षेत्र के बैंकों की स्थिति मजबूत

■ निजी बैंकों का कम हुआ मार्केट कैप
■ इंडसइंड बैंक का तीसरी तिमाही में सबसे खराब प्रदर्शन




**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक अस्थिरता के बीच सरकारी क्षेत्र के बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है और जुलाई-सितंबर तिमाही में पब्लिक सेक्टर बैंक (पीएसबी) के मार्केटकैप में इजाफा इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ समान अवधि में निजी क्षेत्र के बैंकों के मार्केटकैप में कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के मुताबिक, जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केटकैप 4.8 प्रतिशत कम हो गया है, जबकि इसी दौरान आईसीआईसीआई बैंक के मार्केटकैप में 6.7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। दोनों निजी क्षेत्र के बैंकों के मार्केटकैप में अप्रैल-जून तिमाही में मजबूती देखने को मिली थी। इसकी वजह जून तिमाही में केंद्रीय बैंक द्वारा बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाना और रेट कट करना है।

डेटा के मुताबिक, अन्य निजी क्षेत्र के बैंकों जैसे कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के मार्केट में भी जुलाई-सितंबर तिमाही में गिरावट हुई है। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने तीसरी तिमाही में सबसे खराब प्रदर्शन किया। इसके बाजार पूंजीकरण 15.7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि शीर्ष सात बैंकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपनी बाजार पूंजीकरण रैंकिंग बरकरार रखी है।

दूसरी तरफ सरकारी क्षेत्र के बैंकों के मार्केटकैप में जुलाई-सितंबर तिमाही में इजाफा हुआ है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मार्केटकैप में सितंबरतिमाही में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मार्केट कैप में 3.9 प्रतिशत और पंजाब नेशनल बैंक के मार्केट कैप में 2.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। केनरा बैंक के मार्केटकैप में 8.3 प्रतिशत और इंडियन बैंक के मार्केटकैप में 16.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

सरकार ने जीएसटी की दरों में कटौती की और उम्मीद है कि आगामी त्योहारी मांग और सामान्य बरसात के मौसम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

## भारत में सितम्बर में कारोबारी गतिविधियों में हुआ इजाफा

■ सर्विसेज पीएमआई 60.9 रहा

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विसेज सेक्टर में सितंबर में मजबूत बढ़त देखी गई है, जिससे एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेंसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 60.9 रहा है। यह जानकारी एसएंडपी ग्लोबल की ओर से सोमवार को जारी किए गए डेटा में दी गई। जब भी पीएमआई 50 से ऊपर रहता है तो कारोबारी गतविधियों में वृद्धि मानी जाती है। रिपोर्ट में कहा गया कि पीएमआई के आंकड़ों से भारत की सर्विस इकोनॉमी में निरंतर स्थिरता का संकेत मिला, जिसे मजबूत मांग, नई व्यावसायिक गतिविधियों और कंपनियों के बीच सकारात्मक दृष्टिकोण का समर्थन प्राप्त था। यह क्षेत्र इस वर्ष भारत के समग्र आर्थिक प्रदर्शन में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक रहा है। एचएसबीसी के चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट, प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के सर्विसेज सेक्टर में व्यावसायिक गतिविधि अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुई। अधिकांश ट्रैकर्स में सुधार हुआ, लेकिन सर्वेक्षण में ऐसा कुछ भी नहीं दिखा जिससे पता चले कि सर्विसेज में वृद्धि की गति में कोई बड़ी गिरावट आई है। फ्यूचर एक्टिविटी इंडेक्स मार्च के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो सर्विस प्रोडवाइडर कंपनियों में व्यावसायिक संभावनाओं को लेकर बढ़ती आशावादिता का संकेत देता है।

## भारत 6जी, एआई व सैटेलाइट कम्युनिकेशन में निभाएगा अहम भूमिका : सिंधिया



■ सिंधिया ने की आईएमसी एस्पायर प्रोग्राम की घोषणा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025, 8 अक्टूबर से शुरू होगा और इसमें ग्लोबल टेलीकॉम लीडर्स, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और नीति निर्माता एक छत के नीचे आएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि चार-दिन चलने वाले इस मेगा इवेंट में 6जी टेक्नोलॉजी के भविष्य, एआई नेटवर्क, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अगली पीढ़ी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सिंधिया ने कहा कि आईएमसी 2025 ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भारत के नेतृत्व को साबित करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर लिखा कि चार दिवसीय मेगा इवेंट ग्लोबल टेलीकॉम लीडर्स, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और नीति निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करेगा और 6 जी, एआई-नेटिव नेटवर्क, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अगली पीढ़ी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए रोडमैप को आकार देगा, जिससे ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भारत के नेतृत्व की पुष्टि होगी।

इस वर्ष स्टार्टअप्स पर केंद्रित कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, सिंधिया ने आईएमसी एस्पायर प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की, जो उद्यमियों को निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से जोड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पहली बार, इस कार्यक्रम में लगभग 500 स्टार्टअप्स और 300 वेंचर कैपिटलिस्ट, प्राइवेट इक्विटी प्रमोटर और निवेश बैंकर शामिल होंगे। आईएमसी 2025 स्टार्टअप्स और वेंचर फाइनेंसिंग के बीच एक सेतु का काम करेगा।

## सोने-चांदी के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोने की कीमतें सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर 3,900 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई है। इसकी वजह निवेशकों की ओर से सोने की लगातार खरीद करना है।

अमेरिकी फेड के द्वारा ब्याज दरों में कमी की संभावना के चलते सोने की मांग में लगातार उछाल देखा जा रहा है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोने की कीमत 1.22 प्रतिशत बढ़कर 3,956.70 डॉलर प्रति औंस पर थी। इसका डे-हाई 3,969 डॉलर प्रति औंस पर है। सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.25 प्रतिशत बढ़कर 1,19,595 रुपए पर पहुंच गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। कॉमेक्स पर चांदी की कीमत 0.68 प्रतिशत बढ़कर 48.29 डॉलर प्रति औंस पर है। अब तक इसका डे-हाई 48.49 रहा है। एमसीएक्स पर चांदी के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.98 प्रतिशत बढ़कर 1,47,176 रुपए हो गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बीते एक हफ्ते में बढ़कर 1,16,954 रुपए हो गई है।

## रेलवे के डाटाबेस के लिए सुरक्षा तंत्र तैयार करेगी एयरटेल




■ प्रतिदिन 13 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करती है रेलवे

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एयरटेल भारतीय रेलवे के डाटाबेस के लिए नये सिरे से एक बहुस्तरीय साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार करेगी ताकि यात्रियों की पहचान, उनके भुगतान के विवरण तथा टिकटिंग, माल ढुलाई और सिग्नलिंग से संबंधित संवेदनशील डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

एयरटेल बिजनेस को रेलवे के डाटाबेस की साइबर सुरक्षा के लिए भारतीय रेलवे सुरक्षा परिचालन केंद्र (आईआरएसओसी) से एक बहु-वर्षीय अनुबंध मिला है।

कंपनी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रेलवे प्रतिदिन 13 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करती है जिसमें दो करोड़ से अधिक यात्री सफर करते हैं। रोजाना लाखों की संख्या में ट्रांजेक्शन होते हैं और ट्रेनों में हर साल 1.5 अरब टन से अधिक माल की ढुलाई होती है। इन सब गतिविधियों से बहुत बड़े पैमाने पर डाटा भी सृजित होता है जिसकी सुरक्षा जरूरी है।

एयरटेल बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक शरत सिन्हा ने कहा कि आज के समय में जब बढ़ते साइबर जोखिम परिचालन निरंतरता, डाटा की अक्षुण्णता और यात्री सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, उन्नत सुरक्षा तंत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें विशाल रेलवे नेटवर्क और डाटाबेस वाले देश के सबसे जटिल और वृहत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आईआरएसओसी द्वारा विश्वसनीय भागीदार के रूप में चुने जाने पर गर्व है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि परिसंपत्तियों के संचालन, रखरखाव, उत्पादन और खरीद के लिए डिजिटल सूचना और संचार तकनीकों पर बढ़ती निर्भरता के कारण साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**सार संक्षेप**

### भुगतान नेटवर्क ट्विड ने शुरू किया यूपीआई ऐप

**बेंगलुरु।** अग्रणी रिवॉर्ड-आधारित भुगतान नेटवर्क ट्विड ने सोमवार को ट्विड यूपीआई ऐप की शुरुआत की घोषणा की। ट्विड की तरह ही उसके यूपीआई ऐप पर भी उपभोक्ताओं को रिवॉर्ड का लाभ मिलेगा। उपयोगकर्ता एक ही प्लेटफॉर्म पर कई बैंकों, ब्रांडों और कार्यक्रमों से अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को आसानी से लिंक और प्रबंधित कर सकते हैं। उपयोगकर्ता चेकआउट के समय अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को यूपीआई भुगतानों के साथ जोड़ सकते हैं, उन्हें तुरंत बचत में बदल सकते हैं और जेब से होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं। ट्विड ऐप पर प्रत्येक यूपीआई लेनदेन के साथ उपयोगकर्ता ट्विड स्टार्स अर्जित करेंगे, जिससे एक सुसंगत भुगतान अनुभव मिलेगा। ट्विड स्टार्स को विभिन्न व्यापारी भागीदारों के साथ एकत्रित किया और भुनाया जा सकता है। ट्विड के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कौशल ने कहा कि ट्विड में हमारा मिशन रिवॉर्ड्स को एक वास्तविक लोकप्रिय मुद्रा में बदलना है।


### फ्लाई 91 ने पेश किया स्मार्ट टिकट

**पणजी।** देश की प्रमुख क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 ने सोमवार को स्मार्ट टिकट की सुविधा लांच करने की घोषणा की। मुख्य रूप से दक्षिण और पश्चिम भारत में परिचालन करने वाली कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ग्राहक 1,991 रुपए का अतिरिक्त भुगतान कर स्मार्ट टिकट खरीद सकते हैं। इसके बाद वे यात्रा की तारीख में असीमित बार बदलाव कर सकते हैं, टिकट रद्द कराने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और उन्हें प्राथमिकता के आधार पहले बोर्डिंग की सुविधा दी जाएगी। साथ ही उन्हें यात्रा के दौरान कॉम्प्लिमेंट्री स्नैक्स और पेय पदार्थ मिलेगा। इसके अलावा 499 रुपये का वाउचर भी दिया जाएगा जिसका इस्तेमाल वे भविष्य की बुकिंग के लिए कर सकते हैं। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उन्हें पांच किलोग्राम अतिरिक्त बैगेज की सुविधा भी दी जाएगी। फ्लाई91 के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज चाको ने कहा कि आजकल यात्री किफायती किराये के साथ दिमागी शांति भी चाहते हैं।

### उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को दी धुएं से मुक्ति : पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि उज्ज्वला योजना रसोई गैस भर से बढ़कर खाना पकाने के दौरान महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने और पीएम मोदी के जन-केंद्रित नेतृत्व में परिवारों के लिए सम्मान लाने में अहम रही है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर लिखा कि इस नवरात्रि उज्वला योजना 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन का एक स्पेशल गिफ्ट लेकर आई। इतनी बड़ी पहुंच के साथ यह योजना अब देश के 1.6 करोड़ परिवारों के भविष्य को चमकाएगी। उन्होंने आगे कहा कि उज्ज्वला योजना को दुनिया के सबसे बड़े क्लीन फ्यूल मिशन के रूप में लांच किया गया था।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी




■ सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत चढ़कर 81,790.12 अंक पर रहा
■ निफ्टी 0.74 प्रतिशत उछलकर 25,077.65 अंक पर बंद
■ एफएमसीजी व धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक (0.72 प्रतिशत) चढ़कर 81,790.12 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी-50 सूचकांक भी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत उछलकर 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी देखी गई और एनएसई में आईटी समूह का सूचकांक 2.28 फीसदी मजबूत हुआ। वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य, ऑटो और रियलिटी सेक्टरों में भी अच्छी तेजी रही। वहीं, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियां दबावों में रहीं।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में कुल 3,216 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,386 के शेयरों में तेजी और 1,730 में गिरावट रही जबकि 100 कंपनियों के शेयरों के भाव अतत: पिछले दिवस के स्तर पर ही रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में तेजी रही। टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा का शेयर 2.62 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.61 और इटरनल का 2.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस का शेयर 1.98 फीसदी, बजाज फाइनेंस का शेयर 1.95 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा का 1.89, बजाज फिनसर्व का 1.74, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.49, मारुति सुजुकी का 1.26 और सनफार्मा का 1.22 प्रतिशत की तेजी में रहा। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे।

टाटा स्टील में सबसे अधिक 1.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर 1.23 फीसदी और पावर ग्रिड का 1.07 फीसदी टूट गया। टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 4.75 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.06 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

## टियर 2 व टियर 3 शहर कर रहे हायरिंग में तेजी का नेतृत्व




■ ई कॉमर्स, आतिथ्य व गिग भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि

**बेंगलुरु,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के टियर 2 और टियर 3 शहर सितंबर में हायरिंग में तेजी का नेतृत्व कर रहे हैं। इन शहरों ने मेट्रो मार्केट से आगे निकलते हुए सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करवाई है।

जॉब्स एंड टैलेंट प्लेटफॉर्म फाउंडइट की मंथली रिपोर्ट के अनुसार, कुल हायरिंग एक्टिविटी मजबूत रही हैं। फेस्टिव सीजन ने कंज्यूमर-फेसिंग सेक्टर में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया है, जिसमें 2024 की तुलना में अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। ई कॉमर्स, आतिथ्य और गिग भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।

फाउंडइट की मार्केटिंग उपाध्यक्ष अनुपमा भीमराजका ने कहा कि सितंबर में भर्ती की गति फेस्टिव डिमांड और टियर 2 तथा टियर 3 शहरों के लॉन्ग-टर्म टैलेंट हब के रूप में स्ट्रक्चरल उत्थान के एक पावरफुल कॉम्बिनेशन को दर्शाती है। भीमराजका ने आगे कहा कि हालांकि मेट्रो मार्केट लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन गैर-महानगरीय क्षेत्र इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह बदलाव एक विकेंद्रीकृत, डायवर्स और मजबूत रोजगार परिदृश्य को दर्शाता है, जो नौकरी चाहने वालों के लिए अवसर पैदा करता है और देश भर के नियोक्ताओं के लिए रणनीतिक लाभ प्रदान करता है।

आईटी, बीएफएसआई और मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर ने दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता जैसे टियर-1 शहरों में नियुक्तियों को बढ़ावा दिया।

## प्रतिभूति बाजार ईमानदारी व पारदर्शिता पर चले यह हमारी साझा जिम्मेदारी : पांडे




■ देश के विकास इंजन हैं प्रतिभूति बाजार

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ने बाजारों को हमारे लिए काफी आसान बना दिया है, लेकिन इसने धोखेबाजों को निवेशकों को धोखा देने के लिए नए टूल्स से भी लैस कर दिया है।

सेबी प्रमुख ने कहा कि प्रतिभूति बाजार हमारे देश के विकास इंजन हैं और यह सुनिश्चित करना हमारी साझा जिम्मेदारी है कि यह इंजन ईमानदारी और पारदर्शिता की मजबूत नींव पर चले। 6 से 12 अक्टूबर तक चलने वाले वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2025 आयोजन के शुभारंभ पर सेबी चेयरमैन पांडे ने कहा कि मुझे आज भारत में वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2025 के सप्ताह भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करने के लिए यहां उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह आईओएससीओ द्वारा इंवेस्टर एजुकेशन और प्रोटेक्शन के महत्व को उजागर करने के लिए एक ग्लोबल कैंपेन है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत के लिए आयोजन की थीम फ्रॉड एंड स्कैम्स, प्रिवेंशन एंड बेसिक्स ऑफ इंवेस्टिंग रखी गई है। सेबी चेयरमैन पांडे ने जानकारी देते हुए कहा कि हमने हाल ही में एक इंवेस्टर सर्वे के निष्कर्ष जारी किए हैं, जिसे सेबी ने एएमएफआई, एनएसई, बीएसई, एनएसडीएल और सीडीएसएल के सहयोग से करवाया था।

सेबी प्रमुख ने कहा कि 90,000 से अधिक परिवारों को शामिल करते हुए यह विशाल सर्वे हमें भारत के निवेश परिदृश्य की एक स्पष्ट, डेटा-ड्रिवन तस्वीर प्रदान करता है। इस सर्वे से प्राप्त जानकारी हमारे लिए मार्गदर्शक होगी क्योंकि हम अपने बाजारों को अधिक समावेशी और सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय निवेशकों के उदय की सराहना की गई है। बढ़ी हुई पहुंच, सरल ऑनबोर्डिंग और व्यापक जागरूकता के कारण प्रतिभूति बाजार इकोसिस्टम में यूनिक निवेशकों की संख्या बढ़कर 134 मिलियन हो गई है।

## परंपरागत कृषि विकास योजना भारत में ऑर्गेनिक फार्मिंग को दे रही बढ़ावा



■ लाखों किसानों को बना रही सशक्त
■ लगभग 15 लाख हेक्टेयर भूमि पर हो रही ऑर्गेनिक फार्मिंग

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जैसे-जैसे भारत कृषि परिवर्तन के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है, परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को मेनस्ट्रीम एग्रीकल्चर मूवमेंट में बदल दिया है। इसी क्रम में इस वर्ष जनवरी 30 तक पीकेवीवाई के तहत 2,265.86 करोड़ रुपए रिलीज किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत पीकेवीवाई के लिए लगभग 205.46 करोड़ रुपए जारी किए गए।

आंकड़ों के अनुसार, लगभग 15 लाख हेक्टेयर भूमि पर ऑर्गेनिक फार्मिंग हो रही है, 52,289 क्लस्टर बनाए गए हैं और इस वर्ष फरवरी तक 25.30 लाख किसान को इसका लाभ मिला है। 2023-24 में अपनाए गए मौजूदा 1.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में काम जारी है; 2024-25 में 1.98 लाख हेक्टेयर नए क्षेत्र को तीन-वर्ष के कन्वर्जन के तहत रखा गया है। 2023-24 में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 50,279 हेक्टेयर और पश्चिम बंगाल में 4,000 हेक्टेयर भूमि को लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत अडॉप्ट किया गया है। डेटा के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 तक 10,000 एफपीओ के फॉर्मेशन और प्रमोशन के तहत केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत 9,268 एफपीओ का रजिस्ट्रेशन हुआ। कार निकोबार और नानकॉरी आइलैंड में 14,491 हेक्टेयर भूमि को एलएसी के तहत ऑर्गेनिक सर्टिफाइड किया गया है।

लक्षद्वीप में कुल 2,700 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि अब सर्टिफाइड ऑर्गेनिक है। सिक्किम में लगभग 60,000 हेक्टेयर भूमि को एलएसी के तहत 96.39 लाख रुपए की सहायता दी गई; अब सिक्किम एलएसी के तहत दुनिया का एकमात्र 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक राज्य है। दिसंबर 2024 तक, जैविक खेती पोर्टल पर 6.23 लाख किसान, 19,016 स्थानीय समूह, 89 इनपुट सप्लायर और 8,676 खरीदार रजिस्टर्ड हो चुके थे। सरकार के अनुसार, पिछले एक दशक में, पीकेवीवाई भारत के ऑर्गेनिक फार्मिंग मूवमेंट की आधारशिला बन गया है।

## बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर के विस्तार को मिली नई गति

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने रक्षा मंत्री राजनाथ से की विस्तृत चर्चा



### भूमि हस्तांतरण और इंडस्ट्रियल पार्क विकास पर हुई सार्थक पहल

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट, चकरभाठा (बिलासपुर) के विस्तारीकरण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू भी शामिल रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने रक्षा मंत्रालय के अधीन लगभग 100 एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया, जिससे बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की दिशा में निर्णायक प्रगति हो सके।

दोनों नेताओं ने बताया कि भूमि उपलब्ध होने पर एयरपोर्ट के विस्तार कार्य को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ किया जाएगा, जिससे बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई संपर्क, व्यापारिक गतिविधियों और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

यह क्षेत्र राज्य के मध्य भाग में स्थित होने के कारण भौगोलिक रूप से रणनीतिक महत्व रखता है। इस कारण से बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का विकास न केवल यात्रियों की सुविधा, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति और निवेश आकर्षण के लिए भी आवश्यक माना जा रहा है।

बैठक में एयरपोर्ट परिसर के समीप 'इंडस्ट्रियल पार्क' विकसित करने की संभावनाओं पर भी सकारात्मक विमर्श हुआ, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन और उद्योगों के लिए बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके।

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के लिए राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति को दिया न्यौता



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तथा उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से सौजन्य भेंट की।

राष्ट्रपति भवन में हुई बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित किए जा रहे विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा उन्हें छत्तीसगढ़ आगमन एवं 5 नवम्बर, नया रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के समापन समारोह में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं, राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की तथा प्रदेश के विकास संबंधी विषयों पर मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया। बाद में, मुख्यमंत्री श्री साय और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से भी मुलाकात की और उन्हें भी छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। उपराष्ट्रपति ने स्नेहपूर्वक छत्तीसगढ़ आगमन की सहमति प्रदान की, जिसे संपूर्ण प्रदेश के लिए गौरव, सम्मान और अपार हर्ष का क्षण बताया जा रहा है। इन उच्चस्तरीय मुलाकातों को छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राज्य और केंद्र के बीच सहयोग, विकास और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# कैंसर के चौथे स्टेज पर था बुजुर्ग सिम्स के चिकित्सकों ने दिया नया जीवन



**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। डराने के लिए कैंसर का नाम ही काफी है शुरूआती अवस्था में कोई तकलीफ दर्द नहीं होने के कारण बिलासपुर निवासी मरीज इसे नजरअंदाज या लापरवाही के चलते ध्यान नहीं देता है, परन्तु जब तक कुछ तकलीफ हो तब तक मरीज का कैंसर बहुत आगे की चरण तक पहुंच चुका होता है तब यह जानलेवा और खतरनाक भी हो जाता है।

कुछ ऐसी परिस्थिति से संघर्ष करते हुए बिलासपुर निवासी मरीज लक्ष्मण 61 वर्षीय मुंह में कैंसर के ग्रसित सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग में इलाज के लिए पहुंचा। तंबाकू के कई वर्षों का सेवन करने से उसके मुंह में कैंसर हो गया था, लेकिन सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों ने जटिल इलाज व सर्जरी से मरीज की जान बचाने के सफल हुए है। चूंकि उम्र अधिक होने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घट जाती है। इस स्थिति में इलाज करना चुनौती पूर्ण हो जाता है।



मरीज का कैंसर इतना बढ़ गया था, कि गले में उपस्थित लिंफ नोड में सूजन काफी बड़ा हो गया था। जिसका साइज 7×6 सेमी बढ़ गया था। जांच में पाया गया की कैंसर की अंतिम स्टेज से ग्रसित होने की पुष्टि हो गई। दंत चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों ने सर्जरी का निर्णय लिया, इलाज के लिए आवश्यक खून जांच एक्स-रे और सिटी स्कैन कराकर सुनियोजित तरीके से 7-8 घंटे की जटिल सर्जरी कर पूरा किया गया। इस सर्जरी को तीन भागों में किया गया। इसमें कैंसर के साथ संक्रमित जबड़े के हिस्से को निकाला गया। कैंसर जो गर्दन में फैल गया था, उसको निकाला गया और अंत में कैंसर को निकालने के बाद खाली जगह पर छाती से मांस जिसे पीएमएमसी फ्लैप कहते हैं, का टुकड़ा निकालकर लगाकर सर्जरी पूरी की गई।

सर्जरी को डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन में किया गया। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. संदीप प्रकाश (ओरल एवं मैक्जिलोफेसियल सर्जन) विभागाध्यक्ष, डॉ. जण्डेल सिंह ठाकुर, डॉ. केतकी किनिकर, डॉ. हेमलता राजमणी, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल, के अलावा निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, एवं मेजर ओटी के अन्य चिकित्सक, स्टाफ, वार्ड बॉय तथा रेडियोडायग्नोसिस की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह एवं उनके अन्य स्टाफ सहित, सबके संगठित सहयोग से किया गया है। छ.ग. आयुर्विज्ञान सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन से दंत चिकित्सा विभाग कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। समय समय पर दंत चिकित्सा विभाग श्रेष्ठता साबित कर रहा है।

# निगम की सामान्य सभा की बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा गूंजा

### मेयर सत्तारूढ़ दल और विरोधी -पार्षदों में जमकर हुआ नोकझोंक, 25 मिनट में 38 प्रस्ताव पारित,कांग्रेस पार्षद के खिलाफ दर्ज एफ आई आर का मामला उठा

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देने प्रस्ताव लाया गया गया तो कांग्रेसी पार्षदों ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे जोर शोर से लगाए । बैठक में तीखे वाद-विवाद, नारेबाजी होती रही। बैठक आरोप-प्रत्यारोप के साथ काफी हंगामेदार रही। बैठक में कांग्रेस पार्षद गायत्री लक्ष्मी नाथ साहू के खिलाफ पुलिस ने दर्ज एफ आई आर को लेकर विपक्षी पार्षदों ने जमकर विरोध और हंगामा किया। तीखी बहस के बीच सदन का माहौल गर्म हो गया जिससे सभापति को बैठक एक घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा।



कांग्रेस पार्षद के खिलाफ एफ आई आर को लेकर सभापति विनोद सोनी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जनता की समस्या लेकर निगम के पास आने वाले जनप्रतिनिधियों पर इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य है। 35 साल की राजनीति में ऐसा पहली बार हुआ कि किसी पार्षद पर एफ आई आर दर्ज की गई। उन्होंने निगम आयुक्त को भविष्य में ऐसी स्थिति न बनने देने की सलाह दी।

बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई। जी एस टी में कटौती को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया, तो विपक्ष ने विरोध में वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारे लगाकर सदन का माहौल और गरमा दिया।वहीं सत्ता पक्ष की ओर से मोदी-मोदी के नारे लगाए गए, जिससे सामान्य सभा का माहौल काफी गरमा गया।

सभा के दौरान पार्षद रीता कश्यप ने मेयर पर आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्षदों के वार्डों की उपेक्षा की जा रही है और मेयर फोन तक नहीं उठातीं। इस पर मेयर पूजा विधानी ने पलटवार करते हुए कहा कि वार्ड में रहोगे तभी पता चलेगा कि काम कितना हो रहा है। मेयर ने पार्षद पुष्पेंद्र साहू को लेकर भी कहा कि वे अपने वार्ड में नहीं रहते, सिर्फ उनके पिता से मुलाकात होती है। मेयर ने कहा कि उन्हें पद संभाले अभी छह महीने ही हुए हैं, कोई जादू की छड़ी नहीं कि एक झटके में सारे काम पूरे हो जाएं।

***बैठक व्यवस्था को लेकर भाजपा पार्षदों का विरोध***

सभा शुरू होने से पहले भाजपा पार्षद तिलक साहू ने बैठक व्यवस्था पर आपत्ति जताई और कहा कि प्रोटोकॉल के तहत बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो वे बैठक से बाहर चले जाएंगे। भाजपा पार्षद मोती गंगवानी ने स्मार्ट सिटी स्कूल में चोरी के मामले पर नाराजगी जताते हुए इस्तीफा देने तक की चेतावनी दी। हंगामे और स्थगन के बावजूद निगम की कार्रवाई दुबारा शुरू हुई तो 38 प्रस्ताव तथा 7 अतिरिक्त प्रस्ताव पारित कर दिए गए। इनमें 27 एजेंडे जाति प्रमाणपत्रों से संबंधित रहे, जबकि अन्य प्रस्तावों में शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों, नालियों, सड़कों और प्रकाश व्यवस्था को लेकर निर्णय लिए गए।

***मुख्य प्रस्तावों में***

व्यापार विहार में जीएसटी कार्यालय के सामने 4.90 करोड़ रुपये की लागत से कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण, सकरी क्षेत्र में बुजुर्गों के लिए कम्युनिटी हॉल,सिरगिट्टी में आधुनिक स्पोर्ट्स क्लब, और देवरीखुर्द व सिरगिट्टी में जलापूर्ति सुधार के लिए 7.64 करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल रही। साथ ही 1.31 करोड़ रुपये की स्ट्रीट लाइट परियोजना को भी मंजूरी दी गई।

***विपक्ष ने उठाए सफाई और निर्माण कार्यों के मुद्दे***

कांग्रेस पार्षदों ने नाली, सड़क और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। पार्षद अब्दुल खान ने 'सुशासन तिहार' के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर जवाब मांगा और पूछा कि कितनी राशि जारी की गई और अब तक कितना काम हुआ? विपक्ष ने आरोप लगाया कि सफाई व्यवस्था और पाइपलाइन मरम्मत कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है।

बैठक के अंत में सभापति विनोद सोनी ने कहा कि निगम प्रशासन को पारदर्शिता और संवाद बनाए रखना चाहिए। जनता की सेवा के लिए चुने गए जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई का संदेश गलत जाता है। निगम आयुक्त इस बात पर ध्यान दें कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

# खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने किया जिले का सघन दौरा

### खाद्यान्न वितरण शुरू नहीं करने पर राशन दुकान निलंबित

### आयोग की कॉल सेंटर का नंबर हर राशन दुकान में लिखाने के निर्देश

### स्कूली बच्चों को चावल के साथ पर्याप्त मात्रा में दें दाल और सब्जी

### स्कूल, छात्रावास,आंगनबाड़ी का किया सघन निरीक्षण

### मंथन में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर दिए कई निर्देश

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं सदस्य श्रीमत्ति ज्योति कश्यप, राजेन्द्र महिलांगे तथा सचिव राजीव जायसवाल के द्वारा आज बिलासपुर जिले के दौरे पर रहे। अध्यक्ष श्री शर्मा ने भ्रमण के बाद जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल की उपस्थिति में जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में खाद्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम के आयोग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने समीक्षा बैठक में राज्य खाद्य आयोग का शिकायत कॉल सेन्टर नम्बर 18002333663 एवं 1967 का उचित मूल्य दुकानों, मध्यान्ह भोजन संचालित स्कूलों, छात्रावासों, आगंनबाड़ी केन्द्रों में प्रदर्शित कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही फोर्टिफाईड चावल के लाभ एवं उपयोग की जानकारी के व्यापाक प्रचार-प्रसार करने एवं इस बारे में प्रामाणिक जानकारी चस्पा कराने के निर्देश दिये गये।

अध्यक्ष संदीप शर्मा ने समीक्षा बैठक के पूर्व भ्रमण के दौरान जिले के विकासखण्ड बिल्हा में स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बिल्हा एवं प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बिल्हा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बिल्हा में गंभीर अव्यवस्था पायी गयी। छात्रावास में निवासरत् छात्रों हेतु मूलभूत सुविधाओं में खामी पायी गई तथा छात्रावास के अधीक्षक प्रशांत धर दीवान के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बिलासपुर को दिये गए। इसके बाद बिल्हा के ग्राम भैंसबोड स्थित आगंनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया ।आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युत कनेक्शन नहीं होना पाया गया, जिसकी तत्काल व्यवस्था करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष ने इसके बाद शहर के स्वामी आत्मानंद स्कूल चिंगराजपारा में मध्यान्ह भोजन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्कूल में संचालित मध्यान्ह भोजन के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन प्रभारी शिक्षक एवं प्रधान पाठक को निर्देशित किया गया कि छात्र-छात्राओं के लिये बनाये जाने वाले दाल की मात्रा छात्रों की संख्या से कम पाया गया तथा निर्देश दिया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप प्रतिदिन दाल की मात्रा मध्यान्ह भोजन रसोईये को प्रदाय किया जावे एवं छात्रों को परोसा जावे। इसकी कड़ी निगरानी करने हेतु मध्यान्ह भोजन प्रभारी एवं प्रधान पाठक को निर्देशित किया गया। उन्होंने विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम भैसबोड स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान उचित मूल्य दुकान भैसबोड़ के संचालक द्वारा अक्टूबर माह की खाद्यान्न के भण्डारण की प्राप्ति ई-पॉस मशीन में नहीं लिया जाना पाया गया, जिसके कारण माह अक्टूबर 2025 का वितरण आज दिनांक तक प्रारंभ नहीं हुआ था। उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप दुकान का संचालन नहीं करने के कारण दुकान निलंबित करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिये गये। नगर पालिक निगम बिलासपुर के चिंगराजपारा में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं सरकण्डा स्थित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अध्यक्ष द्वारा उचित मूल्य दुकान एवं छात्रावास की व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया गया एवं कुछ व्यवस्थागत सुधार के लिये सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया गया।



# खाद्य उत्पादों पर जर्मनी के निदेशकों को प्रोत्साहित किया वाणिज्य मंत्री ने



### लखनलाल की कोलमेसे के सीईओ ओलिवर से भेंट

**कोरबा,** 06 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व के सबसे बड़े खाद्य प्रदर्शनी आयोजन अनुगा, जर्मनी में मंत्री स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। उनकी कोलमेसे जीएमबीएच के सीओओ ओलिवर फ्रेस्से से भेंट हुई। मंत्री श्री देवांगन ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में सार्थक संवाद किया।

इसके साथ ही, मिलिंद दीक्षित - प्रबंध निदेशक, कोलमेसे जीएमबीएच, भारत एवं सार्क देशों तथा समीर मितिया - समूह निदेशक, कोलमेसे जीएमबीएच के साथ भी बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी छत्तीसगढ़ राज्य के नवीन औद्योगिक विकास नीति और औद्योगिक परिदृश्य की जानकारी उद्योग मंत्री ने दी तथा राज्य द्वारा औद्योगिक पार्कों, विशेष रूप से खाद्य पार्कों में निवेश हेतु दी जा रही प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की उपलब्धियों को रेखांकित किया। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। राज्य गैर-बासमती चावल, इमली एवं मूल्य संवर्धित वन उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु निवेश आकर्षित करने हेतु संवाद किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के डायरेक्टर प्रभात मालिक भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बिजली दफ्तर घेरा,पुलिस के साथ तीखी बहस

### मुख्य अभियंता को ताला और ज्ञापन सौंपा गया



**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ( ग्रामीण /शहर ) द्वारा तिफरा में बिजली कार्यालय का घेराव किया गया । घेराव के पूर्व कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए , बिल्हा ,तिफरा, तखतपुर, बिलासपुर शहर, बेलतरा ,सिरगिट्टी, मस्तूरी , सेबड़ी संख्या में कांग्रेसजन , सेवादल, महिला, कांग्रेस, युवा कांग्रेस,एनएसयूआई सहित मोर्चा,विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल हुए ।बिजली कार्यालय तिफरा के पास सुबह 11.00 बजे से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। लगभग डेढ़ बजे कांग्रेसजन कांग्रेस भवन से ,कार,बाइक और स्कूटर में बैठकर बिजली कार्यालय के घेराव के लिए नारे लगाते हुए निकले कांग्रेसियों के हाथों में नारे वाली तख्ती थी,जिसमे नारे लिखे हुए थे। बिजली बिल में बढ़ोतरी बन्द करो जैसे कई नारे लिखे थे।

बिजली कार्यालय पहुंचने के पहले से ही मुख्य गेट पर ताला जड़ा हुआ था ,गेट के अंदर और बाहर सीएसपी ,टीआई तैनात थे ,जबकि गेट पर सिपाही ,महिला पुलिस लगे हुए थे, कांग्रेसजन गेट में पहुंच कर नारे लगाते रहे, कुछ उत्साही गेट पर चढ़ने के लिए उतारू थे, लगभग डेढ़ घण्टे तक कांग्रेसजन गेट के बाहर नारेबाजी करते रहे,फिर अचानक गेट को पार करते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेसजन नारे लगाते हुए बिजली कार्यालय परिसर में प्रवेश कर गए ,पुलिस कांग्रेसियों को रोकने के लिए भरपूर कोशिश करती रही ,पर कांग्रेसजन इतने जोश में थे कि मुख्य कार्यालय के सामने जाकर धरने में बैठ गए , पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य कार्यालय के सामने ताले लगाकर गेट पर डटी रही , ज़िला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय के नेतृत्व मे कांग्रेस जन तालेबंदी के लिए मुख्य कार्यालय की ओर कुच करने लगे ,जिससे पुलिस में अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई ।पुलिस और कांग्रेसियों के बीच बहस बाज़ी होने लगी,जबकि बिजली विभाग के अधिकारी वही उपस्थित थे। कांग्रेसजनों ने सांकेतिक तालेबंदी के रूप में मुख्य अभियंता को एक ताला भेंट किया।

ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी,शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ,पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, ॠषि पांण्डेय, जावेद मेमन, लक्ष्मीनाथ साहू ने ज्ञापन सौपा और कहा कि 21 वी सदी में बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ की जनता 19 वी सदी में जीने को मजबूर है ,बिजली गुल है ,और बिजली बिल बढ़ी हुई आ रही है ,मिट्टी तेल बाजार से गायब है फिर जनता क्या करे? विष्णुदेव सरकार ने दीया तले अंधेरा कर दिया है ।

ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादक राज्यो में अग्रणी है ,जहां से कई राज्यो को बिजली बेची जाती है, किन्तु इस प्रदेश की जनता का दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में बिजली दरें अन्य राज्यो के बराबर है या अधिक है, जो राज्य खरीद कर बिजली देते है,उन राज्यो में भी अपने उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध करा रहे है।

छत्तीसगढ़ के जल,जंगल,जमीन उद्योगपतियों के नाम कर दिया गया, पर उसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को नही मिल रहा है,पर्यावरण दूषित हो रहा है, बिजली घण्टो घण्टो गुल रहती है, फिर भी बिजली बिल हजारों में आ रहा है, बिजली दरें बढ़ रही है, बिजली विभाग लाभ देने वाला विभाग है फिर भी बिजली दर लगातार बढ़ाया जा रहा है, डेढ़ वर्ष में चौथी बार दर वृद्धि हुई है, सरप्लस बिजली वाले राज्य में दर क्यो बढ़ रहा है ?

विजय केशरवानी ने कहा कि बिजली विभाग बड़े बड़े उद्योगों से करोड़ो रुपये के बिजली बिल बकाया है, सरकारी विभागों में बिजली बिल बकाया है उसे वसूलने में विभाग गम्भीर नही है और उसकी भरपाई गरीब जनता के जेब मे डाका डालकर कर रहा है।

भूपेश सरकार ने किसानों को पर्याप्त बिजली दी , और पांच वर्षों में कोई बढ़ोत्तरी नही की गई,बिजली विभाग में पोस्ट खाली है, मेन्टेन्स करने के लिए कर्मचारी नही है, खम्भे पुराने है, ओवरलोड है विभाग के पास लगाने के लिए ट्रांसफार्मर नही है, संसाधनो में जबरदस्त कमी है,छत्तीसगढ़ में पर्याप्त कोयला होते हुए भी बाहर से कोयला ख़रीदने के लिए कम्पनियों को बाध्य किया जा रहा है ,जिससे भी बिजली दरों में बढ़ोतरी हो रही है, भोलीभाली जनता महंगाई से जूझ रही है उसमें बिजली बिल में वृद्धि और परेशान किया जा रहा है ।

घेराव में राजेन्द्र साहू,पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, रविन्द्र सिंह, पंकज सिंह, देवेंन्द्र सिंह, विश्वम्भर गुलहरे, शिवा मिश्रा, जितेंद पांण्डेय, राकेश शर्मा, ॠषि पांण्डेय, समीर अहमद, जावेद मेमन, लक्ष्मीनाथ साहू, विनोद साहू, अखिलेश गुप्ता, मोती ठारवानी, राजू यादव, मोह अयूब, शिल्पी तिवारी ,सतकली बावरे, अंजू सोनी, अन्नपूर्णा ध्रुवव, प्रीति पाटनवार, अज़रा खान, शारदा नगरकर, उत्तरा सक्सेना, अशोक शुक्ला, शिव बालक कौशिक, सुभाष ठाकुर, देवेंन्द्र मिश्रा, अशोक सूर्यवँशी, शैलेन्द्र जायसवाल, पुत्तन दुबे, सुरेंद्र तिवारी, विनय वैद्य, रमजान गौरी, मोह अयाज, वसीम बक्श, मनीष गढेवाल, बजरंग बंजारे, हितेश देवांगन, कमल कश्यप, बालचन्द साहू, राजेश शुक्ला, पवन साहू, पवन सोनी, पंकज राही, आदेश पांण्डेय, चंद्रकांत सोनी ,दीपक रायचेलवार, अमृतांश शुक्ला, अनिल पांण्डेय, राकेश यादव, रमेश ठाकुर, शिव यादव, संतराम सर्वा, रामायण रजक, रमाकांत साहू, गौरव सिंह, सचिन भवानी, मुकेश साहू, विकास साहू आदि उपस्थित थे।

NECC

| 07.10.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 530 | 85 | 180 |
| चिल्हर | 6.50 | 120 | 205 |
| डिलीवरी | 545 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771